दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
झांसी ■ शुक्रवार 04 जुलाई 2025 ■ वर्ष -18 ■ अंक-355 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**
अगर भाग्य पर भरोसा है तो जो तकदीर में लिखा है वहीं पाओगे, और अगर खुद पर भरोसा है तो जो चाहोगे वहीं पाओगे।

यूपी कैबिनेट का अहम फैसला

# जेपीएनआईसी का संचालन करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्रस्ताव को दी मंजूरी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने फैसलों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अहम फैसला लेते हुए जेपीएनआईसी के संचालन की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई। लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी दे दी गई है।



## मिशन को चलाएंगी पांच प्रमुख इकाइयां

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी, जिसमें शासी परिषद, राज्य संचालन समिति, राज्य कार्यकारिणी समिति, राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) और जिला कार्यकारिणी समिति होगी।

### हर साल प्रदेश के एक लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार

गुरुवार को कैबिनेट बैठक में 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। इस मिशन का उद्देश्य सीधे राज्य सरकार के माध्यम से न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नौकरी के अवसर दिलाना है। मिशन के गठन के बाद हर वर्ष एक लाख युवाओं को देश और 30 हजार को विदेशों में रोजगार दिलाया जाएगा। श्रम मंत्री ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था।

**बैठक में इन प्रस्तावों को दी गई मंजूरी**

- बैठक में बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलमेंट अथॉरिटी एरिया रेगुलेशन 2025 को मंजूरी दी।
- औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति - 2022 के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की दिनांक 20 मार्च, 2025 एवं 27 मार्च 2025 को सम्पन्न बैठक में की गई संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया।
- उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशंस - 2025 लागू करने को मंजूरी।
- राज्य सरकार की समेकित वित्तीय प्रणाली प्रबंध प्रणाली (इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम - IFMS) के उन्नयन हेतु इलेक्ट्रिनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक संस्था-सेंटर फार डेवलपमेंट आफ एडवान्स कम्प्यूटिंग को नामांकन के आधार पर अनुबंधित किए जाने को मंजूरी।
- यूपी में निजी क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर, गाजियाबाद की स्थापना को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली 1975 में संशोधन को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग वेटनरी फार्मासिस्ट सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मंजूरी।

## ब्रीफ न्यूज

### पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ विज्ञापन चलाने पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने डाबर की याचिका पर अंतरिम निषेधाज्ञा जारी की। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है। पतंजलि के विज्ञापन में दावा किया गया है कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है-जो सामान्य अपमान है। विज्ञापनों में गलत और भ्रामक बयान दिए गए हैं। इसमें डाबर च्यवनप्राश के साथ अपमानजनक तुलना की गई है।

### दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर लगा बैन हटा

**नई दिल्ली।** एक जुलाई से दिल्ली की सड़कों से पुराने वाहनों को बैन करने का फैसला किया गया है। इसका आधार समय सीमा था, जिसके तहत पेट्रोल की 15 साल पुरानी और डीजल की 10 साल पुरानी गाड़ियों को रोड पर चलने से बैन किया गया था। अब इस नीति में बदलाव किया गया है। नये अपडेट के मुताबिक केवल प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों को हटाया जाएगा। उन गाड़ियों को नहीं हटाया जाएगा, जिनकी समय सीमा समाप्त हो गई है। यानी पुरानी गाड़ियों पर लगा बैन हटा लिया गया है।

### सीयू ने ग्लोबल-नेशनल रैंकिंग में लगाई छलांग

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) ने दुनिया की शीर्ष दो फीसदी में शामिल होकर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में 575वीं रैंक हासिल की है। सीयू ने सूची में शामिल होने 125 स्थान की छलांग लगाई है। साथ ही देश में सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में भी सीयू 18वीं से बढ़कर 16वीं रैंक पर पहुंच गई है। भारत की निजी यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने पिछले वर्ष तीसरी रैंक से बढ़कर दूसरी रैंक पर पहुंच गई है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 54 भारतीय यूनिवर्सिटीज को शामिल किया गया है।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा-

# हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है

## पीएम मोदी घाना में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

### ग्लोबल साउथ को नहीं किया जा सकता अनदेखा

एजेंसी ■ अकारा

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे हैं। गुरुवार को घाना ने पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आभार जताया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत हैं। भारत-घाना समावेशी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। घाना में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी से विकास हुआ है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा- दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। वहीं भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है।



**तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का घाना दौरा**

उन्होंने कहा घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी। पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे दूरदर्शी राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें हमें अलग रखने वाले आरोपित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### पीएम बोले- वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है

**मोदी ने आगे कहा कि भारत में 2500 राजनीतिक दल हैं। 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रही हैं। यही वजह है कि भारत में आने वाले लोगों को भारत में भव्य स्वागत होता है। घाना में भारत के लोग उसी तरह घुले-मिले हैं जैसे चाय में शक्कर मिली होती है। जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं जो साहस के साथ खड़ा है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है।**

### प्रभावी सुधारों की जरूरत

जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है। वैश्विक दक्षिण को आवाज दिए बिना प्रगति नहीं हो सकती... हमें गर्व है कि हमारे कार्यकाल के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया।

### भारत करता है सबके भले की बात

पीएम मोदी ने इस मौके कहा कि दुनिया ने कोरोना काल का संकट भी देखा और भारत ने दुनिया के तमाम देशों को वैक्सीन भेजे। हमारा मंत्र सबका साथ-सबका विकास है। लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, दुनिया उतनी ही सशक्त बनेगी। भारत सबके भले की बात करता है। वैश्विक उठापटक सबके लिए चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने शांति, सुरक्षा और विकास में अपना विश्वास जताया है। भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मैं आपको भारत की नई संसद देखने के लिए आमंत्रित करता हूं। आप देख पाएंगे कि हमने भारतीय संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का साहसिक कदम उठाया है।

देश में कई जगह बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# हिमाचल में बादल फटने के बाद 56 लोग अभी भी लापता

## मरने वालों की संख्या 19 पहुंची



एजेंसी ■ नई दिल्ली/ शिमला/ मंडी

देश के कई राज्यों में हो रही बारिश से कई राज्यों में बाढ़ से भारी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। है। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से हुई तबाही में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मंडी जिले में लापता लोग 34 से बढ़कर 56 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 46 लोग सराज क्षेत्र के हैं। थुनाग में आठ, गोहर में छह लोगों की मौत, करसोग में एक की मौत, कांगड़ा में दो, नादौन और जोगिंद्रनगर में एक-एक जान गई है। 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद रेस्क्यू और आपदा राहत के लिए वायुसेना की मदद मांगी है। सराज के थुनाग में 16, पखरैर में 18, जरोल में 7, चिऊणी में 4 और पांडवशीला में एक व्यक्ति लापता है। गोहर उपमंडल के स्यांज और बाड़ा परवाड़ा में छह लोगों की मौत हुई हैं आठ लापता हैं। करसोग उपमंडल में एक की मौत हुई है। जबकि दो लोग लापता हैं। बादल फटने और भूस्खलन के चलते थुनाग और जंजैहली उपमंडल में सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। कई क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हैं। सीजन में अब तक 63 की मौत हो चुकी है।

### सीएम धामी ने अस्थाई रूप से रोकी चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। SDRF की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

# तेलंगाना दवा प्लांट विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता

### डीएनए से होगी पहचान, 40 से अधिक की हो चुकी है मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता हैं। इसमें पांच श्रमिक ओडिशा के हैं। विस्फोट के बाद मिले अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए का मिलान किया जाएगा। इसके साथ ही विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए राज्य सरकार की विशेष टीम ने घटनास्थल का दौरा किया।



विस्फोट में अब तक 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। एसपी ने कहा कि नौ लोग लापता हैं लेकिन जब हमें एफएसएल से हड्डियों और अन्य चीजों की रिपोर्ट मिल जाएगी, तब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। मलबा हटाने का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और अब आगे किसी शव के मिलने की आशंका नहीं है। वहीं विस्फोट में ओडिशा के चार श्रमिकों की मौत हो चुकी है। जबकि पांच अन्य श्रमिक लापता हैं। उनके रिश्तेदार अज्ञात शवों के डीएनए मिलान के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। चार लापता व्यक्तियों के रिश्तेदारों ने डीएनए नमूने दे दिए हैं। लापता लोगों में नबरंगपुर जिले के दो, गंजम के दो और कटक का एक श्रमिक शामिल है। ओडिशा परिवार निदेशालय के ओएसडी ने बताया प्रशासन के मुताबिक विस्फोट के वक्त फैक्टरी में 143 लोग काम कर रहे थे। ओडिशा के कुछ लोग अलग-अलग सेक्शन में काम कर रहे थे। उनमें से चार की मौत हो गई, चार घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है और पांच अन्य अभी भी लापता हैं।

# एकाधिकार से आर्थिक व राष्ट्रीय सुरक्षा को हो सकता है नुकसान

## क्वाड ने क्रिटिकल मिनरल्स पर चीन की मनमानी रोकने बनाया प्लान

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के समूह 'क्वाड' ने मिलकर चीन की मनमानी रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। वैश्विक तकनीकी और रक्षा उद्योगों के लिए अहम क्रिटिकल मिनरल्स की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और विविध बनाने के लिए एक नई रणनीतिक पहल की शुरुआत की है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब चीन द्वारा इन खनिजों पर नियंत्रण को लेकर वैश्विक चिंता गहराती जा रही है।

क्वाड की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि क्रिटिकल मिनरल्स की आपूर्ति श्रृंखलाओं में अचानक बाधा और भविष्य की विश्वसनीयता को लेकर हम गहराई से चिंतित हैं। एक ही देश पर अत्यधिक निर्भरता से आर्थिक दबाव, कीमतों में हेराफेरी और आपूर्ति बाधित होने का खतरा रहता है। इस बयान में स्पष्ट रूप से चीन को निशाने पर लेते हुए कहा गया कि इस निर्भरता से हमारे उद्योगों की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान हो सकता है। एनडीएफईबी मैग्नेट इलेक्ट्रिक मोटरों के लिए जरूरी हैं। ये चीन एकाधिकार के साथ बनाता है। भारत की ईवी इंडस्ट्री पर चीन की पाबंदियों का असर हो रहा है। चीन ने भारतीय कार कंपनियों के आवेदनों को मंजूरी नहीं दी है, जिससे मैग्नेट व जरूरी उपकरणों की कमी हो रही है। बीजिंग अब कंपनियों से कह रहा है कि वे अलग उपकरणों के बजाय पूरा मोटर असेंबली चीन से खरीदें, जिससे भारतीय कंपनियों की निर्माण योजनाओं पर संकट मंडरा रहा है।



**दो टूक**

भारत ने चीन की किसी भी दखलंदाजी को किया खारिज, कहा-

# कोई और नहीं कर सकता दलाई लामा के उत्तराधिकारी का फैसला

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के उत्तराधिकारी के मुद्दे पर स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस मामले में केवल दलाई लामा ही निर्णय ले सकते हैं। भारत ने चीन की किसी भी दखलंदाजी को सिरे से खारिज करते हुए इसे तिब्बती बौद्ध परंपराओं का आंतरिक मामला बताया। भारत ने स्पष्ट किया कि तिब्बती आध्यात्मिक गुरु के उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार केवल और केवल दलाई लामा को है, न कि किसी और को।

अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा। रिजिजू ने कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए 'सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था' हैं। उन्होंने कहा कि दलाई लामा को मानने वाले सभी लोगों की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापित परंपरा के और दलाई लामा की इच्छा के अनुसार होना चाहिए। उनके और मौजूदा परंपराओं के अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है। बता दें बौद्ध धर्म के अनुयायी रिजिजू इन दिनों धर्मशाला में हैं, जहां वह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के साथ दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के समारोहों में भारत सरकार के प्रतिनिधियों के रूप में भाग ले रहे हैं। रिजिजू ने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक शुद्ध रूप से धार्मिक अवसर है और इसे राजनीति से जोड़ना अनुचित है।





### दलाई लामा के जन्मदिन पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे मंत्री

बौद्ध धर्म को मानने वाले रिजिजू और उनके साथी केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 6 जुलाई को धर्मशाला में दलाई लामा के 90वें जन्मदिन समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 14वें दलाई लामा तिब्बतियों और बौद्ध धर्म की नालंदा परंपरा का पालन करने वाले सभी लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण संस्था हैं। पिछले वर्ष, अमेरिका के एक द्विदलीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भारत के धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात की थी। इस उच्चस्तरीय दौरे का उद्देश्य तिब्बत के प्रति अमेरिका के दीर्घकालिक समर्थन को दोहराना था, विशेष रूप से हाल ही में पारित 'रिज़ॉल्व तिब्बत अधिनियम' के माध्यम से। यह अधिनियम चीन से अपील करता है कि वह तिब्बती नेताओं के साथ सार्थक संवाद करे, जिससे लंबे समय से चले आ रहे तिब्बत मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकल सके।

समिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष

# समिक बोले- बंगाल भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं



**कोलकाता।** वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य को आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। वह 2026 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। कोलकाता में साइंस सिटी में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा।प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद समिक भट्टाचार्य ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी शासन में बंगाल की संस्कृति, बहुलवाद, विरासत खतरे में है। 2026 का विधानसभा चुनाव इनके अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने विधानसभा चुनावों में भ्रष्ट टीएमसी सरकार के कुशासन को समाप्त करने का मन बना लिया है। बंगाल भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं, बल्कि हिंसा और सांप्रदायिकता की राजनीति का विरोध करती है।

## ब्रीफ न्यूज

### घाना में सम्मान मिलने पर पीएम मोदी को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी को घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किए जाने पर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पटल पर फिर से मां भारती की जय-जयकार गूंज रही है। पीएम मोदी को मिला यह सम्मान देशवासियों को गौरवान्वित करने वाला है। यह सम्मान विश्व पटल पर भारत के बढ़ते वर्चस्व का प्रतीक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत और घाना के संबंध पहले से ज्यादा मजबूत हुए हैं।

### सीएम ने अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर की मंगल की कामना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि यात्रा सभी के लिए मंगलमयी और सभी मनोरथ पूर्ण करने वाली हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए भी प्रार्थना की है।

### राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का रीडिंग केन्द्र न्यू मार्केट में

**भोपाल।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली का विक्रय केन्द्र बीएसएनएल परिसर न्यू मार्केट टीटी नगर में खोला गया है। इस केन्द्र में रीडिंग लाउंज की व्यवस्था भी है। यह केन्द्र सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक संचालित होता है। इस केन्द्र में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा ब्रेल लिपि से संबंधित पुस्तके उपलब्ध है। रीडर्स की मांग पर अन्य भाषाओं की पुस्तके भी उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस आशय की जानकारी समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर दी है। जिला शिक्षा अधिकारियों से इस केन्द्र का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा गया है। इस केन्द्र में रीडर्स को 100 रुपए में और संस्थाओं को 500 रुपए में लाईफ टाईम की सदस्यता प्रदान करने की सुविधा है। उपभोक्ता को पुस्तक क्रय के संबंध में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है। केन्द्र से 200 रुपए से अधिक पुस्तक खरीदने पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नई दिल्ली द्वारा स्वयं के व्यय से पाठक के पते पर पुस्तक भेजने की सुविधा भी है।

# भाजपा की राष्ट्रीय परिषद में पुराने दिग्गज को दी गई तरजीह

सत्ता सुधार ■ भोपाल

■ पार्टी के इस फैसले को कई स्तरों पर रणनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा



मध्य प्रदेश भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की घोषित सूची में कुछ ऐसे चेहरे शामिल किए गए हैं, जिन्हें कभी प्रदेश की राजनीति में बड़ा कद हासिल था, लेकिन बीते कुछ वर्षों में वे संगठन और सत्ता दोनों से दूर हो गए थे। गोपाल भार्गव, नरोत्तम मिश्रा, अर्चना चिटनिस, गौरी शंकर बिसेन, जयंत मलैया आदि जो कभी सरकार के संकट मोचक और प्रमुख पदों पर रहे, लेकिन हाल के वर्षों में न तो सरकार में और न ही संगठन में उन्हें बड़ी भूमिका मिली थी। उनकी वापसी को पार्टी में अनुभव और संतुलन की वापसी के तौर पर देखा जा रहा है। इस सूची का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो जगह मिली लेकिन उनका कोई भी समर्थक मंत्री तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, प्रद्युम्न सिंह तोमर या किसी और नेता को पार्टी ने तवज्जों नहीं दी। कुल मिलाकर, भाजपा ने इस बार पुराने अनुभवी चेहरों को संगठन में फिर से आगे लाकर संतुलन साधने की कोशिश की है, वहीं सिंधिया गुट के नेताओं की संगठन में दूरी बनाए रखी है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में यह निर्णय पार्टी पर क्या असर डाल सकता है?

मप्र भाजपा राष्ट्रीय परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य में सीएम डॉ. मोहन यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य सत्यनारायण जटिया, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री राकेश सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष अजा मोर्चा और पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव, मंत्री इंदर सिंह परमार, मंत्री नागर सिंह चौहान, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक और राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धुर्वे, सांसद सुधीर गुप्ता, प्रदेश सह प्रभारी महाराष्ट्र जयभान सिंह पवैया, विधायक और पूर्व मंत्र जयंत मलैया, सांसद गणेश सिंह, विधायक और पूर्व मंत्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, सांसद सुमेर सोलंकी, सांसद और प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, मंत्री एंदल सिंह कंसाना, सांसद संध्या राय, सांसद हिमाद्री सिंह, सांसद भारती पारधी, सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक और पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस, विधायक नीना वर्मा, विधायक कुंवर सिंह टेकाम, विधायक प्रदीप लारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, पूर्व सांसद आलोक संजर के नाम शामिल हैं।

### सीएम डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय महिला मॉक पार्लियामेंट को किया संबोधित

# लोकतांत्रिक मूल्यों की हर स्थिति में रक्षा करना हम सभी का दायित्व

## महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील

- युवा पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास से परिचित कराना जरूरी
- मुख्यमंत्री ने मीसाबंदी तपन भौमिक का किया सम्मान



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में माता-बहनों को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। राज्य सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हरसंभव प्रयास जारी हैं। आज नरसिंहपुर जिले में एसपी और कलेक्टर दोनों पद महिला अधिकारियों के पास हैं। शहडोल संभाग की संभागायुक्त भी महिला ही हैं। प्रदेश की मुख्य सचिव भी महिला अधिकारी रह चुकी हैं। महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार विशेष रूप से संवेदनशील है, मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने दुष्कर्म के मामलों में सबसे पहले फांसी का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य स्तरीय महिला मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, सांसद वीडी शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, हितानंद शर्मा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री मीसाबंदी तपन भौमिक का तुलसी पौधा एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मान किया। आपातकाल संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिला मॉक पार्लियामेंट एक वैचारिक मंच है। संविधान की भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों की हर स्थिति में रक्षा करना सभी नागरिकों का दायित्व है। देश और हम सभी के व्यक्तित्व विकास में इन दोनों बिन्दुओं का महत्वपूर्ण स्थान है। मॉक पार्लियामेंट जैसी पहल से युवाओं में देश की राजनीतिक व्यवस्था की समझ विकसित होती है। युवा पीढ़ी को 50 साल पहले के आपातकाल के इतिहास से परिचित कराना जरूरी है। सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए दिए गए योगदान का स्मरण किया। सीएम ने विद्यार्थियों से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, धारा 370, तीन तलाक, आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ हुई सैन्य कार्यवाहियों, संविधान संशोधनों और राजनैतिक मंशा के औचित्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

### आज सीएम लैपटॉप की राशि करेंगे अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पिछले साल 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए 2.70 लाख आए आवेदन

सत्ता सुधार ■ भोपाल



**आज अंतिम तारीख, आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए जारी की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया में दस संभागों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 55,730 और आंगनवाड़ी सहायिका के लिए 2,14,422 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई तय की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 19 हजार 504 पदों की पूर्ति के लिए इंदौर संभाग से सबसे अधिक 47 हजार 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन में 38 हजार 601 सहायिका के पद और 8 हजार 515 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। जबलपुर संभाग से कुल 44 हजार 258 आवेदन में से 34 हजार 317 सहायिका के और 9 हजार 941 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन प्राप्त हुए है। सागर संभाग से 33 हजार 513 में से सहायिकाओं के पद के लिए 27 हज़ार 857 और कार्यकर्ता के लिए 5 हजार 656 आवेदन आए है। भोपाल में कुल 28 हजार 850 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें सहायिका के पद के लिए 22 हजार 397 और कार्यकर्ता के लिए 6 हजार 453 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार रीवा से 28 हज़ार 519 कुल आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 23 हजार 831 आवेदन सहायिका के और 4 हजार 688 आवेदन कार्यकर्ता के लिए प्राप्त हुए है। ग्वालियर संभाग के 28 हज़ार 413 आवेदनों में सहायिका के 22 हजार 73 और कार्यकर्ताओं के 6 हजार 340 आवेदन प्राप्त हुए है। उज्जैन संभाग से कुल 24 हजार 159 आवेदनों में से सहायिका के 18 हजार 711 और कार्यकर्ता के 5 हजार 448, चम्बल संभाग के कुल 14 हजार 829 आवेदनों में 12 हजार 343 सहायिका के और 2 हजार 486 आवेदन कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है। इसके अतिरिक्त शहडोल संभाग से कुल 10 हजार 406 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 7 हजार 291 सहायिका और 3 हजार 115 कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है। नर्मदापुरम से सहायिका के पद के लिए 7,001 और कार्यकर्ता के लिए 3088 कुल 10 हजार 89 आवेदन प्राप्त हुए है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष ने बाबा के दर्शन कर की सुख समृद्धि की कामना

# महाकाल के आशीर्वाद से ही नया दायित्व संभाला

सत्ता सुधार ■ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के नवागत प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की है। भाजपा के नवागत प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे, जहां पर उन्होंने बाबा महाकाल के चांदी द्वार से दर्शन किए और उसके बाद नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया। उन्होंने नंदी हॉल में नंदी जी का पूजन अर्चन कर उनके कानों में अपनी मनोकामना भी कही। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मुझे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अपार स्नेह, विश्वास व समर्थन से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है, जिसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। अपने इस नए दायित्व की शुरुआत मैंने बाबा महाकाल के दर्शन और पूजन से की है। बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि उनकी कृपा पूरी पार्टी, समाज और समस्त प्रदेशवासियों पर सदैव बनी रहे, ताकि हम सब मिलकर राष्ट्र और समाज के हित में सतत कार्य करते रहें।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मैकेन फूड्स प्रतिनिधि मंडल ने की चर्चा

# प्रदेश में 3800 करोड़ के निवेश से फ्रोजन आलू उत्पाद इकाई का प्रस्ताव

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 औद्योगिक विकास की तीव्र संभावनाओं को साकार करने का वर्ष है। राज्य सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। निवेशकों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के रीजनल प्रेसिडेंट पियरे डैनेट एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। मैकेन फूड्स के पियरे डैनेट ने बताया कि मध्यप्रदेश में किसानों को कांट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से स्थायी बाजार बेहतर मूल्य और उन्नत कृषि तकनीक का लाभ दिलवाने के लिए 3800 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। प्रथम चरण में 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और इस निवेश के फलस्वरूप 6300 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। वैश्विक कंपनी मैकेन फूड्स भारत में मुख्य रूप से फ्रोजन आलू उत्पादों जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और स्नैक आइटम बनाती है। कनाडा में स्थापित यह कंपनी भारत में वर्ष 2007 से खाद्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में गुजरात के मेहसाणा में कंपनी किसानों से आलू खरीद कर अत्याधुनिक उत्पादन इकाई के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद निर्मित कर रही है। चर्चा के दौरान प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह और आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े उपस्थित थे।

### अनोखा विरोध — भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष से पूछे सवाल

# डीजीपी के बयान का कांग्रेस ने रस्सी से हाथ बांधकर किया विरोध

सत्ता सुधार ■ भोपाल

**मध्य प्रदेश में रोज हो रहे हैं 20 बलात्कार**




पिछले दिनो प्रदेश के डीजीपी द्वारा दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। गुरुवार को भोपाल में कांग्रेस ने रस्सी से हाथ बांधकर अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक और कांग्रेस प्रवक्ता मिथुन अहिरवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मिथुन अहिरवार ने कहा कि बीजेपी डिजिटल इंडिया नहीं बल्कि डिजिटल ट्रैप की सरकार है। वह ऑनलाइन सट्टा, फर्जी लोन ऐप्स और डिजिटल ठगी को खुली छूट देकर अपनी सत्ता बचा रही है। इस दौरान कांग्रेस ने बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सवाल पूछे हैं। कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि मध्य प्रदेश में रोज 20 बलात्कार हो रहे हैं। वहीं, प्रदेश के डीजीपी बयान दे रहे हैं कि बलात्कार रोकना अकेले पुलिस के बस की बात नहीं। अगर पुलिस के हाथ बंधे हैं तो क्या डीजीपी यह मान चुके हैं कि सरकार ने बलात्कारियों के आगे सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर समाज परफेक्ट हो जाएगा, तो फिर पुलिस की जरूरत ही क्यों होगी? मिथुन अहिरवार ने भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को बंधन हाथों वाला अध्यक्ष करार दिया। उन्होंने कहा कि इंदौर में एक युवक ने जुए के 50,000 रुपए के बदले पत्नी को दोस्तों के साथ संबंध बनाने पर मजबूर किया। रायसेन में एक बैंक कर्मचारी अंकित चौरे ने ऑनलाइन गेमिंग से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। उज्जैन में पुलिस ने पिछले साल सटोरियों से 15 करोड़ रुपए और विदेशी करेंसी जब्त की थी। इस साल कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।

### मप्र में कांग्रेस बूथ स्तर पर देगी प्रशिक्षण

मप्र कांग्रेस ने प्रशिक्षण की तैयारी तेज कर दी। गुरुवार से राजधानी भोपाल स्थित पीसीसी कार्यालय में प्रशिक्षकों का इंटरव्यू शुरू किया गया है। प्रदेशभर से प्रशिक्षकों की भर्ती और चयन के लिए इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि यह कदम संगठन को और मजबूत बनाने के मकसद से लिया गया है। पहले दिन 40 लोगों का इंटरव्यू लिया गया है। जानकारी के अनुसार 110 लोगों को तैयार किया जाएगा इसके लिए 200 से ज्यादा लोग इंटरव्यू देंगे। शुक्रवार को भी बाकी लोगों की इंटरव्यू लिए जाएंगे। बता दें कि इस प्रशिक्षण में प्रदेशभर से करीब 200 से अधिक प्रशिक्षकों के उम्मीदवार शामिल होंगे। इंटरव्यू के जरिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।जिसमें उनकी योग्यता, अनुभव और प्रशिक्षण कौशल का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद ये प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच कर कांग्रेस की रीति-नीति से अवगत कराएंगे।

### कार्यशाला में एसीएस खाद्य रश्मि अरुण शमी बोली

# पीडीएस को और बेहतर व पारदर्शी बनाने नीतिगत व तकनीकी मदद जरूरी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को नीतिगत एवं तकनीकी सहयोग से और अधिक बेहतर तथा पारदर्शी बनाकर देश में सबसे बेहतर खाद्यान वितरण करना हमारा ध्येय होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरुण शमी ने यह बात खाद्य विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी विचार किया जाएगा।आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में हमें विभाग की समस्याओं पर मंथन कर उनका समाधान निकालना है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। एमडी नागरिक आपूर्ति अनुराग वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में अधिकारी-कर्मचारियों की कार्य-क्षमता में वृद्धि, नवाचार, चुनौतियों तथा विभागीय नियमों और कार्य-प्रणालियों की जानकारी दी गयी। मुख्य रूप से मिलिंग, भण्डारण, उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, ई-ऑफिस, ई-सीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विषय-विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

## ब्रीफ न्यूज

### राजकीय इंटर कॉलेज सकरार में हुआ विदाई समारोह

**सकरार/झांसी।** राजकीय इंटर कॉलेज सकरार में विदाई समारोह का कार्यक्रम हुआ। चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी सुख दयाल अहिरवार का विदाई समारोह कार्यक्रम धूमधाम से विदाई की गई। इन्होंने अपनी सेवाएं ईमानदारी से राजकीय इंटर कॉलेज सकरार में सेवा भाव से किया। 60 वर्ष की नौकरी कल में पूरा होने पर परिवार के लोग एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रजनीश कुमार ने फूल माला पहनकर उनकी विदाई की उन्होंने कहा कि आपने बहुत ईमानदारी से अपनी सेवा कार्य किया। अब आप अपने घर पर परिवार के साथ भजन पूजन करें खुशी-खुशी जीवन व्यतीत करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार डॉक्टर रणविजय सिंह अखिलेश यादव महेंद्र कुमार पाठक नरेंद्र कुमार प्रजापति रमेश चंद्र अरुण कुमार श्रीकांत अब्दुल हबीब श्री बाबूराव मनोज कुमार अवतार सिंह धर्मेंद्र कुमार सीताराम भानु प्रताप संजय कुमार बृजेश गणपत नारायण दास ममता देवी प्रियंका आशीष विशाल राहुल दिलीप रविंद्र सचिन आदि लोग विदाई समारोह में सम्मिलित हुए।

### अभिभावकों को विद्यालय में बच्चों को भेजने के लिए किया गया प्रेरित।

**सकरार/झाँसी।** शासन के निर्देशानुसार 1 से 30 जुलाई 2025 तक स्कूल चलो अभियान के क्रम में कन्या प्राथमिक विद्यालय सकरार के बच्चों व समस्त अध्यापकों द्वारा गांव में रैली निकाली गई जिसमें परिवार सर्वेक्षण का कार्य व 6 वर्ष तक की उम्र के बच्चों का विद्यालय में नवीन नामांकन तथा बीच में विद्यालय छोड़ चुके बच्चों का आउट ऑफ स्कूल के अंतर्गत विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की गई एवं विद्यालय में शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार साहू, सहायक अध्यापक मीनू चतुर्वेदी, सीताराम स्वर्णकार, भगवती एवं शिक्षामित्र देवेश दत्त रावत तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे।

### पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मानसिंह यादव के जन्मदिन पर राजापुर की जनता ने दिया आशीर्वाद

**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मानसिंह यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं सादगीपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उनके चाहने वालों ने और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्तित्वों ने कार्यक्रम में भाग लेकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राहुल यादव बबीना ने भी मानसिंह यादव के ऑफिस पहुंच कर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने इस अवसर पर सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह प्रेम और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी पूँजी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सदैव आम जनमानस से जुड़े रहेंगे लोगों के बीच जाकर हमेशा काम करते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन रचनात्मक संवाद और उपहार के साथ हुआ।

# बबीना सीएचसी में इलाज नहीं, लापरवाही का इलाज जरूरी- डॉक्टरों की मनमानी से मरीज बेहाल, जनता में उबाल

**सत्ता सुधार ■ बबीना/झांसी**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बबीना, जो कि नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं की रीढ़ माना जाता है, इन दिनों भारी अव्यवस्थाओं और चिकित्सकीय लापरवाही की मार झेल रहा है। अस्पताल में डॉक्टरों की समय पर अनुपस्थिति, आपातकालीन सेवाओं की बदहाली और मरीजों के प्रति असंवेदनशील रवैये ने जनाक्रोश को भड़का दिया है।

### मरीजों की सुनने वाला कोई नहीं, डॉक्टर अपनी मर्जी के मालिक

सीएचसी में उपचार की आस लेकर पहुंचने वाले मरीजों को अक्सर खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अधिकतर डॉक्टर सुबह ओपीडी समय के बाद ही अस्पताल पहुंचते हैं। कई बार ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लगी होती है, लेकिन डॉक्टर के दर्शन तक नहीं होते। रात की स्थिति तो और भी खराब हो जाती है। आपातकालीन मरीज जब अस्पताल पहुंचते हैं तो ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर या तो अपने कक्ष में आराम करते पाए जाते हैं या मौके से नदारद रहते हैं। कई बार तीमारदारों को बार-बार गुहार लगानी पड़ती है, तब जाकर कहीं डॉक्टर बाहर निकलते हैं।

**समय पर इलाज नहीं, उल्टा मिलती है नाराजगी:** मरीजों और उनके तीमारदारों का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ से डॉक्टर को बुलाने की बात कहने पर या तो टालमटोल की जाती है या नाराजगी झेलनी पड़ती है। इलाज के अभाव में कई मरीजों की हालत बिगड़ जाती है, जिससे परिसर में तनाव की स्थिति बन जाती है। कुछ मामलों में तीखी बहस और नोकझोंक तक हो चुकी है।

### दीपक सिंह ने खोला मोर्चा, जनआंदोलन की चेतावनी

भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन झांसी के जिला महामंत्री दीपक सिंह ने सीएचसी की स्थिति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, बबीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ जो हो रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। डॉक्टर जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं और मरीज बिना इलाज के लौट रहे हैं। यह हजारों लोगों का इकलौता सहारा है, और इसकी ऐसी स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि दोषियों पर जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो हम आमजन के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

### जनता का फूटा गुस्सा, उच्चस्तरीय जांच की मांग:

सीएचसी की बिगड़ती व्यवस्था से आहत नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी झांसी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (छ्ररूह्र) को ज्ञापन सौंपा सौंपने की बात कही। ज्ञापन में प्रमुख मांगे अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए और लापरवाह चिकित्सकों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। नागरिकों का कहना है कि योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर प्रयास कर रही है, लेकिन बबीना सीएचसी में डॉक्टरों की लापरवाही सरकार की मंशा को पलीता लगा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल

इस पूरे प्रकरण ने झांसी स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बबीना जैसे सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में यदि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं ही बदहाल होंगी, तो जनता का भरोसा कैसे कायम रहेगा? स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी सीएचसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

# अवैध एथेनॉल भंडारण का भंडाफोड़ अमन ढाबा से 1700 लीटर एथेनॉल जब्त

## इस दौरान एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य फरार हुए

**सत्ता सुधार ■ बबीना/झांसी**

झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर स्थित बड़ौरा चौराहा एक बार फिर सुर्खियों में है। बुधवार शाम पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अमन ढाबा पर छापेमारी कर 1700 लीटर अवैध एथेनॉल जब्त किया। इस दौरान एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। कार्रवाई का नेतृत्व बबीना थाना प्रभारी निरीक्षक तुलसीराम पांडे ने किया। छापेमारी के दौरान ढाबे में रखे 9 ड्रमों में भरा एथेनॉल बरामद हुआ, जिसे बिना वैध लाइसेंस के भंडारित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कमलेश राय पुत्र केदार राय (उम्र 42 वर्ष), निवासी ग्राम बड़ौरा थाना बबीना के रूप में हुई है। वहीं, नितेश राय (36) एवं रामबाबू उर्फ रामू राय (54) मौके से फरार हो गए। इनकी तलाश में पुलिस की दबिश जारी है। प्रकरण में धारा



60(1)/63/72 आबकारी अधिनियम एवं धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

**कुख्यात रहा है बड़ौरा, अब केमिकल तस्करी का पर्दाफाश:** स्थानीय नागरिकों के अनुसार, बड़ौरा गांव पिछले कई वर्षों से अवैध शराब निर्माण और बिक्री का गढ़ बना हुआ है। अब ईंधन और केमिकल तस्करी की परतें खुलने से यह स्पष्ट हो रहा है कि संगठित अपराधियों का एक नेटवर्क इस इलाके में सक्रिय है, जो कानून व्यवस्था को चुनौती देता आ रहा है।

### ढाबों और होटलों पर भी जांच की आंच

सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में स्थित अन्य ढाबों और होटलों पर भी संदेह की सुई घूम रही है। संयुक्त टीम ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही ऐसे प्रतिष्ठानों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी में शामिल टीमन्नि. मधुसूदन शुक्ला, आबकारी निरीक्षक, नि. मनोज कुमार श्रीवास्तव, आबकारी निरीक्षक, उ.नि. सुनील कुमार त्रिपाठी,हाशिम ,देवेंद्र गौतम, नत्थू प्रसाद, जावेद खान,गिरीश कुमार,संगीता देवी, विनोद कुमारी, महेश चंद्र, मौजूद रहे।

# एनएच-44 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यापारी की मौत



### मानपुर तालाब के पास हुआ हादसा, मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

**सत्ता सुधार ■ बबीना/झांसी**

झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब बबीना क्षेत्र के मानपुर ग्राम स्थित तालाब के पास एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को मौके पर पहुंची बबीना पुलिस द्वारा तत्काल झांसी मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रिज़वान कुरैशी (उम्र 37 वर्ष) पुत्र मरहूम हाजी कमाल कुरैशी, निवासी झांसी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रिज़वान पेशे से गद्दे के व्यापारी थे और से बबीना से वापस झांसी की ओर जा रहे थे। मानपुर तालाब के समीप जैसे ही वह पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। बबीना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद रिज़वान के परिवार में कोहराम मच गया है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# पालीटेक्निक पुरातन छात्र समिति ने एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन को छात्रों की समस्याओं से संबंधित दिया ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

पालीटेक्निक पुरातन छात्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रदोष निरंजन ने एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन को राजकीय पालीटेक्निक कालेज के छात्रों की दो अत्यंत महत्वपूर्ण समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। जिनसे छात्र-छात्राओं की शारीरिक व मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जैसे कि कॉलेज परिसर में पीने योग्य जल की भारी किल्लत है। टंकी में समय पर पानी नहीं आता तथा नलों से या तो गंदा पानी आता है या बिल्कुल भी नहीं आता है। इससे छात्र-छात्राएं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कॉलेज के पास एक बड़ा मैदान है, जो कॉलेज भवन के पास ही स्थित है, लेकिन वह कॉलेज के



अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इस कारण हम खेल गतिविधियाँ नियमित रूप से नहीं कर पाते। कॉलेज में कोई अन्य उपयुक्त स्थान भी उपलब्ध नहीं है, जिससे खेल और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ पूरी तरह बाधित हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि उपरोक्त दोनों समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करें ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने पानी की समस्या को लेकर तत्काल कालेज में वाटर कूलर लगवाने व खेल के मैदान की समस्या को लेकर संबंधित विभाग को आदेशित किया साथ में संघ के केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित निरंजन , संघ के महानगर अध्यक्ष आलोक पटेल व समाजसेवी पीतांबर पटेल सहित आदि उपस्थित रहें।

### जेन्या हॉस्पिटल। स्वर्गीय श्री राधेश्याम सक्सेना की स्मृति में विशाल बीसवां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**झांसी।** मेडिकल कॉलेज गेट नंबर 1 के सामने जेन्या हॉस्पिटल में स्वर्गीय श्री राधेश्याम सक्सेना की स्मृति में विशाल बीसवां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जेन्या हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर आर आर सक्सेना (एम डी फिजिशियन) ने बताया कि हम यह शिविर हर वर्ष अपने पिताजी की स्मृति में लगाते हैं,जिससे कि गरीब व असहाय लोगों को बीमारियों का इलाज मिल सके जो लोग आर्थिक स्थिति के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते है,ऐसे लोगों को हम निःशुल्क कैंप के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज व सभी प्रकार की जांचे करवाते है,उन्होंने बताया कि शिविर में शुगर की जांच, ईसीजी, बी एम डी हड्डियों की जांच,मशीन द्वारा स्वास की जांच,मोटापा की जांच, एक्सरे ,ब्लड की जांच, आदि जांचे निःशुल्क कराई गई एवं इसी के साथ सभी मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण भी की गई।

# पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं एमएलसी ने फीता काटकर नये बस स्टैंड का उद्घाटन किया गया

**सत्ता सुधार ■ गरौठा/झांसी**

कस्बा में नगर पंचायत द्वारा गुरसराय रोड पर न्यू बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्घाटन आज मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कस्बा गरौठा में नया बस स्टैंड बन जाने की वजह से अब वाहनों को खड़े करने में दिक्कत नहीं होगी। वहीं उन्होंने सभासदों से कहा की राजनीति में ऊपर पहुंचने के लिए सभासद पहली सीढ़ी है उन्होंने सभासदों से कहा कि वह मन लगाकर कार्य करें। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए यशस्वी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना की प्रशंसा की। उन्होंने दो मेधावी छात्रों संदीप एवं प्रियंका को सम्मानित किया तथा कहा कि वह ईमान लगाकर पढ़ाई करें जिससे जिला से आगे बढ़कर प्रदेश में अपना नाम रोशन कर सके उन्होंने कहा कि चुनाव में अपनी हार के बारे में उन्होंने कहा जालौन कालपी से मैं हारा लेकिन गरौठा विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने हर बार की इस बार भी मुझे जाते इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। वही एमएलसी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने कहा कि गरौठा में बसों को खड़े होने के लिए स्टैंड नहीं था। यह समस्या बनी हुई थी ।इसके निर्माण तथा उद्घाटन से यह समस्या समाप्त हो गई है। उन्होंने नगर पंचायत के लिए एक स्वागत द्वार तथा स्टैंड पर टीन सेट लगवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गरौठा के विकास में किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जाएगी जितने पैसे की जरूरत पड़ेगी वह देंगे। उन्होंने बताया कि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें जो पत्र प्राप्त हुए उन्होंने वह नगर विकास मंत्री को भेज दिए हैं। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि कस्बा के विकास के लिए वह पूरी ताकत के साथ कार्य कर रहे हैं। कस्बा जिस वार्ड में कोई भी समस्या होती है उसका तुरंत समाधान किया जा रहा है।

# गुरसरांय में निकाला गया हज़रत इमाम हुसैन की याद में अलम जुलूस, दिखी एकजुटता की मिसाल

**सत्ता सुधार ■ गुरसरांय/झांसी**

गुरसरांय नगर में गुरुवार को हज़रत इमाम हुसैन की याद में एक भव्य अलम जुलूस निकाला गया। तकिया मोहल्ला से आरंभ हुआ यह जुलूस पुराने बस स्टैण्ड,कटरा बाजार होते पूरे नगर में भ्रमण करता हुआ पुनः तकिया मोहल्ला पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे रास्ते मे ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस के दौरान हज़रत अब्बास अलमदार का प्रतीकात्मक %अलम% उठाया गया, जिसे देखने और सम्मान देने के लिए नगर के लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उपस्थित रहे। इस दौरान मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों और समाजसेवियों द्वारा अलम उठाने वालों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिससे आयोजन का गरिमामय स्वरूप और भी प्रभावशाली हो गया। इस मौके पर समाज के कई प्रमुख चेहरे भी मौजूद रहे। जिनमें इकराम खान, लल्लू नेता, युवा समाजसेवी जनाब अख्तर



राईन, रिज़वान खान, बाबू जी, सिकंदर खान, राजू खान, शकील मंसूरी, सनी खान, इमरान खान, अफसर खान और नज़ीर माते जैसे गणमान्य लोग सम्मिलित थे। इन सभी ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया और अपने सहयोग से इसकी सफलता सुनिश्चित की। यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक भी बन गया। गुरसरांय नगर के लोगों ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि विविधता में ही हमारी सच्ची ताकत है।

**शिविर** | गुरसरांय में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित हुआ महारक्तदान शिविर

# 14 यूनिट रक्त एकत्र, कई गणमान्यजन रहे मौजूद

**सत्ता सुधार ■ गुरसरांय/झांसी**

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला झांसी के तत्वावधान में गुरुवार को गुरसरांय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधान परिषद सदस्य राम तीर्थ सिंघल, पंडित दीपेंद्र अड़जरिया, तथा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ओ.पी. राठौर द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे राम तीर्थ सिंघल ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है। जब एक इंसान, दूसरे इंसान की जान बचाता है, तो इससे बड़ा पुण्य कोई



नहीं हो सकता।

मुख्य अतिथि विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत ने रक्तदान के शारीरिक और सामाजिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचती है, बल्कि यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और शरीर में नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण को प्रोत्साहित करता है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. राठौर ने बताया कि रक्तदान से जरूरतमंदों—जैसे दुर्घटनाग्रस्त, सर्जरी के मरीज और थैलेसीमिया जैसे रक्त रोगों से पीड़ितों—की जान बचाई जा सकती है। शिविर के संरक्षक पंडित दीपेंद्र अरजरिया ने इसे मानसिक और आत्मिक संतुष्टि देने वाला कार्य बताया। उन्होंने कहा, रक्तदान से शरीर में आयरन की अधिकता कम होती है, जिससे हृदय रोग का खतरा घटता है और मानसिक रूप से भी व्यक्ति संतुष्ट महसूस करता है।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा के पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह शैली, डॉ. मानिंद सिंह, अभय प्रताप सिंह 'छोटू अस्ता' समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 14 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदाताओं में प्रमुख रूप से सुमंत सोनी, प्रिंश अग्रवाल, टोंटी पटवा, मुदित जैन, प्रतीक जैन, गोरब ठाकुर, शिवेंद्र प्रताप सिंह शैली, राम जी अग्रवाल, अंशु ठाकुर अस्ता, संदीप बरमाईन आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की भव्यता में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में देवेंद्र चौहान, नृपेंद्र चौहान, गोविंद भदौरिया, संदीप परिहार, मोलू परिहार, भरत राठौर, मोहनीश अग्रवाल, अमित तिवारी, आदेश पाठक, हरेंद्र राजावत, अजीत बरमाईन, जोनू विश्वकर्मा, बिपिन यादव, डॉ. प्रतिभा राजपूत, गुल्लु स्वामी, अमित मोदी, राजू मोदी, रामेश्वर अग्रवाल, सौरभ गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर का संचालन अंतर्राष्ट्रीय वैश्य समाज के झांसी जिला अध्यक्ष राम जी अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और तिलक कर स्वागत किया।

# 12 दिवसीय पेपर कवर, एनवलप एवं फाइल मेकिंग प्रशिक्षण संपन्न

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

गुरुवार को पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हंसारी झाँसी द्वारा आयोजित 12 दिवसीय पेपर कवर, एनवलप एवं फाइल मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अग्रणी जिला प्रबंधक झाँसी अजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस संसथान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओ को प्रशिक्षण द्वारा लाभ पहुचाना है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है, जिससे आप भविष्य में स्वयं का रोजगार खोल सकते है एवं बैंक से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं मुद्रा योजना आदि से वित्तीय सहायता भी ले सकते है। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

अंत में पीएनबी आरसेटी झांसी की निदेशक कु दिव्या जायसवाल द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। इस दौरान संस्थान में संकाय सदस्य अनुराग दुबे एवं अभिषेक वर्मा, ऑफिस असिस्टेंट अर्पिता उत्पल पराड़कर एवं प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

### कचहरी के ब्लाक सी में छत से चैम्बरों में घुस रहा बारिश का पानी

**ललितपुर।** कचहरी परिसर स्थित ब्लॉक सी भवन की छत की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर जिला बार एसोशियेशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि कचहरी परिसर में स्थित ब्लॉक-सी भवन की छत का निर्माण कार्य प्रारंभ से ही अधूरा है। निर्माण के समय छत पर प्लास्टर नहीं किया गया, जिसके कारण हर वर्ष बरसात के मौसम में छत पर जलभराव हो जाता है और पानी रिसकर अधिवक्ताओं के चौंबरों में प्रवेश कर जाता है। इस स्थिति के कारण चैम्बरों में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें एवं पुस्तकें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा अधिवक्ताओं को अपने विधिक कार्यों के संचालन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, किंतु आज तक इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है एवं विकास भवन के रास्ते, सड़क पर पुलिस लाईन की नाली का गंदा पानी अधिवक्ताओं के बस्तों पर जमा हो रहा है जिसकी निकासी करायी जाना अति आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से ब्लॉक-सी भवन की छत की शीघ्र मरम्मत कराए जाने हेतु संबंधित विभाग/अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने की मांग उठायी। जिससे अधिवक्ताजन अपने दायित्वों का निर्वहन निर्बाध रूप से कर सकें एवं गंदा पानी पुलिस लाईन की नाली साफ कराई जावे, जिससे गंदा पानी भरने से रोका जा सके।

### योग दिवस में प्रतिभाग करने वालों को मिला प्रमाण पत्र

**ललितपुर।** ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग लेने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। आयुष अनुभाग-1 उ.प्र. शासन लखनऊ प्रमुख सचिव के पत्र 19 मई 2025 और आयुर्वेदिक सेवायें लखनऊ निदेशक के पत्र 27 मई 2025 एवं जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद में ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग लेने वाले 20 विजेताओं को जिलाधिकारी के निदेशन में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी डा.अर्जुनलाल अहिरवार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### खदान में उतराता हुआ मिला शव

**ललितपुर।** मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम रजवारा में गुरूवार की सुबह खदान में भरे पानी में एक व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को खदान से निकलवाकर शिनाख्त के प्रयास किये तो व्यक्ति की शिनाख्त रमेश राठौर के रूप में कर ली गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र नीतेश राठौर ने बताया कि उसके पिता सब्जी लगे खेत में रखवाली करने के लिए गये हुये थे। नीतेश ने दावा किया कि खेत की ओर जाते समय बीच में पडने् वाली खदान में रमेश राठौर का पैर फिसल गया होगा और वह खदान में गिर गये और डूबने से उनकी मौत हो गयी। सुबह जब वह खेत की ओर जा रहा था, तो उसने अपने पिता का शव खदान में उतराता हुआ देखा।

# स्वास्थ्य नायकों के तबादले के विरोध में नाराजगी, पार्षदों में उबाल

## मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन, धरना प्रदर्शन की चेतावनी

सत्ता सुधार ■ ललितपुर



नगर पालिका परिषद ललितपुर के वार्ड-26 सहित संपूर्ण नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य नायकों के तबादले को लेकर पार्षदों और नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी है। पार्षदों के नेतृत्व में नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णय को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

**बिना पार्षदों की राय के हुआ तबादला:** ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में कार्यरत 26 स्वास्थ्य नायक अपने-अपने वार्डों में पार्षदों के सहयोग से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कर रहे थे। न तो किसी पार्षद ने शिकायत की और न ही कोई अव्यवस्था थी। इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी ने बिना विचार-विमर्श के एकतरफा आदेश जारी कर सभी स्वास्थ्य नायकों का वार्ड बदल दिया, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

**बारिश में और बिगड़ी हालत:** ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में हो रही बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जबकि नए स्वास्थ्य नायक अपने वार्ड के क्षेत्र, गलियों और जरूरतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इससे ना केवल काम में देरी हो रही है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी जैसे ज़रूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

**संविदा सफाईकर्मी को पदोन्नति पर उठे सवाल:** पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है कि अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका के एक संविदा सफाईकर्मी को मनमाने ढंग से स्वास्थ्य नायक के पद पर पदोन्नत कर दिया, जो कि पूरी तरह अनुचित और जांच योग्य मामला है। इस पर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

**पुरानी व्यवस्था बहाल न हुई तो आंदोलन:** ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी किया गया नया आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो पार्षद और नागरिक धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर बनी यह स्थिति अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है और यदि जल्द निर्णय नहीं हुआ तो स्थानीय प्रशासन के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

**इन पार्षदों ने जताया विरोध, दिया ज्ञापन:** प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते समय पार्षद मनमोहन चौबे एड., पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद शिवानी कुशवाहा, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद अब्दुल बारी, पार्षद सोन सिंह, पार्षद सविता, पार्षद पुष्पा राजा, पार्षद पूजा यादव, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पार्षद दीपा कुशवाहा, पार्षद रमेश गांधी आदि पार्षद मौजूद रहे।

### डीएम ने जारी किये निर्देश, वार्डों का निरीक्षण करेंगे ईओ

पार्षदों द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर दिये गये ज्ञापन में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये हैं कि वह सभी पार्षदों के साथ उनके सम्बन्धित वार्डों में भ्रमण करेंगे और पार्षदों के द्वारा बतायी गयी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुये उनके निस्तारण समयबद्ध तरीके से करेंगे।

# अरुण जैन को मिला लघुकथा श्रीकृति सम्मान

## लघुकथा संग्रह ममतामृत लोकार्पित



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था, लघुकथा शोध केन्द्र समिति भोपाल द्वारा आयोजित एक समारोह में अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में सेवारत इंजी.अरुण कुमार जैन को उनके लघुकथा संग्रह नींव का पत्थर के लिए वर्ष 2025 का लघुकथा श्रीकृति सम्मान प्रदान किया गया। विश्व लघुकथा दिवस पर भोपाल के हिंदी भवन मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य व शिक्षा का अंतर्सम्बन्ध विषय पर देशभर के विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये व कहा कि श्रेष्ठ साहित्य से ही शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा व एक सभ्य, प्रगति शील समाज निर्मित होगा।

भाजपा नेता अजय जैन साइकिल के भाई अरुण जैन का भोपाल में शिक्षा परिषद की वोट से सम्मान किया गया। संस्था की ऊर्जावान अध्यक्षा डा.कांता राय ने अरूण जैन की कृति नींव का पत्थर का परिचय देते हुये कृति को स्वस्थ मनोरंजन व समाज को श्रेष्ठ दिशा देने वाली पुस्तक बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष डा.देवेंद्र दीपक पूर्व निदेशक साहित्य अकादमी म.प्र., डा.उमेश सिंह, सुरेश नीरव दिल्ली, घनश्याम मैथिल, गोकुल सोनी ने अरुण जैन को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, माला, शाल प्रदान कर सम्मानित किया। अरुण जैन ने कृति नींव का पत्थर की लघु कथाओं के सृजन की पृष्ठभूमि से परिचय कराते हुए बताया कि अधिकांश लघु कथाएं उनके भुवनेश्वर प्रवास के समय के विभिन्न अनुभवों के बिम्ब हैं जो सारे देश के पाठकों द्वारा उस सन दो हजार के दशक में सराही गयीं। अरुण जैन के नये लघुकथा संग्रह ममतामृत का लोकार्पण भी हुआ। इसकी भूमिका डा.कांता राय अध्यक्ष लघुकथा शोध केन्द्र समिति द्वारा लिखी गयी है। उन्होंने कहा कि इस कृति में ऑपरेशन सिंदूर की रचनाओं के समावेश से कृति का सौंदर्य और प्रभावी हुआ है। ममतामृत के पाठक स्नेह, करुणा, ममता व कर्तव्य निर्वाहन के साथ साथ देश के प्रति समर्पण के भाव में भी संवर्धन करेंगे। ललितपुर के मूल निवासी अरुण जैन विगत 8 वर्षों से पूज्य माता अमृतआनंदमयी द्वारा स्थापित देश के गौरवशाली स्वास्थ्य संस्थान अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके साहित्य सृजन में काव्य, कथा, लघुकथा, उपन्यास, नाटक सहित 20 से अधिक कृतियां हैं।

### शहर में चोरों का तांडव: दो दुकानों से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**ललितपुर।** जिले के मवेशी बाजार में चोरों ने सुबह 5 बजे दो दुकानों पर धावा बोलकर लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया। अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान से डेढ़ लाख रुपये और कैलगुआ चौराहे के पास मातोश्री ट्रेडर्स की एग्रीकल्चर दुकान से 1.60 लाख रुपये की चोरी हुई। चोरों ने शटर तोड़कर दुकानों में प्रवेश किया और नकदी समेत कीमती सामान ले उड़े। पूरी घटना दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें चोर ट्रैकसूट और टोपी पहने नजर आए। दुकानदारों ने सुबह दुकान खोलने पर चोरी का मंजर देखा तो उनके होश उड़ गए। यह दूसरी बड़ी चोरी की घटना है, इससे पहले चांदमारी मोहल्ले में एक मकान से 10 लाख रुपये की चोरी हुई थी। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। अब सबकी निगाहें ललितपुर पुलिस पर टिकी हैं कि वह इस सिलसिलेवार चोरी के मामले में चोरों को कब तक गिरफ्तार कर पाती है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# प्राथमिक विद्यालय बंद करने व दलित उत्पीडऩ की घटनाओं पर विरोध प्रदर्शन

## आजाद समाज पार्टी ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद एड.चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनपद में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार के फैसलों और हालिया दलित उत्पीडऩ की घटनाओं के विरोध में तीन प्रमुख माँगें की गई।

**प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना संविधान और आरटीई का उल्लंघन:** ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय कर बंद किया जाना न केवल संविधान के अनुच्छेद 21-ए (शिक्षा का अधिकार) बल्कि अनुच्छेद 46 (कमजोर वर्गों के शैक्षिक व आर्थिक हितों की सुरक्षा) का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे गरीब और वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पार्टी ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

**कौशाम्बी और प्रयागराज की घटनाओं की सीबीआई जांच की माँग:** ज्ञापन में जनपद कौशाम्बी के सैनी थाना क्षेत्र के लोंहदा गांव में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना और प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र के इसौटा गांव में एक दलित युवक को जिंदा जलाकर मार डालने की घटना को अत्यंत निंदनीय और मानवाधिकारों का हनन बताया गया है। पार्टी ने इन घटनाओं में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने हेतु सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

**प्रदर्शन के दौरान हिंसा व निर्दोषों की गिरफ्तारी पर भी नाराजगी:** ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 29 जून 2025 को करछना क्षेत्र में पीड़ित परिवार व स्थानीय लोगों के साथ पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, पथराव और वाहन जलाने की कार्यवाही की गई, जिसमें दलित युवक सुनील कुमार गौतम की मौत हो गई। पार्टी ने इस घटना की भी सीबीआई जांच की मांग करते हुए निर्दोष गिरफ्तार युवकों की तत्काल रिहाई की मांग की है।

**शान्ति व्यवस्था बहाल करने की अपील:** ज्ञापन के अंत में पार्टी ने राज्य सरकार से आह्वान किया है कि प्रदेश में दलितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा, शिक्षा और न्याय के अधिकार की गारंटी दी जाए तथा सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार के फैसलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक विरोध जताया और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा।

**यह रहे ज्ञापन देने वालों में :** प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन देने वालों में मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, कमलेश अहिरवार, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार, यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव, सुरेश, विजय, नीरज चौधरी, रामकुमार जाटव, जगजीवन अम्बेड़कर, मोनू जाटव, हेमराज, बृजकिशोर, रामदास, हरसिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# हत्या की गुत्थी में उलझा मामला

### भाई की मौत पर न्याय की गुहार, आत्मदाह की चेतावनी



**ललितपुर।** जनपद के महरौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैदपुर निवासी प्रतिपाल सिंह ने अपने भाई की हत्या को लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिपाल सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भाई राजेन्द्र उर्फ राजू को 26 जून 2025 को शाम लगभग 5 बजे गांव का ही एक व्यक्ति व दूसरा ग्राम नारायणपुर निवासी व्यक्ति जबरन घर से ले गए। मृतक की पत्नी के विरोध के बावजूद दोनों आरोपी उसे खेत पर बतर देखने के बहाने से शराब की दुकान होते हुए ले गए। प्रतिपाल के अनुसार, शराब की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में इनकी उपस्थिति दर्ज हुई है। मूल रूप से यह आरोप लगाया गया है कि खेत पर ले जाकर राजेन्द्र की निर्मम हत्या कर दी गई और शव को रामपुर मौजा के चिरोल गांव में एक पेड़ पर लटका दिया गया, जिससे आत्महत्या का भ्रम फैलाया जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों में करौंदा गांव निवासी मूसा खां के पिता याकूब ने तीनों को मोटरसाइकिल पर जाते देखा था। अगले दिन सुबह मूसा खां ने ही फोन पर राजेन्द्र के परिजनों को सूचना दी कि उनका भाई एक पेड़ से लटका हुआ है। पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद उन्होंने 29 जून को महरौनी थाने में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ दिया गया, और हत्या जैसे गंभीर अपराध में भी उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित प्रतिपाल सिंह ने बताया कि मृतक राजेन्द्र अपने तीन बच्चों (दो पुत्र, एक पुत्री) के जीवनयापन का एकमात्र सहारा था।

अब पूरे परिवार का कोई सहारा नहीं है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और परिवार को न्याय दिलाया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह जैसा कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

### सड़क मरम्मत न होने से जल निगम की ट्राली फंसी

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के जुगपुरा मोहल्ले में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद सड़क मरम्मत न कराए जाने से क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब सरकारी वाहन भी कीचड़ में फंस रहे हैं। बीते दिन जल निगम की एक ट्राली जो पाइप लोड कर लाई जा रही थी, कीचड़ भरी सड़क में बुरी तरह फंस गई। ट्राली के फंसने से स्थानीय आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। इससे न केवल सरकारी कार्य प्रभावित हुआ बल्कि आमजन को भी बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की हालत और भी बदतर हो गई है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मरम्मत के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। लापरवाही और शिथिल कार्यप्रणाली के कारण लोग रोजाना कीचड़ और गंदगी से होकर निकलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। छोटे बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे और बीमारों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो गया है।

# पांच हजार प्राइमरी स्कूल बंद करने के फैसले पर कांग्रेस का तीखा विरोध

सत्ता सुधार ■ ललितपुर



जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार के उस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें लगभग पांच हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद कर वहां पढने् वाले छात्र-छात्राओं, विशेष रूप से गरीब किसानों के बच्चों को अन्य स्कूलों में विलय करने की योजना है। कांग्रेस ने इसे बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन और शिक्षा के खिलाफ एक खतरनाक कदम करार दिया है।

कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक का कहना है कि इस नीति से बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और कई बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी ने मांग की है कि सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी पढ़ें, सभी बढ़ें की नीति पर अमल करे और स्कूलों को बंद करने का फैसला तत्काल वापस ले। जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। पार्टी ने कहा, बच्चों का भविष्य और शिक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि वह शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में काम करे, न कि स्कूलों को बंद कर बच्चों के भविष्य को अंधेरे में धकेले। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व प्रधान घटवार पं.शशिकान्त दीक्षित, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, मकरंद किलेदार विक्की, शिशुपाल नामदेव, ऊदल सिंह, आशीष दुबे, रामदेवी, रामनरेश दुबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, असलम खान, नेहा, रंजना, राजेश नायक, मोनू, सीताराम राय, जावेद, बहादुर सिंह एड. के अलावा अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।

### राज्य सहकारी संघ के निदेशक ने किया क्रय विक्रय सहकारी समिति का भ्रमण

# मां के नाम पर लगाए गए ये पौधे हमारी संस्कृति, संवेदनाओं का प्रतीक : जादौन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर



प्रधानमंत्री द्वारा प्रेरित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत क्रय-विक्रय सहकारी समिति परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उ.प्र.राज्य निर्माण सहकारी संघ निदेशक डा.प्रवीण सिंह जादौन ने समिति का भ्रमण कर सचिव से व्यवसाय की जानकारी प्राप्त कर समिति परिसर में पौधारोपण किया गया। डा.जादौन ने कहा कि मां के नाम पर लगाए गए ये पौधे हमारी संस्कृति और संवेदनाओं का प्रतीक हैं। हर नागरिक को इस अभियान से जुड़कर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वच्छ पर्यावरण दे सकें। कार्यक्रम में सहकारी विकास फेडरेशन ललितपुर-झांसी की अध्यक्ष बसंती लारिया ने पौधारोपण को जीवनदायिनी परंपरा बताया। कहा कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों के लिए आशा और सुरक्षा का भी प्रतीक हैं। माँ के सम्मान में लगाए जा रहे पौधे हमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देते हैं। पौधारोपण के दौरान नीम, अशोक, गुलमोहर समेत कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान सहकार भारती जिलाध्यक्ष विभूतिभूषण चौरसिया, संगठन प्रमुख धर्मसिंह कुशवाहा, महामंत्री कुंजबिहारी शर्मा, क्रय-विक्रय सहकारी समिति निदेशक ब्रजेश गुप्ता, हेमंत सेन, संदीप चौहान, मथुराप्रसाद सोनी, दिनेश कुमार नायक, शुभम जैन, मीना चौहान, रूपेश सोनी, नितिन सैनी, इंजी.जी.पी., अशोक कुशवाहा, हाकिम सिंह, राघवेंद्र सोनी, शुभम जैन, सुरेंद्र ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

### विद्युत ट्रान्सफर खराब होने से परेशान हैं ग्रामीण

**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा अंतर्गत ग्राम सिरसी के मजरा पुनियाखेरा के ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के जरिए ग्रामीणों ने मजरा में अविलम्ब विद्युत ट्रान्सफर रखवाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को अवगत कराया कि गांव में जो विद्युत ट्रान्सफर रखा था, वह करीब तीन माह से खराब पड़ा है और यहां की विद्युत आपूर्ति ठप है, जिसके चलते ग्रामीणों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि गांव के करीब 10 परिवारों का विद्युत बिल नियमानुसार अदा भी कर रहे हैं और यहां विद्युत आपूर्ति नहीं दी जा रही है।

यहां के ग्रामीण बारिश होने और बिजली न होने से भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। ग्रामीणों ने डीएम से गांव में अविलम्ब विद्युत ट्रान्सफर रखवाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय हरनाम सिंह, विन्द्रावन, धनकुंवर, अनीता, काशीराम, राजवेन्द्र, साकूलाल, रानी, नम्रता, बृजभान के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### इजरायल ने खरीदा ब्रह्मास्त्र, टच करते ही चिंदी बम भी बन जाएगा स्मार्ट

**तेलअवीव।** इस वक्त दुनिया में खतरनाक से खतरनाक हथियार जुटाने और इसका जखीरा बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। जंग के मैदान बने दुनिया के कई हिस्सों में हर तरफ गोले-बारूद और मिसाइलों से हुआ विनाश ही दिखाई देता है। बावजूद इसके युद्ध में कूद पड़े देश अपने हथियारों के जखीरे को बढ़ाने पर ही काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब इजरायल, अमेरिका से ऐसे हथियार खरीद रहा है, जिसका वार कभी खाली नहीं जाता। इजरायल-ईरान के युद्ध में इजरायल ने अपने हथियारों को जो डिस्प्ले किया, वो दुनिया ने देखा। हालांकि ईरान ने भी इसका जवाब धमाकेदार मिसाइलों से दिया था। ऐसे में अब इजरायल अपने तरकश में ऐसे स्मार्ट बम जोड़ रहा है, जो दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर देगा।

### शेख हसीना को 6 माह की सजा, बढ़ सकती हैं पूर्व पीएम की मुश्किले

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व पीएम शेख हसीना को छह महीने की कैद की सजा सुनाई है। हसीना पर बांग्लादेश में इस वक्त 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। यह अबतक पहला मामला है, जिसमें सजा का ऐलान किया गया है। हसीना पर अदालत की अवमानना के केस में यह सजा सुनाई गई है। शेख हसीना इस वक्त भारत में है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार है। कोर्ट ने शेखा हसीना से जुड़े फैसले में गैबांधा के गोविंदगंज के शकील अकंद बुलबुल को दो महीने की जेल की सजा सुनाई। यह पहली बार है जब अवामी लीग नेता को 11 महीने पहले पद छोड़ने और देश से भागने के बाद किसी मामले में सजा सुनाई गई है। 1 जुलाई को शेख हसीना ने मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोपों से इनकार किया था।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने दक्षिण अफ्रीका वापस जाने की दी थी चेतावनी

# धमकी के बाद बदले एलन मस्क के सुर, ट्रंप की तारीफ कर बताया शांतिदूत

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**



एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच तनातनी के बीच मस्क के अमेरिका में नई पार्टी की जरूरत वाले बयान का मतलब भी लोग नहीं समझ पाए थे कि एलन मस्क की एक और पोस्ट वायरल हो गई, जिसमें वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ कर रहे हैं। कल तक जिसके बनाए गए विधेयक को वह पागलपन और सनकी बता रहे थे, उसी को आज शांतिदूत बता रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क का यह बयान तब आया, जब ट्रंप ने उन्हें अमेरिका से दक्षिण अफ्रीका वापस जाने की चेतावनी दे दी थी। ट्रंप और मस्क के बीच का ये तनाव मई 2025 में तब शुरू हुआ जब मस्क ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी से इस्तीफा दे दिया था। ऐसा लग रहा है कि ये नीतिगत मतभेदों और व्यक्तिगत अहंकार की वजह से हुआ है, लेकिन हर दिन दिए एक-दूसरे को लेकर खट्टे-मीठे बयान अब कनफ्यूज कर रहे हैं।

एलन मस्क ने एक दिन पहले अपने एक्स पर लिखा था- अमेरिका को एक नई पार्टी की ज़रूरत है और देश की दोनों पार्टियां ही एक जैसी हैं। 2 जुलाई को उनके सुर ही बदल गए। उन्होंने एक्स पर लिखा- डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई गंभीर संघर्षों को सफलतापूर्वक सुलझाया है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट के साथ विशेष रूप से ट्रंप की गाजा में 60 दिन का युद्धविराम की घोषणा का जिक्र करते हुए ट्रंप का पोस्ट शेयर किया है। फ्लोरिडा में बने अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर की ओपनिंग की खबरों के बीच ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या एलन मस्क को भी अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा क्योंकि वह अमेरिकन नहीं हैं? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा 'पता नहीं, इस पर गौर करना पड़ेगाज'। ट्रंप के इस रिएक्शन पर एलन मस्क ने गोलमोल जवाब एक बार फिर सोशल मीडिया पर दिया लेकिन उसके कुछ घंटे बाद की गई ट्रंप की तारीफ बताती है कि एलन मस्क अपना नुकसान करना नहीं चाहते हैं। वैसे भी मस्क जानते हैं कि ट्रंप अपने अहंकार में कुछ भी कर सकते हैं।

बता दें एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की दोस्ती साल 2024 में परवान चढ़ी, जब राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने ट्रंप को 250-300 मिलियन डॉलर की मदद की। उन्होंने एक्स प्लेटफॉर्म भी खरीदा और सुपर पीएसी के जरिए आर्थिक सहयोग भी दिया। बदले में ट्रंप ने सरकार बनते ही मस्क को डॉज में लगा दिया। उनका यही कदम इस दोस्ती के लिए घातक साबित हुआ। उन्होंने डॉज से इस्तीफा दिया और ट्रंप के बिग ब्युटीफुल बिल का विरोध करना शुरू कर दिया। यहीं से शुरू हुआ विवाद फिर कभी सुलझ ही नहीं पाया।

# पाकिस्तान के मददगार अजरबैजान को सबक सिखाने की तैयारी में रूस

**एजेंसी ■ मॉस्को**



पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस दौरान अजरबैजान ने पाकिस्तान की जमकर मदद की थी। अब इस देश ने रूस से भी पंगा लेना शुरु कर दिया है। माना जा रहा है कि रूस अजरबैजान को सबक सिखाने की तैयारी कर रहा है। रूस और अजरबैजान के बीच हाल के दिनों में तनाव तेजी से बढ़ा है। ये दोनों देश कभी सोवियत संघ का हिस्सा थे और लंबे समय तक एक-दूसरे के करीबी सहयोगी रहे, लेकिन अब एक गंभीर राजनयिक विवाद में उलझ गए हैं। इस तनाव की शुरुआत कुछ खास घटनाओं से हुई, जिन्होंने दोनों देशों के रिश्तों को गहरी चोट पहुंचाई है। अजरबैजान के बारे में बता दें कि इस देश के भारत के भी रिश्ते कुछ खास नहीं हैं। अजरबैजान खुलकर भारत के दुश्मन देश यानी पाकिस्तान का समर्थन करता है। 27 जून को रूस के येकातेरिनबर्ग शहर में रूसी पुलिस ने अजरबैजानी मूल के लोगों के खिलाफ एक बड़ी छापेमारी की। यह छापेमारी 2000 के दशक की कुछ हत्याओं की जांच के लिए थी, जिनमें अजरबैजानी अपराधी गिरोहों का हाथ माना जा रहा था। इस दौरान दो अजरबैजानी भाई, हुसेन और जियाद्दिन सफारोव की हिरासत में मौत हो गई। अजरबैजान का दावा है कि इन दोनों को रूसी पुलिस ने क्रूरता से पीटा और यातना दी, जिससे उनकी मौत हुई। वहीं, रूस का कहना है कि एक की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई, और दूसरी मौत की जांच चल रही है। अजरबैजान ने इसे जानबूझकर हत्या और यातना करार दिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव भड़क उठा।इस घटना के जवाब में, अजरबैजान ने बाकू में रूसी सरकार द्वारा संचालित मीडिया आउटलेट स्पूतनिक अजरबैजान के दफ्तर पर छापा मारा। इस छापेमारी में स्पूतनिक के दो वरिष्ठ पत्रकारों, इगोर कार्ताविख और येवगेनी बेलौसोव सहित सात रूसी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। उन पर धोखाधड़ी, अवैध व्यापार और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप लगाए गए। इसके अलावा, लगभग 15 अन्य रूसी नागरिकों को ड्रग तस्करी और साइबर अपराध के आरोप में हिरासत में लिया गया। रूस ने इन गिरफ्तारियों को अनुचित और प्रतिशोधी बताया, जिससे विवाद और गहरा हो गया।

### इंडोनेशिया में डूबी नाव, 65 लोग बहे, चार शव मिले, बाकी के लापता


**बाली।** इंडोनेशिया के बाली शहर के पास भयानक हादसा देखने को मिला है। बुधवार देर रात एक यात्रियों से भरी नाव 'केएमपी तुनु प्रतम जया' डूब गई। यह नाव पूर्वी जावा के केतापंग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह की ओर रवाना हुई थी, लेकिन आधे घंटे के अंदर ही समंदर की लहरों ने उसे निगल लिया। इस नौका में कुल 65 लोग सवार थे, जिनमें 53 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। साथ में 22 वाहन भी थे, जिनमें 14 ट्रक शामिल थे। अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं और 23 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें से कई को बेहोशी की हालत में समुद्र की लहरों से निकाल कर जिंदा बचाया गया।

# क्यूबा में प्रति 155 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध



**एजेंसी ■ हवाना**

क्या आप जानते है कि क्यूबा में प्रति 155 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है, जो अमेरिका और इटली जैसे देशों से बेहतर अनुपात है। क्यूबा हर साल हजारों बेहतरीन डॉक्टर तैयार करता है जो पूरी दुनिया में अपनी सेवाएं देते हैं। क्यूबा के डॉक्टरों की प्रतिष्ठा इतनी मजबूत है कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन भी इसके हेल्थ सिस्टम को एक उदाहरण मानता है और कहता है कि बाकी देशों को इससे सीखना चाहिए। इसका उदाहरण वर्ष 2020 से 2023 तक जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, एक छोटा सा देश सबसे आगे खड़ा नजर आया। यह देश है क्यूबा। करीब 1.15 करोड़ की आबादी वाला यह देश दुनिया के सबसे ज्यादा देशों में अपने डॉक्टर भेजने वाला बन गया। उसने अपने दम पर पांच कोरोना वैक्सीन विकसित कीं। क्यूबा की चिकित्सा शिक्षा दुनिया में सबसे बेहतरीन मानी जाती है। यह पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र भी डॉक्टर बन पाते हैं। दाखिला हाईस्कूल में अच्छे अंकों और प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलता है, और ग्रामीण छात्रों के लिए विशेष कोटा भी है। यहां के सभी मेडिकल कॉलेज सरकारी हैं और शिक्षा में सरकार का निवेश बहुत ज्यादा है। प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर खास जोर दिया जाता है।



# देश में नशे के सौदागरों का बढ़ता जाल

भारत में नशे का संकट अब व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपदा बन चुका है। ड्रग माफिया, तस्करी, राजनीतिक संरक्षण और सामाजिक चुप्पी–सब मिलकर युवाओं को अंधकार में ढकेल रहे हैं। स्कूलों से लेकर गांवों तक नशे की जड़ें फैल चुकी हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, सोच और सभ्यता का संकट है। समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, संवाद, शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व से आएगा। अगर आज हम नहीं जगे, तो कल हम एक खोई हुई पीढ़ी का मातम मनाएंगे। भारत आज एक दोहरी लड़ाई लड़ रहा है–एक तरफ तकनीक और विकास की उड़ान है, और दूसरी ओर समाज के भीतर नशे का अंधकार फैलता जा रहा है। नशा अब सिर्फ एक व्यक्तिगत बुराई नहीं रह गया, बल्कि यह एक संगठित उद्योग, एक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र और एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है। देश के गाँव से लेकर शहर तक, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और अमीरों की पार्टियों से लेकर गरीबों की गलियों तक, नशे के सौदागर अपना जाल फैलाए बैठे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब यह जाल केवल शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशे, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोकीन जैसे घातक पदार्थ अब भारत के युवाओं के जीवन को खोखला कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मणिपुर, गोवा जैसे राज्यों में तो यह जहर सामाजिक ताने-बाने को चीर चुका है। एक ओर सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाने की बात करती है, दूसरी ओर लाखों नौजवान नशे की गिरफ्त में अपनी ऊर्जा, जीवन और भविष्य गंवा रहे हैं।

नशे के पीछे एक पूरा तंत्र सक्रिय है–पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है। एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को लाइफस्टाइल का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है।



वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब युवा–जो बेरोजगारी, हताशा और टूटी हुई उम्मीदों के शिकार हैं–उन्हें नशा एक अस्थायी राहत की तरह दिखता है। दोनों ही हालात समाज को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नशा जिस तरह से प्रवेश कर चुका है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी चेतावनी है। कई रिपोर्टें बताती हैं कि स्कूल के बच्चे तक ड्रग्स की चपेट में हैं। छोटे-छोटे पाउच, चॉकलेट जैसे पैकेट्स, खुशबूदार पाउडर–इनके ज़रिए नशा परोसा जा रहा है।



श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

### परिवर्तन को समर्थ बनाना :

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

**सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्व कर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।**

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वनरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।

हम अक्सर कहते हैंः सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है।

जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है -ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्व कर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूँ। इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्याखवस्थाआ देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है।

देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पालदन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है ।

10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लैटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वापूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है।

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में



समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है।

पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है।

एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है।

पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ये लक्षित प्रयास ठोस नतीजे दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एच एम आई एस) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 918 (2014-15) से बढ़कर 930 (2023-24) हो गया है, जिसमें 12 अंकों का शुद्ध सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। मातृ मृत्यु दर 130 प्रति 1000 जन्म (2014-16) से घटकर 97 प्रति 1000 जन्म (2018-20) हो गई है - जो हमारी सरकार के पिछले एक दशक के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है। प्रत्योक बच्चाो पोषित, सुरक्षित और संरक्षित वातावरण का हकदार है। हाल के वर्षों में, डिजिटल परिवर्तन ने बाल संरक्षण और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत, मंत्रालय ने केयरिंग्स पोर्टल (बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली) के माध्यम से गोद लेने के इकोसिस्टसम को मजबूत किया है। यह डिजिटल इंटरफ़ेस एक अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल गोद लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

डिजिटलीकरण ने बाल देखभाल संस्थानों, पालन-पोषण केंद्रों और जेजे अधिनियम के तहत वैधानिक सहायता संरचनाओं की निगरानी में भी सुधार किया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा विकसित प्लेटफॉर्म बाल अधिकारों के उल्लंघन पर सक्रिय रूप से नज़र रख रहे हैं। इस बीच, मिशन वात्सल्य डैशबोर्ड विभिन्न बाल कल्याण हितधारकों के बीच अभिसरण और समन्वय को मजबूत करता है।

यह नया भारत है - जहाँ शासन प्रौद्योगिकी से मिलता है, और जहाँ नीति उद्देश्य से मिलती है। पिछले दशक में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने न केवल डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है - बल्कि इसका समर्थन भी किया है। जैसे-जैसे हम अमृत काल में आगे बढ़ रहे हैं, मंत्रालय प्रत्येक महिला और प्रत्येक बच्चे का राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व करना जारी रखेगा। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ सशक्तिकरण महज नारा भर नहीं है - बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तविकता है।

(लेखिका केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)

# बेरहम बरसात का कहर खौफनाक मंजर कब थमेगा

बेरहम बरसात हिमाचल को गहरे व अमिट जख्म दे रही है जख्म तो भर जाएंगें मगर निशान अमिट रहेगें। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक बरसात का कहर जारी है । 56 लोग लापता हैं और 19 लोगों की मौत हो चुकी है सैंकडों लोग असमय ही काल के गाल में समा गए।देवभूमि में प्रकृति ने काफी खौफनाक तांडव हो रहा है द्य कुल्लू के बंजार मे 250 सैलानी को सुरक्षित निकाल दिया द्ध द्य प्रदेश में.245 सड़के बंद हो चुकी हैं और 918 बिजली के ट्रांसफार्मर ध्वत हो चुके हैं 683 पेयजल योजनाएं तबाह हो गई हैं द्यजून महीने से ही यह बरसात शुरू हो गई है ।बरसात ने खौफनाक रौद्र रुप दिखा रही है।बरसात जिंदगियां लील रही है।सैंकड़ों लोग मौत के आगोश में समा चुके है।आशियाने जमींदोज हो रहे हैं। 30 जून 2025 की काली और खौफनाक रात को गोहर के सयाँज मे बादल फटने से परिवार के नौ लोग जमीदोज हो गए हैं द्य करसोग मे भी तीन लोगों की मौत हो गई है चारों तरफ तबाही की इबारत लिखी



जा रही है अभी तो जुलाई और अगस्त महीने मे पता नहीं कितने लोगों को प्रकृति मौत की गोद सुला देगी प्रकृति के इस खौफ से जनमानस खौफजदा है द्यकुल्लू के सेंज गाँव मे चार दिन पहले बादल फटा था जिसमें बाप बेटी की दर्दनाक मौत हो गई थी द्य गत वर्ष 26 सितबर को रोनहाट में आधी रात को भूस्खलन होने से एक घर दब गया और उसमें छह लोगों की मौत हो गई थी दबने वालों में चार बच्चे व पति पत्नी थे। यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ।24 घंटों में 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।20 अगस्त 2022 की रात को हिमाचल के लोग कभी नहीं भूल पाएंगें।20 अगस्त को मंडी के गोहर के काशन में एक मकान जमींदोज हो गया था जिसमें एक ही परिवार के आठ लोग जिंदा दफन हो गए थे।एक घर से जब आठ अर्थियां उठी थी तो कायनात कांप उठी थी। बरसात का ऐसा कहर 2018 में हुआ था।चार साल बाद बरसात ने लोगों को एक बार फिर रौद्र रुप दिखाकर तबाही का मंजर दिखाया।बरसात में कहीं भूस्खलन हो रहा था तो कहीं पहाड़ दरक रहे थे।इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा था। प्रदेश की संडकें धंस रही थी।गांड़ियां फिसल रही थी।भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया था मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया था।युवक की स्कूटी नाले में बह गइ थीं।आनी में भी भूस्खलन से श्रध्द्रालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे।मवेशी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है।गौशाला गिरने से 2 मवेशियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी कुछ लोग लापता हो गए थे।मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है। हिमाचल प्रदेश को अब तक करोड़ों का नुक्सान हो चुका है।मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक काफी लोग अपनी जान गंवा चुके है व लोग घायल हुए हैं।मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेश में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं।गत वर्ष 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे।चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे।बारिश की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है।




नरेन्द्र भारती

गत वर्ष भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी।गत वर्ष शिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ थीं।नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं।गत वर्ष लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे।प्रदेश में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है।कुल्लु ,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है।प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। इससे पहले हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं।बरसात में प्रदेश में कई भीषण त्रासदियां हो चूकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चे मारे गए तो कहीं सैंकडों पशुओं की दबकर मौत हो गइ थीं।दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोडों की संपति तबाह हो गई। पहाड के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुक्सान हो रहा है।प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते है लाशे मलवे में दफन हो गई है।किन्नौर में पहाड़ दरकने से लोग खौफजदा हैं।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं।कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है।हर राज्य में बरसात से त्रासदी हो रही है। भीषण बाढ़ के चलते आधे से ज्यादा इस बारिश़ में अब तक दर्जनों लोगों की असमय मौत हो चूकी है। हिमाचल में भी बरसात का कहर रौद्र रुप दिखा रहा है। पिछले साल बिलासपुर में भी एक पहाड़ी के दरकने से लोग बाल-बाल बच गए थे।अगर यह मलवा लोगों पर गिरा होता तो न जाने कितने घरों के चिराग बूझ जाते।

## प्रेरणा

# सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी। एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है। सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं। आपको मेरा पता चल गया? राजा को उसकी बात समझ आ गई और उसने उसे छोड़ दिया। क्योंकि यह साबित हो गया थी कि राजा के मन में वह समर्पण का भाव नहीं था जो उस प्रेमिका में था। उसके प्रेम में वह तीव्रता और वलंतता थी जिसने राजा को सोचने पर मजबूर कर दिया।



# स्वामी विवेकानंदः विचारों के युगदृष्टा, युवाओं के पथप्रदर्शक

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्त्वि के धनी माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद के बारे में कहा जाता है कि वे स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को खाना खिलाते थे और बाहर ठंड में सो जाते थे। मानवता के वे कितने बड़े हितैषी थे, यह उनके इस वक्तव्य से समझा जा सकता है कि भारत के 33 करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की भांति मंदिरों में स्थापित कर दिया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का



संचार करने का कार्य किया। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ''ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।''11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी।

## ब्रीफ न्यूज

### गिरवी रखी जमीन पर कब्जे का आरोप, पीड़ित ने एसपी से न्याय की लगाई गुहार



**गुना।** जिले के बमोरी थानांतर्गत ग्राम चक पारसी खेड़ा निवासी सुनील सहरिया ने पुलिस अधीक्षक गुना को आवेदन देकर अपनी पुश्तैनी जमीन को मुक्त कराने की गुहार लगाई है। सुनील का आरोप है कि उनके पिता नारायणलाल ने वर्ष 2009 में गांव पन्हेटी निवासी नोला बंजारा को 10 बीघा जमीन 62,000 में मात्र 9 माह के लिए गिरवी रखी थी, लेकिन तय अवधि बीत जाने के बाद भी जमीन वापस नहीं की गई। सुनील के अनुसार, फरवरी 2010 में उन्होंने नोला बंजारा से संपर्क कर पैसे लौटाकर जमीन वापसी की बात की, लेकिन नोला ने बहाना बनाकर कुछ साल और खेती करने की बात कह दी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण से कुछ और वर्ष उसे खेती करने दी, मगर अब जब जमीन वापस मांगी जा रही है, तो नोला बंजारा 30 लाख की मांग कर रहा है और धमकी दे रहा है कि पैसे नहीं दिए तो जमीन को भूल जाओ। आवेदन में सुनील ने यह भी उल्लेख किया है कि नोला उनके घर आकर धमकाने तक लगा है और जमीन को जबरन अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहा है। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी उन्होंने इस संबंध में 4 अप्रैल और 5 मई 25 को थाने में आवेदन दिया था, जिस पर शुरुआत में पुलिस ने कुछ मदद की, लेकिन फिर कार्रवाई ठंडी पड़ गई। अब एक बार फिर सुनील ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि उन्हें उनका हक दिलाया जाए और कब्जाधारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिससे न्याय हो सके और जमीन वापस मिल सके।

### पेट्रोल पंप पर माप में गड़बड़ी का आरोप, ग्राहक ने शिकायत कर जांच की मांग की



**गुना।** शहर के एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की मात्रा को लेकर उपभोक्ता द्वारा गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित अमित जैन निवासी साई टाउनशिप ने कोतवाली थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने बुधवरा रात लगभग 8ः45 बजे अपनी गाड़ी क्रमांक एमपी 08 एमजे 7806 में 200 का पेट्रोल भरवाया था। लेकिन उन्हें आशंका हुई कि पेट्रोल तय मात्रा से कम डाला गया है। अमित जैन के अनुसार, जब उन्होंने पंप कर्मचारी से विरोध किया तो कर्मचारी ने पहले तो बहस की, लेकिन बाद में जांच की बात मानते हुए पेट्रोल माप यंत्र से दोबारा पेट्रोल डाला। माप के दौरान 1 लीटर 800 मिलीलीटर पेट्रोल ही निकला, जबकि मशीन में दावा 1 लीटर 860 मिलीलीटर का था। इस पर जब अमित ने स्पष्ट तौर पर बताया कि उनकी गाड़ी में पहले से पेट्रोल मौजूद था और वाहन चलकर आया था, फिर भी निर्धारित मात्रा में ईंधन न मिलना स्पष्ट गड़बड़ी को दर्शाता है। शिकायत में अमित जैन ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही, तो पंप कर्मचारी ने उन्हें रोकते हुए कहा कि आप शिकायत मत करो, मैं आपकी गाड़ी की टंकी फुल कर देता हूं और पैसे भी वापस लौटा देता हूं।

### 4 जुलाई को 37 वर्षों बाद होगा ऐतिहासिक मंगल प्रवेश, शहर स्वागत की व्यापक तैयारियां

# पैदल विहार करते हुए ससंघ पुण्योदय तीर्थक्षेत्र बजरंगगढ़ पहुंचे मुनिश्री योग सागरजी

सत्ता सुधार ■ गुना

समाधिस्थ आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज और वर्तमान आचार्यश्री समय सागरजी महाराज के गृहस्थ जीवन के भ्राता, ज्येष्ठ निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागरजी महाराज का 37 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद गुना जिले में पुनः मंगल प्रवेश हुआ है। यह ऐतिहासिक अवसर जैन समाज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण बन गया, जब गुरुवार को मुनिश्री ससंघ ग्राम छीपोन से विहार करते हुए बजरंगगढ़ स्थित शांतिनाथ पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र पहुंचे।



**पुण्योदय तीर्थ पर मुनिसंघ ने किए दर्शन:** मुनिश्री योग सागरजी के साथ मुनिश्री निरोग सागर, निर्मोह सागर, निरामय सागर एवं निर्भीक सागरजी महाराज सहित ऐलकगण सुधार सागर, चैत्य सागर, अपार सागर एवं स्वस्तिक सागरजी महाराज का भी संघ सहित आगमन हुआ। बजरंगगढ़ स्थित पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र पर मूलनायक भगवान शांतिनाथ, कुंथुनाथ एवं अरहनाथ भगवान के दर्शन कर मुनिसंघ ने पुण्य क्षेत्र को पावन किया। तत्पश्चात क्षेत्र पर ही मुनिसंघ की आहारचर्या संपन्न हुई।

**धार्मिक कार्यक्रमों से पुण्य क्षेत्र हुआ आलोकित:** मुनिसंघ के पावन सान्निध्य में पुण्योदय तीर्थ पर भगवान शांतिनाथ का शांतिधारा, अभिषेक एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस पावन अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। मुनिसंघ की चरण रज से तीर्थ क्षेत्र की दिव्यता और भी निखर उठी है।

**गुना नगर में 4 जुलाई को होगा भव्य प्रवेश:** गुना जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन, महामंत्री अनिल जैन (अंकल), बजरंगगढ़ कमेटी अध्यक्ष इंजीनियर एस.के. जैन एवं महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि मुनि ससंघ का गुना नगर में भव्य प्रवेश 4 जुलाई को दोपहर 2ः31 बजे होगा। इसके लिए नगर में स्वागत एवं अगवानी की भव्य तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुनिसंघ के आगमन को लेकर गुना, बजरंगगढ़ एवं आरोन सहित आसपास के जैन समाज में उल्लास और धर्मप्रेम की लहर दौड़ गई है। समाजजन मंगल प्रवेश के पावन क्षणों का साक्षी बनने को उत्साहित हैं। नगर के धार्मिक संगठनों द्वारा भी स्वागत के लिए व्यापक सहभागिता की जा रही है। इस दौरान मुनिसंघ की अगवानी का जुलूस बीजी रोड नसियांजी से जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, नीचला बाजार, बताशा गली से चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगा। यहां मुनिसंघर अगले चार महीने चातुर्मास में तप, साधना करेंगे।

#### नगर में सजेगा धर्ममय दृश्य

गुना नगर में मुनिसंघ के प्रवेश अवसर पर जगह-जगह तोरणद्वार, पुष्प वर्षा, गगनभेदी घोष और भक्ति गीतों से वातावरण धर्ममय हो उठेगा। गुना जैन समाज ने सभी धर्मप्रेमियों से इस पावन अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

# हंगामे के बाद संवाद : वकीलों के बीच पहुंचे कलेक्टर

### बोले- विरोध हो, पर मर्यादा में, वकीलों ने भी दिलाया सहयोग का भरोसा

**बुधवार को भड़के वकीलों ने डॉग को पहनाई थी कलेक्टर की पट्टी, गुरुवार को वकीलों के बीच पहुंचे कलेक्टर तो मिले गुलदस्ते**

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला न्यायालय परिसर को शिफ्ट किए जाने की सुगबुगाहट ने गुना के वकीलों और प्रशासन के बीच तकरार की चिंगारी को हवा दे दी। बुधवार को हुए चक्काजाम और विवादित प्रदर्शन के बाद गुरुवार को पूरे घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया, जब कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल स्वयं जिला न्यायालय पहुंचे और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र व अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में वकीलों के साथ संवाद स्थापित किया। कलेक्टर ने बीते दिन की घटनाओं पर अफसोस जाहिर करते हुए स्पष्ट कहा कि प्रशासन की मंशा केवल जिले के विकास की है, न कि टकराव की। उन्होंने कहा कि



हमें गुना को गुनाहों से नहीं, बल्कि उपलब्धियों से पहचान दिलानी है। अगर कहीं प्रशासनिक समन्वय में चूक हुई है तो वह सुधारी जाएगी, लेकिन विरोध का तरीका ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे पूरे जिले की छवि पर आंच आए।

दरअसल बुधवार को न्यायालय परिसर के स्थानांतरण के विरोध में वकीलों ने हनुमान चौराहे पर करीब ढाई घंटे का चक्काजाम किया था। ज्ञापन देने पहुंचे वकील कलेक्टर की अनुपस्थिति से आक्रोशित हो उठे और एक पालतू डॉग के गले में कलेक्टर गुना लिखी नेमप्लेट टांगकर उसे ही प्रतीकात्मक रूप से ज्ञापन सौंप दिया। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई और मामला सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक की जानकारी में पहुंच गया।

कलेक्टर ने अपने बयान में कहा कि बुधवार को वे कलेक्ट्रेट पहुंच चुके थे और ज्ञापन लेने के लिए एडीएम, एसडीएम जैसे अधिकारी वहां मौजूद थे। लेकिन जब वकीलों की यह विशेष मांग आई कि वे केवल कलेक्टर को ही ज्ञापन देना चाहते हैं, तब समय निर्धारित किया गया। उन्होंने कहा, विरोध का तरीका इतना उग्र न हो कि वह विकास की जगह विनाश का संदेश देने लगे। उन्होंने वकीलों से अपेक्षा जताई कि भविष्य में प्रशासन और अभिभाषक समाज आपसी तालमेल से जिले के हित में कार्य करेंगे। इस मुलाकात के दौरान वकीलों ने भी अपनी बात रखी और कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला प्रशासन और वकीलों के बीच हुआ यह संवाद भविष्य में प्रशासनिक कार्यों को सुचारू और सहयोगात्मक दिशा में ले जाने की संभावना की एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

# पंडितजी सुनाते रहे कथा, चोर ने दान में डाला डाका

### कथा पांडाल में श्रद्धालुओं के बीच घुसा चोर, मंच के पास से उड़ाई दान की थैली, पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया पर्दाफाश

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कुंभराज में एक ओर जहां श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें भक्ति रस में डूबी थीं, वहीं दूसरी ओर एक चोर मौके की ताक में बैठा था। घटना कुंभराज के गुरु महाराज मंदिर परिसर की है, जहां पाराशर परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान दान की राशि पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। लेकिन चोर यह नहीं जानता था कि इस बार उसकी हरकत कैमरे में कैद हो चुकी है और पुलिस उसकी हर चाल पर नजर रख रही है। घटना गत दिवस तब की है जब कथावाचक पंडित भरतलाल शास्त्री कथा मंच से सुदामा चरित्र सुना रहे थे। कथा में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की भावना से श्रोता भाव-विभोर थे, तभी भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक मंच के पास पहुंचा और वहां रखी दान राशि से भरी थैली चुरा ली। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

कथा के समापन के बाद जब दान थैली गायब मिली, तो आयोजकों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। कुंभराज थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घंटों



में सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोर की पहचान की और उसे धरदबोचा। चोर की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी गई रकम भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बरामद राशि को कथावाचक पंडित भरतलाल शास्त्री को सौंप दिया। पुलिस जांच में पता चला कि पकड़ा गया युवक नशे का आदी है और पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। थाने से उसे न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेजे जाने की संभावना है। इस त्वरित कार्रवाई पर कथावाचक पंडित शास्त्री ने पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी मुस्तैदी से श्रद्धालुओं का भरोसा मजबूत होता है और आयोजनों की गरिमा भी बनी रहती है। वहीं आयोजक परिवार और श्रद्धालुओं ने भी पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक मिसाल बताया।

## बिजली कर्मचारी पर हमला, ड्यूटी के दौरान मारपीट कर तोड़े उपकरण; 6 पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के बमोरी वितरण केंद्र के एक बिजली कर्मचारी के साथ ड्यूटी के दौरान मारपीट और गालीगलौज की घटना सामने आई है। घटना गत रात ग्राम पाटन के पास स्थित सब स्टेशन पर हुई, जहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को कुछ लोगों ने बिजली लाइन चालू-बंद करने की बात को लेकर बेरहमी से पीटा और सब स्टेशन में लगे उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अजय लोधा (24), निवासी ग्राम धरावला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक शिफ्ट में कार्यरत था। इसी दौरान अकुशल कर्मचारी मिन्जू अहिरवार द्वारा उसे फोन पर पाटन आबादी की बिजली लाइन चालू और बंद करने के निर्देश दिए गए, जिसे उसने पालन किया। करीब 7ः30 बजे प्रताप भील, तोलसिंह भील, कालू भील निवासी पुरा लुहारी अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और अजय से बहसबाजी करने लगे। उन्होंने सवाल किया कि बिजली लाइन किसने चालू-बंद की। जवाब मिलने पर सभी आरोपियों ने अजय को गालियाँ देना शुरू कर दी और मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी।

## पुलिस की सख्त कार्यवाहियांः जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार, 7 साल से फरार वारंटी पकड़ा गया

गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और गंभीर आपराधिक प्रकरणों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में धरनावदा और जामनेर थाना पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में की गई सक्रिय कार्यवाहियों से पुलिस की मुस्तैदी स्पष्ट नजर आ रही है। धरनावदा थाना क्षेत्र में 3 मई 25 को हुए एक प्राणघातक हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों जुबेर खान और शानू उर्फ नईम खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह घटना उस वक्त सामने आई थी जब फरियादी नौशेर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे राजा खान पर लाठी, लुंहगी और गड़ासी से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जिला अस्पताल में भर्ती हुआ। इस मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध धाराएं 296, 115(2), 118(2), 351(3), 3(5) और 109 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा पूर्व में एक नाबालिग को भी बाल संप्रेषण गृह भेजा जा चुका है। अब शेष आरोपी शमी उल्ला खां की तलाश तेज कर दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रभात कटारे सहित टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।




वहीं दूसरी ओर, जामनेर थाना पुलिस ने मारपीट के एक सात वर्ष पुराने प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी दीवान सिंह उर्फ दीमान सिंह पुत्र गोरेलाल भील को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। वर्ष 2018 में दर्ज इस मामले में आरोपी के लगातार न्यायालय में अनुपस्थित रहने के कारण उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। बीती रात मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सुरेश सिंह कुशवाह और उनकी टीम ने उसे धर दबोचा।

दोनों मामलों में गुना पुलिस की तत्परता से साफ है कि जिले में अपराधियों के लिए अब कोई स्थान नहीं बचा है। एसपी अंकित सोनी के नेतृत्व में जिले की पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए लगातार गंभीर प्रयास कर रही है।

### युवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में सत्र 2025-26 की पीसीआई की मान्यता प्राप्त

**गुना।** जिले के प्रथम फार्मेसी इन्स्टीट्यूट में सन 2025-26 की फार्मेसी काउंसलिंग ऑफ इडिया की मान्यता आई। जो विद्यार्थी के लिये काऊसलिंग में प्रवेश हेतू लाभान्वित होंगी युवा इन्सीटयूट फार्मसी शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के समग्र विकास को लक्ष्य बनाते हुए एक नई पहल कर रहा है। इस इन्स्टीयूट का एक चार वर्षीय बैच इस समय पूर्ण हो चुका है जिसमे विद्यार्थी केंपस सिलेक्शन ले रहे हैं। युवा इन्सटयूट ऑफ फार्मसी गुना के माध्यम से छात्रों को ना केवल प्रशिक्षित किया जा रहा है बल्कि उन्हें नामी कंपनियों एवं सरकारी नौकरी में अवसर मिल रहे है। इनके माध्यम से नियमित वर्कशॉप हेड ऑन प्रयोग सेमिनार और ट्रेनिंग सत्र आयोजित किये जाते है। जिनका उद्देश्य पूर्ण रूप से प्रायोगिक अनुभव देना है। साथ ही कालेज का मानना है कि आज के प्रतिस्पर्धा युग में सिर्फ अकादमिक ज्ञान पर्याप्त नहीं बल्कि विद्यार्थियों को संचार कौशल व्यक्तित्व विकास कम्प्यूटर ज्ञान और वास्तविक उद्योग अनुभव का भी विकास होना चाहिये इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसरों के लिए तैयार होते है। युवा महाविद्यालय के चेयरमेन परीक्षित पाराशर का यह बिजन गुना जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है।

## चरनाई भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कुंभराज थानांतर्गत ग्राम बांसाहेड़ा खुर्द के ग्रामीणों ने चरनाई भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामवासियों का कहना है कि गांव की सार्वजनिक गोचर (चरनाई) भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर मवेशियों के चारे का संकट खड़ा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि गांव के ही बनवारी पुत्र मागीलाल माल जाटव, जो कि ग्राम जोहरोपुरा माजरा का निवासी है, पहले एक स्थान पर चरनाई भूमि पर कब्जा करता है, फिर उसे छोड़कर दूसरी जगह जाकर दोबारा कब्जा कर लेता है और बाद में उक्त भूमि को बेच देता है। ग्रामीणों के अनुसार यह प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है, जिससे चराई के लिए निर्धारित भूमि लगातार घट रही है।



इसके साथ ही ग्रामीणों ने अन्य व्यक्तियों के नाम भी आरोपित करते हुए बताया कि बोरमा, हजारीलाल, बद्रीलाल, रंगलाल और फूलचंद, सभी पुत्र गढ़या जाटव द्वारा भी ग्राम बाँसाहेड़ा खुर्द की गोचर भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। इन व्यक्तियों ने मिलकर लगभग 50 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिस पर गोशाला की गायें एवं अन्य मवेशी चरने जाते हैं। गांव के बुजुर्ग राधेश्याम, हजारीलाल और श्रीलाल समेत अन्य ग्रामीणों ने इस स्थिति को लेकर चिंता जताई है और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए, ताकि सार्वजनिक उपयोग की भूमि को कब्जाधारियों से मुक्त कराया जा सके और ग्राम की गौशाला तथा अन्य मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो यह विवाद और गहरा सकता है। ऐसे में वे चाहते हैं कि कलेक्टर व्यक्तिगत रूप से इस मामले को संज्ञान में लें और अविलंब समाधान सुनिश्चित करें।

### ग्रामीणों ने फॉर्म हाउस मालिक पर आरोप लगाते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग

# करंट युक्त कुएं में उतारने से हुई थी 5 मजदूरों की मौत

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के ग्राम ग्राम धरनावदा में स्थित भदौरिया कृषि फार्म में करंटयुक्त कुएं में मजदूरों को उतारने से हुई 5 जनों की दर्दनाक मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर इस पूरे घटनाक्रम के लिए फार्म मालिकों को दोषी ठहराते हुए उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, 24 जून को फार्म के एक पुराने कुएं में एक गाय गिर गई थी। यह जानते हुए भी कि पनडुब्बी मोटर के कारण कुएं में करंट फैल



रहा है, फार्म प्रबंधन ने मजदूर सोनू कुशवाह, मन्नू कुशवाह और पवन कुशवाह को गाय निकालने के लिए नीचे उतार दिया। करंट के कारण सोनू और मन्नू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पवन को लोगों ने खटिया बांधकर निकाला, जिससे उसकी जान बच सकी। इसके बाद फार्म प्रबंधन ने गांव से सिद्धार्थ सहरिया, शिवचरण साहू और गुरुदयाल ओझा को बुलाया और रस्सियों से बांधकर कुएं में उतार दिया। इनमें से तीनों की भी करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि फार्म मालिकों को पहले से पता था कि कुएं में करंट फैल रहा है, फिर भी उन्होंने मजदूरों को जानबूझकर खतरे में डालकर नीचे उतारा। हादसे के बाद भी किसी तरह की मदद नहीं की गई, बल्कि अफवाह फैलाई गई कि मौतें कुएं में गैस रिसाव से हुई हैं।

पवन कुशवाह, जो इस घटना में जीवित बचा है, उसका बयान इस बात की पुष्टि करता है कि मौतों का कारण कुएं में फैला करंट ही था। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि हादसे के बाद से अब तक दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आक्रोश है। आवेदन में मांग की गई है कि इस घटना में लापरवाही नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से गैर इरादतन हत्या का मामला बनता है, इसलिए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के छोटे-छोटे बच्चे और परिजन पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं, जिनकी पीड़ा की भरपाई असंभव है। न्याय की गुहार लगाते हुए परिजनों ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

## ई-रिक्शा यूनियन की बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव, 9 जुलाई की हड़ताल में शामिल होने का फैसला

**गुना।** ई-रिक्शा चालक एकता यूनियन सीटू की बैठक विगत दिवस सीटू कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा 13 सदस्यीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। बैठक की अध्यक्षता टीपू सुल्तान ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव कल्याण सिंह लोधी ने किया। बैठक को सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा, जिला महासचिव गिरीश कश्यप और मोहम्मद वसीम खान ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और ई-रिक्शा चालकों के अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित चालकों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें टीपू सुल्तान को अध्यक्ष, रहीम भाई को उपाध्यक्ष, अमन ओझा को महासचिव, गोलू चंदेल को सचिव और धर्मेंद्र चंदेल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में सद्दाम भाई, विकास रजक, संजू सिंह गौर, शाहरुख खान, नन्नू लाल साहू और धनपाल जाटव को शामिल किया गया, जबकि दो पद रिक्त रखे गए हैं।



बारिश के मौसम में मकान को खूबसूरत रखना बड़ा कठिन है। कहीं कोई सामान भीग रहा है तो कहीं फर्नीचर खराब हो रहा है। अगर इन सबसे बचना है तो थोड़ी सी सावधानियां रखकर इनसे बचा जा सकता है।

# बरसात में बनाएं घर को खूबसूरत

मानसून का मौसम आ गया है। इस मौसम में घर की खूबसूरती बनाए रखने में सबसे अधिक परेशानी आती है। सबसे पहले तो इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि घर में ह्यूमिडिटी को कम से कम किया जा सके। दूसरे इस बात के चलते घर के इंटीरियल पर कोई खास असर न पड़े। यदि आप बारिश के मौसम का भरपूर लुत्फ उठाना चाहते है तो इसके लिए आपको घर में कुछ बदलाव करना जरूरी है। आइए जानें ये बदलाब कैसे करें।

## हरी-भरी गली

इंडोर प्लांट्स के लिए मानसून सबसे अच्छा मौसम होता है। इस वक्त धूप कम होती है, इसलिए अपने सभी आउटडोर प्लांट्स को निकाल कर बारिश में रख सकते हैं। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपके प्लांट्स हरे-भरे और आकर्षक लगेंगे।

## फ्रेश वार्डरोब

मानसून में अच्छी धूप न मिल पाने के कारण कपड़े गीले रह जाते हैं। इस कारण से वार्डरोब में गीले कपड़ों की बदबू आने लगती है। आडोनिल के एयरफ्रेशनेस पैक्स, नैपथलीन, बाल्स, कपूर, नीम की पत्तियां और लांस का उपयोग इस स्मेल, बैक्टीरिया और फंगस से बचा जा सकता है।

## कारपेट एवं रग्स

मानसून में सबसे ज्यादा परेशानी अपने कारपेट्स और रग्स को संभालने में होती है। कारपेट और रग्स को ड्राई क्लीन कराने के बाद इन्हें प्लास्टिक बैग्स में संभाल कर रख देना चाहिए।

## लेदर प्रॉडक्ट्स

नमी के कारण लेदर प्राडक्ट्स, शूज, हैंड बैग्स, लैपटॉप बैग्स, सीट्स और सोफा सेट में फंगस से बचाने के लिए लेदर क्लीनर्स से इन्हें साफ किया जा सकता हैं।

## कर्टन के तरीके

मानसून में भी फैबिक्स की लेयर्स नहीं होनी चाहिए। इससे ह्यूमिडिटी बढ़ती हैं। परदों में हलके फैब्रिक्स का उपयोग करें। इसके लिए रेग्यूलर बेसिस पर शिफान, नेट और स्पेशल ओकेजंस पर टस्सर सिल्क फैब्रिक में कर्टन चुनें।

## चांदी के सामान

चांदी को सर्वाधिक नुकसान आक्सिडाइजेशन से होता है, जो बारिश के मौसम में होता है। नमी और हवा में मौजूद आक्सीजन दोनों मिलकर चांदी को काला बना देते हैं। इन्हें बचाने के लिए ज्यूलरी और बर्तनों को काटन फैब्रिक और पेपर में लपेट कर रख सकते हैं।

## टच वुड

मानसून का असर वुडेन फ्लोरिंग पर भी देखने को मिलता है। एक तो ह्यूमिडिटी और दूसरे गीले कारपेट व मेट, दोनों मिलकर वुडेन फ्लोरिंग, किचन वुड शेल्फ को जल्दी खराब कर सकते हैं। अधिक नमी होने से लकड़ी भीगकर टूटने- मुड़ने लगती है। इसके लिए मानसून से पहले इन्हें वैक्स कोटिंग करा लेना चाहिए।

## इलेक्ट्रानिक गैजेट्स

मानसून के मौसम में कैमरा लैंस, कम्प्यूटर मॉनिटर, एलसीडी टेलीविजन में फंगस लग जाती है। कैमरा केस में नमी को कंट्रोल करने के लिए उसमें सिलिकन बेग रखे जा सकते हैं। कंप्यूटर मॉनिटर और एलसीडी टेलीविजन के आसपास नमी पैदा करने वाली चीजों जैसे कूलर को दूर रखना चाहिए। क्लीनिंग के वैक्यूम क्लीनर का उपयोग बेहतर विकल्प हैं।



# साफ-सफाई के बेहतर टिप्स

बरसात के मौसम घर में अनेक वस्तुओं की साफ-सफाई करनी पड़ती है। इसके लिए ये टिप्स आपके लिए काफी मददगार साबित होगे।

- अगर कपड़े की झाड़न पर गर्द कुछ ज्यादा हो गई हो और सफाई में दिक्कत आ रही हो तो हाथों को थोड़ा गीला कर कपड़े पर फिरा दें फिर जल्दी से उसे ब्रश से झाड़ डालें नमी की वजह से कपड़े की पूरी गर्द आसानी से उतर जाएगी।
- रजाई-तकिए के कवर धोकर आखिरी बार खंगालते समय पानी में थोड़ा सिरका मिला दीजिए। अब देखिए चमत्कार, सिरके के अम्ल से कपड़ों से साबुन का क्षार फौरन उतर जाएगा। इससे कवर का कपड़ा भी मुलायम हो जाएगा।
- रजाई के कवर को आसानी से चढ़ाने के लिए धोने के बाद उलटा सुखा दें। उलटे कवर के अंदर रजाई के दोनों कोने डालकर गोल-गोल लपेटते जाएं। जब रजाई पूरी गोल हो जाए तो नीचे वाला सिरा खींच लें। रजाई के दोनों कोनों को पकड़ लें और साथ-साथ उठाकर दो तीन बार झटक दें। उलटा हुआ कवर सीधा होकर रजाई पर आसानी से सीधा होकर चढ़ जाएगा।
- आपके यहां डस्टबिन मेटल का है तो आप उसके अंदर से आने वाली बदबू से जरूर परेशान हो सकते हैं। इसका आसान सा इलाज है। मेटल के कूड़ेदान की बदबू खत्म करने के लिए उसमें पुराने अखबार डाल कर आग लगा दें। आग समस्या का समाधान कर देगी।
- टॉयलेट में बहुत बदबू आ रही हो तो थोड़ी देर के लिए इसे हटाने के लिए माचिस की तीली जला देना भर काफी है।
- आपके घर भी यदि खारा पानी आता है और आपके बाथरूम में हर चीज इसकी वजह से सफेद हो गई है तो आप इन सभी को पैराफिन से साफ कर सकते हैं। इससे बाथरूम का फर्श, बाथ टब और टोंटियां और वाशबेसिन साफ हो जाते हैं। इन पर जमे साबुन की चिकनाई और भी मैल साफ हो जाता है और पैराफिन से इनकी चमक भी लौट आती है।
- बाथरूम में पानी की टपकने या कहीं-कहीं पानी जमने से बने भूरे धब्बों को नमक और सिरके की बराबर मात्र के मिश्रण से दूर किया जा सकता है। टब, बाल्टी या पानी भरने के दूसरे बर्तन में भी यदि सफेदी जमा हो गई हो तो इसी विधि को उन पर भी आजमा सकते हैं।



# किराए का घर और साज-सज्जा

कई लोग जो किराये के घर में रहते हैं, उनके लिए घर की सजावट को लेकर कई समस्याएं होती हैं। विशेषकर उन लोगों के लिए, जिनका तबादला बार-बार होता रहता है। उनके लिए फर्नीचर भी ऐसा होना चाहिए, जिससे जगह बदलने पर मुश्किल न हो। जो लोग किराए के घरों में रहते हैं, वे अपना घर कैसे सजाएं? हम यहां किराए के घर में रहने वालों के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं।



- फर्नीचर हल्के बनवाएं। सोफे की जगह केन, रॉट आयरन-वुड कॉम्बीनेशन, मेकेनाइज्ड फर्नीचर या गद्दों का इस्तेमाल करें। ये फर्नीचर जल्दी नहीं टूटते हैं।
- अगर आप सोफा बनवाना चाहती हैं, तो गद्दी अलग रखवाएं।
- स्थानांतरण में इस्तेमाल होने वाले बड़े बॉक्स के ऊपर गद्दा डाल कर सेटी या मेज का काम ले सकती हैं।
- दीवारों पर न्यूट्रल रंग करवाएं, जो हर फर्नीचर के साथ अच्छा लगेगा।
- रोशनी के लिए टेबल लैंप या स्टैंडिंग लैंप लगवाएं। स्थायी व्यवस्था ना करें।
- घर में परदों का बहुत महत्व होता है। किराए के घर में अनेक बदरंगी दीवारों, अलमारियों आदि को ढंकने के लिए खूबसूरत परदे लगाएं।
- परदे खूबसूरत, शालीन व ऐसे रंगों के लें, जो आप घर बदलने पर भी इस्तेमाल कर सकें।
- फोल्डिंग डाइनिंग टेबल बहुउपयोगी होती है। इसे आप किसी भी कमरे में रख सकती हैं। यह जगह भी कम घेरेगी।
- घर के अंदर सिल्क प्लांट का इस्तेमाल करें। ये नकली प्लांट बेहद खूबसूरत, टिकाऊ और इस्तेमाल में आसान होते हैं।
- बेड व सेटी में स्टोरेज बनवाएं, ताकि सामान ले जाते समय दिक्कत न हो।
- किराए के घर में महंगे, भारी-भरकम फर्नीचर रखने का मोह छोड़ें।
- अगर कमरे बड़े हैं, तो दो या तीन सिटिंग अरेंजमेंट कर सकती हैं।
- घर जमाते समय समान की लिस्ट बना लें कि आपके पास क्या-क्या है और कौन-सी चीज आपने अटारी में रखी है।



आजकल लड़कियां बॉलीवुड और हॉलीवुड की नकल तेजी से कर रही हैं। हॉलीवुड में चर्चित ड्रेप्ड ड्रेसेज का चलन इंडिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। किसी खास पार्टी में इस तरह की ड्रेस पहने कोई न कोई दिख ही जाएगा। इन दिनों लड़कियों को ड्रेप्ड ड्रेस खूब भा रहा है। गाउन से मिलती-जुलती ड्रेप्ड ड्रेस बिल्कुल लेटेस्ट फैशन है।

# ड्रेप्ड ड्रेसेज सिलेब्रिटीज की खास पसंद

## क्या है ड्रेप्ड ड्रेस

जैसा कि इसके नाम से ही लग रहा है कि यह कोई ऐसा ड्रेस है जो लपेटा हुआ होता है। यदि आप इस ड्रेस को देखें तो ऐसा लगेगा कि किसी ने टॉवेल या बेडशीट लपेट लिया हो, लेकिन ऐसा नहीं है। यह एक पूरा का पूरा ड्रेस है। अपने देश में इसका चलन अभी शुरुआती दौर में हैं, लेकिन विदेशों में यह खूब पसंद किया जा रहा है। रिएलिटी शो बिग बॉस में हॉलीवुड एक्टर्स पामेला एंडरसन ने इस ड्रेस को पहन कर लोगों को ड्रेप्ड ड्रेस से रूबरू कराया था। अधिकांश लोग तो समझ ही नहीं पाए थे कि टॉवेल जैसी दिखने वाली यह ड्रेस आखिर में है क्या? क्या पॉमेला ने कोई कपड़ा लपेटा है या यह कोई खास ड्रेस है। फैशन डिजाइनर मानते हैं कि ड्रेप्ड ड्रेस फिटेड हो या लूज, अगर इसे अच्छे से कैरी करेंगी, तो वह खूब फबेगी। ड्रेप्ड ड्रेसेस को अभी तक बड़े महानगरों में ही पार्टियों में पहने देखा गया है।

## स्टाइल व पैटर्न

गाउन जैसा दिखने वाला ड्रेप्ड ड्रेस फैशन में लेटेस्ट ट्रेंड है। इस ड्रेस में सिलुएट्स व नॉट्स पैटर्न को खूब यूज किया जाता है। ड्रेप्ड ड्रेस को लूज ड्रेस माना जाता है, लेकिन डिफरेंट स्टाइल के कारण पतली लड़कियों को भी खूब पसंद आता है। कभी-कभार पहने जाने वाला यह ड्रेस काफी बोल्ड व सेक्सी लुक देती है।

## अलग-अलग है वैरायटी

अगर ड्रेप्ड ड्रेस की बात करें, तो यह कई वैरायटी में उपलब्ध हैं। आप इसे शॉर्ट, लॉन्ग, फिटेड व लूज पैटर्न में डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे, यह इटैलियन ड्रेस है, जो काफी हद तक जंप सूट से मिलती- जुलती है। इस ड्रेस की खूबी है कि इसे 20 से लेकर 40 साल तक की महिलाएं बड़ी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

वैसे तो ड्रेप्ड ड्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस की पहली पसंद है, लेकिन अब यह इंडिया में भी पॉपुलर होने लगी है। यह ड्रेस अभी बॉलीवुड तक ही सीमित है। फैशन डिजाइनर मानते भी हैं कि यह बॉलीवुड एक्ट्रेस को खास पसंद आ रहा है। यह एलिगेंट ड्रेस है और इंडियन वुमन की फिगर के हिसाब से एकदम परफेक्ट है। बॉलीवुड की एक्ट्रेस सोनम कपूर, कंगना राणावत, रानी मुखर्जी को ड्रेप्ड ड्रेस बहुत पसंद है और इनकी वजह से ही आम लड़कियों और महिलाएं भी इस ड्रेस की ओर अट्रैक्ट हो रही हैं।

## बेस्ट फैब्रिक

अगर आप ड्रेप्ड ड्रेस डिजाइन करवा रही हैं, तो इसके लिए जरूरी है बेस्ट फैब्रिक का चुनाव। चूंकि ड्रेप्ड ड्रेस में सिलुएट्स व नॉट्स खूब यूज की जाती हैं, ऐसे में लाइट कलर के फैब्रिक का चुनाव करना चाहिए। लाइट फैब्रिक में जॉर्जेट, साटन, जरदोजी, क्रे प, लिनन व जॉर्जेट का चुनाव बेहतर रहता है। यदि आप इंडो-वेस्टर्न लुक चाहती हैं तो उसके लिए भी ड्रेप्ड ड्रेस परफेक्ट है।

## परफेक्टकलर

ड्रेप्ड ड्रेस के लिए ब्राइट कलर चुनें। दरअसल, यह ड्रेस वेस्टर्न कॉन्सेप्ट पर बेस्ड है। ऐसे में ब्लैक, रेड, ग्रे व क्रीम कलर ट्राई कर सकती हैं। वैसे, अम्बर प्रिंट्स में भी ड्रेप्ड ड्रेस खूब पसंद की जा रही है। इसे आप दो से तीन कलर में डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे तो ड्रेप्ड ड्रेस प्लेन फैब्रिक में ही ज्यादा पसंद की जाती है, लेकिन आप इसे शादी व पार्टी के पर्पज से चाहती हैं तो इसमें स्वरोस्की, नग, लेस व सितारा वर्क करवा सकती हैं।



# हेयर स्पा या केराटिन ट्रीटमेंट क्या बेहतर है आपके बालों के लिए

आज के वक्त में हर कोई डैमेज हेयर की वजह से परेशान है। इसे लेकर कई तरह के घरेलू उपाय भी अपनाएं जाते हैं। लेकिन बालों को वो पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इससे बालों में चमक को बरकरार रखने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ती है। वहीं कई लोग आखिरी में अपने बालों के सही पोषण के लिए पार्लर जाना पसंद करते हैं। लेकिन वे समझ नहीं पाते हैं कि हेयर स्पा बेस्ट है या केराटिन ट्रीटमेंट। आइए बताते हैं आपके हेयर के लिए क्या बेस्ट है-

**क्या होता है केराटिन ट्रीटमेंट-** केराटिन ट्रीटमेंट बालों को पोषक तत्वों को पूरा करता है। इसकी कमी से बाल बेजान, डैमेज होने लगते हैं। हालांकि अलग-अलग बालों के टाइप के अनुसार इसे लगाया जाता है। अगर आपके बाल बहुत अधिक डैमेज हो रहे हैं तो आपको कैरेटिन का इस्तेमाल करना चाहिए। इसका असर करीब 4-5 महीने तक रहता है। इस दौरान आपको बालो का प्रॉपर ध्यान रखना होगा। 5 महीने बाद आपको वापस यही ट्रिटमेंट लेना होता है।

**हेयर स्पा-** हेयर स्पा बालों की बेहतरी के लिए होता है। इसका असर कुछ ही समय तक के लिए रहता है। अगर आपके बालों में डस्ट हो रही हो या बहुत ज्यादा रूखें हो रहे हैं तो आप हेयर स्पा ले सकते हैं। इससे आपके बाल फिर से मुलायम और बाउंसी हो जाएंगे। हेयर स्पा से आपके बालों में डीप कंडिशनिंग की जाती है, हालांकि इसमें बहुत अधिक प्रोटिन नहीं होता है। इसका असर अधिकतम 20 दिनों तक रहता है। इसलिए बालों को कंडिशनिंग करने के लिहाज से आप हेयर स्पा का चयन कर सकते हैं। अब आप समझ गए होंगे कि आप अपने बालों के लिए क्या पसंद करते हैं। हेयर स्पा या केराटिन ट्रीटमेंट। कैरेटिन आपके बालों को पोषक तत्व देगा और हेयर स्पा पोर्स के अंदर डीप कंडिशनिंग करता है।



# सरदार जी 3 विवाद पर आदित्य नारायण ने रखी राय

सिंगर आदित्य नारायण ने दिलजीत दोसांझ और उनकी फिल्म सरदार जी 3 के चल रहे विवाद पर अपनी राय दी है। आदित्य ने कहा कि भारत एक सहनशील देश है, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है। आदित्य ने कहा, मुझे नहीं पता मैं क्या कहूं या ना कहूं। मैं देशभक्त हूं। मेरे लिए हमेशा देश पहले है। सामने वाला देश (पाकिस्तान)... ये उनकी आदत है (आतंकवाद को समर्थन देने की)। हम भारतीय प्यार और एकता का संदेश फैलाते हैं। हम वसुधैव कुटुंबकम् में भरोसा करते हैं, लेकिन हम कब तक सहन करें? जो गलत है वो गलत है। समय सही नहीं है। अत्याचार हर भारतीय के दिमाग में ताजा है।

आदित्य ने आगे कहा, हमेशा कोशिश की कि दोनों देशों को करीब लाएं, चाहे खेल हो, म्यूजिक या फिल्म। पर सामने वाले की भी जिम्मेदारी होती है। ताली दोनों हाथ से बजती है। अब वक्त है कि हम देश के लिए स्टैंड लें। बहुत हो गया। थोड़ा सा सामने वाले से प्यार मिले तो हम सोचें। अब हमें भी प्यार चाहिए। आदित्य बोले- रिश्ते कभी अच्छे ही नहीं थे आदित्य ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि दिलजीत दोसांझ का फैसला सही है या गलत। उन्होंने कहा, जब इसकी कास्टिंग हुई होगी तब रिश्ते इतने खराब नहीं थे, लेकिन अगर देखें तो रिश्ते कभी अच्छे थे ही नहीं। हालात जटिल हैं, लेकिन देश पहले है। यही मेरा देश है। यही मेरी धरती है।

आदित्य बोले- मैं देश को पहले रखता और उम्मीद नहीं करता जब आदित्य से पूछा गया अगर वो दिलजीत की जगह होते, तो क्या करते? तो आदित्य बोले, मैं देश को पहले रखता। मैं किसी से कुछ उम्मीद नहीं करता। मैं उनके काम पर कुछ नहीं कहूंगा, लेकिन अगर मैं होता तो देश पहले रखता। हर भारतीय ऐसा करेगा। हम इंडिया से प्यार करते हैं। इंडिया में रहने वाले लोग इंडिया से प्यार करते हैं। इंडिया में ना रहने वाले भी इंडिया से प्यार करते हैं। हमारा देश इतना प्यारा है, हमारे साथ ऐसा क्यों किया जाता है? आदित्य ने आगे ये भी कहा, बस सुधार कीजिए। ये बहुत सेंसिटिव टॉपिक है। हर बात इंटरनेट पर ट्रोल होती है, लेकिन यही मेरी सोच है। हम हमेशा मेहमान नवाज और सहयोगी रहे हैं। अभी भी हैं। प्यार हमारा संदेश है, लेकिन सहनशीलता की भी सीमा है।



# कॉमेडी में सही टाइमिंग के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं रूही सिंह

एक्ट्रेस रूही सिंह अपनी आने वाली फिल्म मस्ती 4 में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए इस फिल्म के निर्देशक मिलाप जावेरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मिलाप जावेरी बेहतर तरीके से जानते हैं कि जनता को क्या पसंद आता है। साथ ही बताया कि वह दर्शकों को हंसाने के लिए कॉमेडी टाइमिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रही हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, वह शुरू से ही मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। वह मस्ती की खासियत और आम लोगों को क्या पसंद आता है, ये अच्छी तरह समझते हैं। मैं उनके निर्देशन के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह दर्शकों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी पसंद के हिसाब से फिल्म बनाते हैं। उनसे पूछा कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई तो उनकी प्रतिक्रिया क्या थी? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे मस्ती 4 का ऑफर मिला, तो मैंने उसके लिए तुरंत हामी भर ली। मस्ती एक बड़ी और प्रसिद्ध फिल्म सीरीज है जिसकी अपनी एक पहचान है, और उसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हुई। यह फिल्म एक शानदार कलाकारों की टीम, एक ऐसा निर्देशक जो फिल्म और दर्शकों को समझता है, और जिसमें मजाक-मस्ती मुख्य बात है, ये सब मिलकर फिल्म को बहुत मजेदार बनाते हैं। कुल मिलाकर, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि मैंने अपने दोस्तों के साथ ग्रैंड मस्ती देखी थी और हम बहुत जोर-जोर से हंसे थे। कॉमेडी करना मुश्किल होता है। कॉमेडी में सही टाइमिंग पकड़ना उनके लिए कितना मुश्किल है? इस सवाल पर रूही ने कहा, मुझे खुद पर हंसने में कोई डर नहीं लगता। मैं अपनी निजी जिंदगी में मजाकिया और हंसमुख हूं। मैं जानती हूं कि कॉमेडी करना सबसे मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही हूं। मैं बहुत सारी कॉमेडी फिल्में देख रही हूं, खासकर राजपाल यादव और परेश रावल की फिल्में। साथ ही, मैं अपने एक्टिंग टीचर के साथ लगातार अभ्यास कर रही हूं ताकि कॉमेडी की सही टाइमिंग समझ सकूं।



# दीपिका पादुकोण ने की ब्रैड पिट की फिल्म एफ1 की प्रशंसा

**ब्रैड पिट हॉलीवुड फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में अभिनेता की फिल्म एफ1 भारतीय सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को अच्छी प्रतिक्रियाएं भी मिल रही हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ने ब्रैड पिट की तारीफ की है और एक पोस्ट शेयर किया है। आइए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा।**

## क्या बोलीं दीपिका पादुकोण?

ब्रैड पिट अभिनीत एफ 1 27 जून को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह एक रेसिंग फिल्म है, जिसे स्पोर्ट्स प्रेमी पसंद कर रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्हें ब्रैड पिट की फिल्म की प्रशंसा करते देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने लिखा कि शानदार ब्रैट पिट, क्या फिल्म है। हालांकि, आपको बताते चलें कि ये पोस्ट दीपिका पादुकोण ने कुछ अलग अंदाज में किया है।

## एफ 1 फिल्म के बारे में

जोसेफ कोसिंस्की द्वारा निर्देशित एफ1 में ब्रैड पिट के साथ डैमसन इदरीस प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मैक्स वर्स्टैपेन, फर्नांडो अलोंसो, लुईस हैमिल्टन, कार्लोस सैन्ज, एस्टेबन ओकन, जॉर्ज रसेल, लांस स्ट्रोल, लैंडो नॉरिस और चार्ल्स लेक्लर सहित कई रियल लाइफ के फॉर्मूला 1 सितारे इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं।

## दीपिका पादुकोण का वर्कफ्रंट

दीपिका पादुकोण एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने कई शानदार फिल्में दी हैं, जिनमें पद्मावत, बाजीराव मस्तानी जैसी फिल्में शामिल हैं। अभिनेत्री को आखिरी बार सिंघम अगेन में देखा गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस की आगामी फिल्मों की बात करें, तो उन्हें एटली के निर्देशन में बन रही फिल्म में देखा जाएगा। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण एक्शन अवतार में दिखेंगी, जिनके साथ अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# हॉरर कॉमेडी की दुनिया में कदम रखेंगे रणवीर सिंह?

रणवीर सिंह जल्द ही लोकप्रिय स्त्री सिनेमाई ब्रह्मांड में शामिल होने वाले हैं। यह उनकी पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसके अलावा एक्टर अक्सर अपने अतरंगी पहनावे से चर्चा में बने रहते हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, अब रणवीर स्त्री यूनिवर्स का हिस्सा बन चुके हैं।





# 10 साल बाद फिर से डायरेक्टर की कमान संभालेंगे एक्टर एसजे सूर्या

साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता और निर्देशक एसजे सूर्या एक दशक बाद निर्देशक की कुर्सी पर फिर से लौटने जा रहे हैं। साल 2015 में फिल्म 'इसाई' के जरिए निर्देशन करने वाले सूर्या अब अपनी अगली फिल्म 'किलर' के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसे उन्होंने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। इस खबर के सामने आते ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## फिल्म 'किलर' के साथ करेंगे वापसी

एसजे सूर्या की ये नई फिल्म 'किलर' मलयालम की जानी-मानी प्रोडक्शन कंपनी श्री गोकुलम मूवीज और एसजे सूर्या की एंजेल स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। सूर्या ने खुद सोशल मीडिया पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि यह फिल्म उनके दिल के बेहद करीब है और इसके लिए उन्होंने निर्माता गोकुलम गोपालन का आभार व्यक्त किया। सूर्या ने साथ में फिल्म से जुड़े कुछ फोटोज भी शेयर किए, जिसमें वो गोकुलम गोपालन के साथ नजर आ रहे हैं। एक खास बात ये भी रही कि उन्होंने फिल्म में एक्ट्रेस प्रीति असरानी को किलर गर्ल बताते हुए उनके किरदार को लेकर सस्पेंस भी बढ़ा दिया।

## सेलेब्स की बधाईयों की लगी लाइन

एसजे सूर्या की डायरेक्टोरियल वापसी पर साउथ के तमाम बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दी। राघव लॉरेंस ने लिखा, 'आपके निर्देशन में वापसी की खबर सुनकर खुशी हुई। आप निर्देशक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्टर भी हैं। उम्मीद करता हूं ये फिल्म आपको एक हीरो के तौर पर भी बड़ी सफलता दिलाए।' वहीं, धनुष ने भी उन्हें सपोर्ट करते हुए लिखा, 'आप इस प्रोजेक्ट को लेकर जितने पैशनेट हैं, वो मैं जानता हूं। आपकी इस फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। ऑल द बेस्ट।' सिलंबरासन टीआर ने सूर्या को एक बेहतरीन स्टोरीटेलर बताया और उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दी। इस बीच एक और खबर ने फैन्स की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। एसजे सूर्या और एक्टर रवि मोहन पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं फिल्म 'ब्रो कोड' में, जिसे डायरेक्ट कर रहे हैं कार्तिक योगी। कार्तिक योगी इससे पहले डिक्कीलूना और वडक्कुपट्टी रामासामी जैसी फिल्मों से पहचान बना चुके हैं। फिल्म को रवि मोहन अपने प्रोडक्शन हाउस रवि मोहन स्टूडियोज के तहत प्रोड्यूस करेंगे। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## सूर्या की वापसी को लेकर फैंस उत्साहित

एसजे सूर्या की गिनती उन सितारों में होती है जो अभिनय और निर्देशन दोनों में माहिर हैं। उनकी फिल्मों में कहानी, अभिनय और निर्देशन का जबरदस्त मेल होता है। ऐसे में 'किलर' से उनकी वापसी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है।



# टिपिकल बहू-बीवी वाले कई रोल ठुकराए

**अपने पहले ही टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं से हर दिल में घर बनाने वाली एक्ट्रेस मोना सिंह ने अपने दो दशक लंबे करियर में टीवी, फिल्म, ओटीटी हर जगह अपनी छाप छोड़ी है। बीते दिनों लाल सिंह चड्ढा, काला पानी और मेड इन हैवन में सशक्त अदाकारी के लिए सराही गई मोना इन दिनों वेब सीरीज मिस्त्री में एसीपी सहमत सिद्दीकी के रोल में नजर आ रही हैं।**

मोना बताती हैं, जब मैंने टीवी से शुरुआत की थी, तो मुझे भी वो टिपिकल बहू-बीवी वाले रोल बहुत ऑफर हुए थे, पर मैंने वो कभी नहीं किए। मुझे शुरू से पता था कि मुझे क्या नहीं करना है, तो मैंने काफी सारे शोज मना किए, क्योंकि मुझे नहीं बनना पर्दे पर बेचारी। मुझे नहीं चाहिए कि कोई आए और मुझे बचाए। हम खुद अपने को बचाते हैं, खुद अपना ध्यान रखते हैं, तो मुझे किरदार भी वैसे ही करने थे और अब ओटीटी पर वही हो रहा है। ये एक नया दौर चालू हुआ है, जहां फीमेल किरदारों को ज्यादा निडर, आत्मविश्वास से भरा, कामकाजी बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि आप या तो वैंप हैं या हीरोइन हैं तो आपकी जिंदगी बर्बाद है। अब ऐसे रोल गढ़े जा रहे हैं, जिसमें एक औरत के बहुत सारे शेड्स दिख रहे हैं, जो काफी हद तक पुराने स्टीरियोटाइप्स को तोड़ रहे हैं, इसलिए बतौर ऐक्टर मुझे बहुत मजा आ रहा है।

## फौजी की बेटी हूं, डरना नहीं सीखा

मोना अपने आत्मविश्वास भरे निडर व्यक्तित्व का श्रेय अपने माता-पिता और फौजी बैकग्राउंड को देती हैं। बकौल मोना, मैं फौजी बैकग्राउंड से हूं। मेरी मां हमेशा एक वर्किंग वुमन रही हैं। एक आत्मविश्वास से भरी और निडर इंसान। मुझसे कभी किसी ने ये नहीं बोला कि तुम किसी से कम हो, तुम लड़की हो, तो ऐसे मत करो। ये मत पहनो। ऐसे मत हंसो। मुझे याद है कि जब मैंने अपने पैरेंट्स को बोला था कि मुझे मुंबई जाकर एक्टर बनना है तो उन्होंने तुरंत हां कर दी थी कि तुम अपने सपने जरूर पूरे करो, क्योंकि हमें कल को ये नहीं सुनना कि पैरेंट्स की वजह से बच्चों ने अपने सपने पूरे नहीं किए, तो मुझमें ये आत्मविश्वास मेरी मां से आया है। दूसरे, हम पंजाबी हैं और पंजाब में ज्यादातर औरतें आत्मविश्वासी और निडर होती हैं। हम पंजाबी में जब एक दूसरे को विश भी करते हैं तो बोलते हैं कि चढ़दी कला में रहो यानी जो भी हो जाए, अपनी जिंदादिली और जज्बा ऊंचा रखो। जो भी तूफान आएंगे, देख लेंगे।

## लाल सिंह चड्ढा का किरदार था मुश्किल

अपने 22 साल लंबे करियर में मोना ने टीवी, फिल्म, ओटीटी हर माध्यम में विविधरंगी किरदार किए हैं। सबसे मुश्किल रोल कौन सा था? यह पूछने पर वह कहती हैं, मेरे लिए जस्सी बहुत ही चैलेंजिंग रोल रहा था, क्योंकि उनका लुक वैसा था, पर आपको रियल लगना है। लोगों को यकीन दिलाना है कि वह आपके बीच की लड़की है। इसके अलावा, लाल सिंह चड्ढा का किरदार मेरे लिए बहुत चैलेंजिंग था। उसमें मुझे 20 साल से लेकर 40 साल और फिर 60 साल की लेडी दिखना था, तो 60 साल की उम्र के लिए मैं अपने पैरेंट्स को देख रही थी। उनकी बॉडी लैंग्वेज ऑब्जर्व कर रही थी, क्योंकि बोलने, चलने का तरीका बदल जाता है, सब स्लो हो जाता है। फिर, मुझे अपना वजन भी बहुत कम-ज्यादा करना था कि 20 साल की उम्र में पतली, 40 में थोड़ी तगड़ी, फिर 60 की उम्र में बहुत कमजोर और बीमार, तो फिजिकली भी बहुत डिमांडिंग रोल था।

## सालों से था रेस्त्रां खोलने का सपना

हाल ही में मोना ने रेस्त्रां खोलकर फूड बिजनेस की ओर रुख किया है। उस ओर कैसे रुझान गया? इस बारे में वह बताती हैं, कई सालों से मन था, क्योंकि हमारे पंजाबी घरों में तो उठते ही खाने की बात होती है। हम सब खाने के बहुत शौकीन हैं। खाना पकाना, खाना खिलाना, पार्टी रखना हमें बहुत पसंद है, तो मैं हमेशा से चाहती थी कि अपना एक छोटा सा कैफे हो। उसमें म्यूजिक चले, लाइब्रेरी हो, फिर वो कैफे से रेस्त्रां हो गया और किस्मत से इस साल यह सपना सच हो गया। हमने उसमें इंडियन फूड रखा है, जो कभी फैशन से आउट नहीं होगा। साथ ही एक नोस्टाल्जिया क्रिएट करने की कोशिश की है कि जो खाना हमने बचपन में खाया था, जब पापा आर्मी में थे, अलग-अलग जगहों पर उनकी पोस्टिंग होती थी, जैसे दार्जिलिंग के मोमो, हिमाचल का सिड्डू ऐसी चीजें रखी हैं।

## पर्दे पर पहली बार बनी पुलिसवाली

अपनी वेब सीरीज मिस्त्री की एसीपी सहमत सिद्दीकी की किन खूबियों पर मोना का दिल आया? इस पर उनका कहना था, मैंने पुलिसवाली का रोल कभी नहीं किया था। मैं 22 से इस इंडस्ट्री में मैं हूं, मगर कॉप का रोल पहली बार किया, तो यूनिफॉर्म पहनकर बहुत मजा आया। मिस्त्री अमेरिकन शो मॉन्क का एडेप्टेशन है, जो 90 के दशक में हम सबने देखा है। मैं उसकी बहुत बड़ी फैन हूं, तो जब मुझे यह ऑफर हुआ तो मैं बहुत खुश थी, क्योंकि हमारे यहां ऐसी फीमेल कॉप के रोल बहुत कम बनते हैं, जिनमें थोड़ी हल्की-फुल्की कॉमेडी हो, थोड़ा ड्रामा भी हो। मुझे ये सब करने में बहुत मजा आता है, क्योंकि ओटीटी पर मैंने इतने सारे इंटेंस और सीरियस रोल्स कर लिए हैं कि सहमत जैसी शांत और सबकुछ आराम से करने वाली कॉप का किरदार मुझे बहुत पसंद आया।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रहेंगे कोतमा प्रवास पर

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई 2025 को अनूपपुर जिले के कोतमा नगर के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 4



जुलाई को अपरान्ह 3:30 बजे कोतमा हेलीपैड पर आगमन करेंगे। आगमन उपरांत वे कोतमा में आयोजित विभिन्न शासकीय एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 5:00 बजे कोतमा हेलीपैड से रीवा एयरपोर्ट की ओर प्रस्थान करेंगे।

**भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होगा कार्यक्रम:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पिछले वर्ष 2023.24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009.10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है।

### भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी को पत्र लिखकर त्याग पत्र दिया

**अशोकनगर।** सतपाल रघुवंशी जलालपुर ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पद से त्याग पत्र देकर अपने



कार्य से मुक्त होने के लिए निवेदन किया त्याग पत्र देने का उल्लेख करते हुए बताया कि पार्टी में चापलूसी वाले नेताओं को महत्व देने के कारण मन दुखी है पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा मेहनती और निष्ठापूर्वक कार्य करने वालो को आगे बढ़ने से रोक दिया जाता है कुछ नेता अपनी सिफारिश लगाकर पार्टी में पद प्राप्त कर लेते है ऐसे में पुराने कार्यकर्ताओं को अनदेखा कर उनके आत्म सम्मान को चोट पहुंचाई जाती है आने वाले समय में जिला और संगठन में दायित्व दिए जाएंगे जिसमें मेहनती और निष्ठापूर्वक कार्य करने वालों के साथ अन्याय किया जाएगा इससे मेरा मन बहुत दुखी है और मेरे द्वारा पार्टी के समस्त पदों से त्याग पत्र देकर कार्यमुक्त होना चाहता हूं।

# किसानों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : विधायक

### विधायक ने किये किसानों को बीज वितरित

सत्ता सुधार ■ शहडोल



विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह ने कृषि विभाग द्वारा ग्राम सिंहपुर में आयोजित दलहन बीज कार्यक्रम के माध्यम से किसानो को दलहन बीज का वितरण किया।

कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो की आय बढाने के लिए लगातार प्रयासरत है। खेती का उत्पादन बढाने के लिए जहां उन्नत कृषि तकनीक को बढावा दिया जा रहा है वहीं उत्तम बीज, जैविक उवर्रक एवं जैविक कीटनाशको की जानकारी किसानो को देकर खेती की लागत को कम करने के प्रयास किये जा रहे है। प्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए, गौवंश पालन पर अनुदान तथा दुध खरीदने की व्यवस्था भी शासन द्वारा की जा रही है। खेती की सिंचाई के लिए लगातार सिंचाई रकवा बढाने तथा किसानो को 10 प्रतिशत लागत पर सोलर पंप उपलब्ध कराने की योजना शुरू की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उन्नत बीजों का वितरण एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी और पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने किसानों को दलहन बीजो का वितरण भी किया।

कार्यक्रम में कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी भी दी गई तथा बीजों के सही उपयोग एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के लाभ बताए गए।

# पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का होगा आयोजन

### उपमुख्यमंत्री संगोष्ठी कार्यक्रम में होंगे शामिल

सत्ता सुधार ■ शहडोल



भारतीय जनता पार्टी के पित् पुरुष पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के अवसर पर शहडोल कमला नगर स्थित अटल निलय संभागीय मुख्यालय जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया है कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के अवसर पर शहडोल भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई दिन शुक्रवार को किया जाएगा संगोष्ठी कार्यक्रम में माननीय उपमुख्यमंत्री शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी पीतांबर टोपनानी जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा करेगी पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ अपेक्षित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाएं।

# ग्राम रातीखेड़ा में गरीब दलित की जमीन पर दबंग भू-माफिया ने किया कब्जा

### गुरुवार को तहसीलदार को आवेदन देने गया तो उन्होंने आवेदन न लेकर मौखिक रूप से कहा तीन दिन में निराकरण कर दिया जाएगा

#### बार-बार आवेदन देने के बाद भी नहीं मिल रहा न्याय

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



जिले में रसूखदार और दबंग भू माफियाओं के हौसले बुलंद है, और ऐसा लगता है कि उनके आगे प्रशासन भी नतमस्तक है। नहीं तो गरीब लोगों को बार-बार आवेदन देने की जरूरत ना पड़ती और एक ही बार में उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाता। काश ऐसा होता। कुछ इसी तरह का एक मामला गुरुवार को सामने आया जहां जिला मुख्यालय के नजदीक अशोकनगर तहसील अंतर्गत ग्राम राती खेड़ा में एक गरीब दलित किसान की पट्टे की भूमि पर एक रसूखदार दबंग भू-माफिया ने पिछले 2 साल से जबरन कब्जा कर रखा है। चूंकि जमीन बेश कीमती है, इसलिए कब्जाधारी उसे किसी भी कीमत पर छोड़ने तैयार नहीं है, जब भी दलित किसान जमीन जोतने जाता है, तो दबंग भू- माफिया के आदमी और वह उसे मारपीट कर भगा देते हैं और धमकी देते हैं कि जमीन जोती तो जान से खत्म कर देंगे। दलित किसान ने पिछले 2 साल में कई बार तहसीलदार,कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन दिए लेकिन, कोई फायदा नहीं हुआ कब्जा धारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, उसे उसकी जमीन आज तक वापस नहीं मिली। अब उसे नए कलेक्टर आदित्य सिंह से बड़ी उम्मीद है, कि वह न्याय कर उसे उसकी जमीन वापस दिलवाएंगे। हालांकि गुरुवार को जब वह तहसीलदार को आवेदन देने गया तो उन्होंने आवेदन तो नहीं लिया लेकिन मौखिक रूप से बोल दिया कि तीन दिन में आपका निराकरण कर दिया जाएगा।

#### यह है पूरा मामला

रातीखेड़ा निवासी आवेदक प्राण सिंह पुत्र फुल्ला अहिरवार ने जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायती आवेदन देकर उसकी जमीन पर से कब्जा हटवाए जाने की मांग की है,आवेदक प्राण सिंह ने बताया कि जिले की अशोक नगर तहसील अंतर्गत ग्राम रातीखेड़ा में सर्वे नंबर 214/1/1 रकबा 0.4180 हेक्टेयर भूमि प्राण सिंह पुत्र फुल्ला चमार यानी उसे तहसीलदार परगना अशोक नगर द्वारा कृषि प्रयोजन हेतु 11 मई वर्ष 2002 को वंटन में प्राप्त हुई थी। तभी से उक्त जमीन पर खेती कर हम अपना परिवार पाल रहे हैं। लेकिन करीब 2 वर्ष पूर्व दबंग भू-माफिया प्रदीप गोयल (बॉबी) गिर्राज कंस्ट्रक्शन द्वारा कब्जा किया गया है। और फिर सीमेंट की बाउंड्री करने लगा। पट्टाधारी प्राण सिंह द्वारा रोके जाने पर कब्जाधारी दबंग भू-माफिया प्रदीप गोयल द्वारा उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। उसके द्वारा कई बार कलेक्टर सहित तहसीलदार को शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई,और उसे उसकी जमीन वापस नहीं मिली। उसने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि कब्जाधारी दबंग भू-माफिया प्रदीप गोयल के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए एवं उसकी जमीन पर से कब्जा हटवा कर उसे वापस दिलवाई जाए।

# अच्छी बारिश और सुख समृद्धि के लिए माता पार्वती के जल से किया पुत्र गणेश का जलाभिषेक



### गणेश जी के जलाभिषेक के लिए एक दर्जन गांव के लोगों ने की 20 किमी पदयात्रा

सत्ता सुधार ■ सीहोर

अच्छी बारिश की कामना को लेकर एक दर्जन से अधिक गांव के महिला-पुरुष पार्वती नदी का जल लेकर चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचा। करीब 20 किमी की पदयात्रा के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान का जल से अभिषेक किया। उसके बाद विधि विधान से पूजा-अर्चना कर अच्छी बारिश, सुख समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। हर वर्ष आषाढ़ के माह में ग्राम पार्वती के लोग पार्वती नदी में से जल भरकर व झंडा लेकर हजारों की तादाद में पैदल जत्थे के रूप में ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचते हैं। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले दर्जनों गांव के लोग यात्रा का स्वागत कर जत्थे में शामिल हो जाते हैं। श्रद्धालुओं का जत्था पार्वती गांव से बुधवार सुबह करीब 20 किमी की पदयात्रा कर ऐतिहासिक गणेश मंदिर पहुंचा। जत्थे में इस यात्रा में हमारे आस पास के लोगों की खुशहाली के साथ अच्छी फसल और बारिश की कामना करते है। ताकि किसान को अच्छी पैदावार मिल सके। हमारे पास भी पानी की कमी न रहे। नदी तालाब सब भरे रहे। जिले के लोगों ने इस दौरान बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोग इस दौरान बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। सभी ने भगवान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद खाया। इस दौरान सभी को सुकून और शांति की अनुभूति हुई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने की प्रधानमंत्री से सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग



सत्ता सुधार ■ सीहोर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने प्रधानमंत्री से उन्हे सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग की। एक सूत्रीय मांग को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन विधायक सुदेश राय को दिया। बुधवार को अखिल भारतीय आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ ने बस स्टेंड स्थित गीता मानस भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया। गीता मानस भवन में एक सत्रीय मांग को लेकर आयोजित जिला स्तरीय बैठक का शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, जिला पदाधिकारी विनीत दुबे,अखिल भारतीय आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ की जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक में सम्मिलित कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विधायक सुदेश राय ने संबोधित किया।

महासंघ की जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने कहा कि हम सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका शासन की महत्वर्पर्ण योजनाओं के लिए पूरे तन मन से कार्य करते हैं और जितनी भी जनहितकारी योजना है उन्हें लोगों के घर-घर तक पहुंचाते हैं। हम चाहे निर्वाचन का कार्य हो या कोरोना हो या शासन की कोई भी हितकारी मूलक योजना हो उसकी सफलता के लिए हमारे द्वारा ही पूरा काम किया जाता है। हमारी बस प्रधानमंत्री से एक ही मांग कीहै कि हमें सरकारी कर्मचारी होने का दर्जा दिया जाकर हमें सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए। बैठक में जिला अध्यक्ष उषा राठौर सचिव रजनी विश्वकर्मा तबस्सुम दीपमाला याशिता धीमान महादेवी वर्मा पूजा अंबुजा रानी श्रीवास्तव बबीता, रेखा राठौड़, पदमा सोनी रचना ठाकुर हेमलता राठौर लटेश जोशी, नेहा मेवाड़ा, नीलम, लता लालवानी, फेमिदा बी आदि सहित जिले भर की आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मिलित रही।

### कीचड़ भरे रास्ते से निकाली शव यात्रा, बार-बार धंसे लोगों के पैर

**अशोकनगर।** जिले की बहादुरपुर तहसील के ग्राम गीलारोपा में शव यात्रा को कीचड़ भरे रास्ते के बीच से निकालकर ले जाना पड़ा। अंतिम संस्कार में शामिल होने आए 250 लोगों में से आधे बिना अंतिम संस्कार किए ही लौट गए। खास रिश्तेदार भी करीब डेढ़ घंटे बाद मुक्ति धाम तक पहुंच सके। उसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। अंत्येष्टि को ले जाते समय लोगों को अर्थी संभालना भी मुश्किल हुआ। वह जैसे ही अपना पैर आगे रखते तो वह कीचड़ में धंस जाता, जिसके बाद बमुश्किल से दूसरे पैर को निकलते। जो लोग अर्थी को कंधे पर रखकर चल रहे थे, उन्हें पूरे रास्ते अर्थी को गिरने से बचाना बड़ी चुनौती बनी रही। सड़क के इतने बुरे हाल होने की वजह से आए दिन लोगों को परेशानी होती है। ग्राम गीला रोपा में यह सब बुधवार को हुआ। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है।

**शवयात्रा में शामिल नहीं हो सके काफी लोग:** दरअसल 55 वर्षीय रामचरण कटारिया की बुधवार शाम मृत्यु हो गई थी। उनके अंतिम संस्कार के लिए शव को मुक्तिधाम ले जाया जा रहा था। मुक्तिधाम गांव से करीब डेढ़ किलो मीटर दूर है। शवयात्रा में करीब 250 लोग शामिल हुए लेकिन रास्ते में कीचड़ होने के कारण आधे से ज्यादा लोगों को वापस लौटना पड़ा।

# स्मार्ट मीटर, बिजली कटौती और एवरेज बिल देना तत्काल बंद करे बिजली कंपनी नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : शर्मा

### स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ सीहोर

गुरुवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की जा रही मनमानी एवं अनियमितताओं की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही घोषित सहित अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने सहित कंपनी द्वारा एवरेज बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को दिए जा रहे भारी भरकम राशि के बिलों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लोगों के घरों में अनावश्यक रूप से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, साथ ही पुराने मीटर में गड़बड़ी होने तथा जांच के बाद जुमार्ने की बात कहकर उपभोक्ताओं को डराया भी जा रहा है। जिले में लगभग 90 फीसदी से भी अधिक पुराने मीटर अभी अच्छी हालत में हैं इसलिए ये बदलाव ना केवल गैरजरूरी है बल्कि सरकारी राशि की फिजूलखर्ची से ज्यादा कुछ भी नहीं है तथा जनता द्वारा इसका काफी विरोध भी देखने में आ रहा है, जिससे किसी बड़े विवाद की स्थिति भी निर्मित हो सकती है इसलिए जिला प्रशासन द्वारा इनको लगाने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश कंपनी के अधिकारियों को दिया जाए। पंकज शर्मा ने अंत में कहा कि यदि जिला प्रशासन ने उनकी मांगों को तत्काल नहीं माना और बिजली कंपनी की मनमानी और अव्यवस्थाओं पर रोक नहीं लगाई गई तो जनहित में कांग्रेस पार्टी द्वारा बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सीहोर जिला प्रशासन और बिजली कंपनी के अधिकारियों के तानाशाह तथा लापरवाहीर्पर्ण रवैए की रहेगी।

**मांग** अशोकनगर में दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग

# कांग्रेसजनों ने पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकताओं ने पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में एडिशनल एसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपा, श्री गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कि पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 दर्ज की गई है जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनो लोधी भाईयों के साथ मारपीट की गई है। उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है. उक्त घटना के संबंध में दिनांक 25.06.2026 को. प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी के ओरछा दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई जिसमे आरोप लगाया गया कि श्री पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीडित भाईयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हें मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकिल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूँगा। उक्त घटनाक्रम के वातार्लाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया।

इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल कहा कि उक्त घटनाक्रम का वीडियों वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीडित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से जरा धमकाकर पीडित व्यक्तियों से शपथ



पत्र लिया गया जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है।

मांग की गई है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरुद्ध पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में दर्ज झूठी एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 को निरस्त किया जाये तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था को उचित ढंग से प्रभावशील किया जाये। जिससे कि भविष्य में प्रदेश की जनता के साथ होने वाली अनाचार एवं आयाचार की घटनाओं को रोका जा सके कि न्यायोचित होगा। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक व प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, ओम वर्मा, राजाराम बड़े भाई, राजेंद्र वर्मा,कमल सिंह चौहान, हरपाल सिंह ठाकुर, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, जफरलाला, राजेश भेरा यादव, पवन राठौर, सीताराम भारती, राजीव मिश्रा, गुलाब बाई ठाकुर, रघुवीर सिंह दांगी, कलीम पठान, मनोज पटेल, घनश्याम मीणा, आशीष गहलोत, अर्जुन मेवाड़ा, बृजेश पटेल, हसीन कुरैशी, रामनारायण शर्मा, नरेन्द्र खंगराले, योगेन्द्र राय, इरफान लाला, राकेश वर्मा, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, धीरज ठाकुर, सुरेश ठाकुर , देवीसिंह तँवर, आसिफ अंसारी, असरफ अली, विनीत गोयल, हरी मेवाड़ा, मनीष मेवाड़ा, लक्की सक्सेना, गजराज परमार, देवेन्द्र चौधरी, राधेश्याम गुर्जर, घनश्याम जांगड़ा, महेश मुंदीखेड़ी, नरेन्द्र कुशवाहा, भोलाराम त्यागी, दशरथ सिंह, अनिल सेन, रामनारायण पाटीदार, भंवरलाल पाटिल, गुलाब वर्मा, मांगीलाल पटेल, उदम ठाकुर, भँवरलाल ठाकुर, बनेसिंह वर्मा, जोधाराम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आवेदक की बिना अनुमति के सरपंच द्वारा उसके खेत में बनवाई डबरी



**अशोक नगर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोदिया तूमैन के ग्राम गोपालपुर में एक दलित किसान के खेत में सरपंच द्वारा बिना उसकी अनुमति के डबरी खुदवा दी गई। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ से की गई है। आवेदक लक्ष्मण पुत्र मंगलिया अहिरवार ने बताया उसके पिता के नाम से भूमि स्थित ग्राम गोपालपुर के सर्वे नंबर 175/1 रकबा 0.370 हैक्टेयर पर ग्राम के सरपंच संजीत यादव द्वारा बिना अनुमति के डबरी खुदवा दी गई है। और अब डबरी को पुरवा नहीं रहा है। आवेदक ने लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सरपंच द्वारा उसके खेत में 12000 वर्ग फुट की 2 डबरी खोद दी गई है। जब उसने सरपंच से बिना अनुमति के उसके खेत में डबरी खोदने का कारण पूछा तो सरपंच ने कहा कि यह डबरी गलती से खुद गई है, बाद में पूरवा दी जाएंगी।

#### इनका कहना-

शिकायत कर्ता के खेत में पंचायत की तरफ से डबरी नहीं खुदवाई,उसी के भाई पप्पू ने उसी के खेत में खुदवाई है। ना तो पंचायत से पैसा निकलवाया,न हीं डबरी खुदवाई, पटवारी मौका देख गए हैं, शिकायत कर्ता का नंबर नहीं निकल रहा कल वे पंचनामा भी दे रहे हैं।

संजीत यादव सरपंच ग्राम पंचायत बरोदिया, जनपद व जिला अशोक नगर।

ब्रीफ न्यूज

### घूमने निकले दोस्तों की बाइक टकराने से एक की मौत, तीन घायल

**इंदौर।** रेस लगा रहे चार स्टूडेंट की दो बाइक आपस में टकरा गई, जिससे एक स्टूडेंट की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। स्टूडेंट रात में बाइक से घूमने निकले थे और बाद में आपस में रेस लगाने लगे। बाइक टकराने से वे सड़क पर गिर गए थे। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना मेरोद इलाके की है। टीआई देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि बुधवार रात लगभग 3 बजे खंडवा नाका निवासी अशोक पुत्र हरचंद सोलंकी अपनी बाइक से घूमने निकला था। उसके साथ ग्राम चाचरिया निवासी गोविंद पुत्र जगदीश बडोल, गोकुल पुत्र भाईसिंह बघेल और मोतीलाल पुत्र रामा बरडे भी थे। दो बाइक पर सवार युवकों ने रेस लगा दी और दोनों बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में अशोक सोलंकी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अन्य तीन युवकों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### आबकारी विभाग की अनदेखी से ओंकारेश्वर के आसपास बिक रही शराब

**ओंकारेश्वर।** पवित्र तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर के आसपास तीर्थ नगरी के आम मार्ग, ग्रामों में आबकारी विभाग की अनदेखी से ढाबों, किराना दुकान पर खुलेआम देसी, विदेशी शराब परोसी एवं बिक्री की जा रही है। कुछ शराब दुकानों पर खुलेआम मांस एवं अंडे की बिक्री भी धड़ल्ले से की जा रही है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तीर्थ नगरी एव नर्मदा तट पर शराब बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंध की है। इसके बावजूद शराब ठेकेदार और आबकारी विभाग खंडवा आपसी लेनदेन कर यहां शराब बिक्री करवा रहा है। सूत्रों का कहना है कि तीर्थ नगरी के नजदीक होने से इन गांव में प्रतिदिन लाखों रुपए की शराब बेची जा रही है। वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप ठाकुर, मिश्रीलाल कोरे, राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन सिंह राणा सहित अनेक लोगों ने शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। राष्ट्रीय हिंदू महासभा एवं ओंकारेश्वर संघर्ष समिति के अलावा आसपास क्षेत्र की महिलाओं ने बताया कि शराब जैसी बुराई से कहीं घर बर्बाद हो रहे हैं। अनेक युवाओं ने नशे की लत में अपनी जान तक गवा दी तो वही अपराधी घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। समय रहते जिला प्रशासन को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत की खंडवा जिला प्रमुख संगीता सोलंकी ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगना चाहिए। मांधाता थाना क्षेत्र में अहातों के साथ ही ढाबों पर खुलेआम शराब का कारोबार चल रहा है। क्षेत्र वासियों की मांग है कि ओंकारेश्वर पवित्र नगरी घोषित होने के बाद से ही आसपास के क्षेत्र में शराब का कारोबार भारी मात्रा में फल फूल रहा है। ओंकारेश्वर दर्शन के लिए हजारों तीर्थ यात्री आते हैं, मगर उन्हें इन सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अब देखना है कि क्या पवित्र श्रावण मास के पर्व पर भी ऐसा सब कुछ चलता रहेगा या आबकारी विभाग कोई कार्रवाई कर पाएगा। मामले में अनेक मर्तबा जिला आबकारी विभाग खंडवा से मोबाइल पर चर्चा करनी चाहिए मगर वे पर फोन ही नहीं उठाते।

- दिन के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट, अभी तीन-चार दिन तेज बारिश के आसार नहीं

# इंदौर में हल्की बारिश, धूप और बादलों का मिलाजुला मौसम

सत्ता सुधार ■ इंदौर



इंदौर में जुलाई के दूसरे दिन भी बारिश और धूप का मिलाजुला असर रहा। सुबह रिमझिम, दोपहर को धूप और शाम को बादल छाए रहे। इस दौरान दिन के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई। रात के तापमान में भी हल्का इजाफा हुआ है। दिन का तापमान 29.4 (-3) डिग्री और रात का 23.8 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया है। गुरुवार सुबह से धूप खिली है और बीच-बीच में हल्के बादल भी छा रहे हैं। इंदौर में लगातार दूसरे साल की जुलाई है जब बारिश के लिहाज से माह की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। हालांकि अभी पूरा माह बाकी है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में किसी भी तरह की मानसूनी गतिविधि नहीं होने व जो सिस्टम सक्रिय था, उसके भी कमजोर पड़ने से अगले 3-4 दिन तेज बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि लगातार दो दिन से हल्की धूप निकल रही है।

धूप निकलने, उमस होने से शहर के कुछ हिस्से में लोकल सिस्टम बनने से 5-10 मिनट की हलकी बारिश होती रहेगी। पिछले साल भी 15 जुलाई के बाद ही मानसून ने रफ्तार पकड़ी थी। पूरे माह में 9.9 इंच पानी बरसा था। जून से अब तक शहर में कुल 5.2 इंच कुल बारिश हुई है। जुलाई में औसत 12 इंच पानी गिरता है। पिछले तीन सालों को छोड़ दें तो इस माह में औसत से ज्यादा बारिश हुई है।

#### जुलाई और अगस्त के साथ सितंबर में भी जमकर बारिश

बारिश के लिहाज से जुलाई और अगस्त सबसे महत्वपूर्ण रहते हैं। इन महीनों में ही अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से सबसे ज्यादा सिस्टम एक्टिव होकर बरसते हैं। वैसे इंदौर की औसत बारिश 37 इंच है, लेकिन अब कम से कम 40 इंच पानी चाहिए, जिससे बोरिंग अगले साल मार्च-अप्रैल तक साथ दे पाएंगे। हालांकि पिछले 3 साल में जुलाई बहुत पानीदार नहीं रहा है। इसकी भरपाई अगस्त-सितंबर में होती है।

# अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं एसपी ने ग्रामीण थाना क्षेत्रों का लिया जायजा

## कानून व्यवस्था की गहराई से समीक्षा, पुलिसिंग की गुणवत्ता एवं जनविश्वास पर विशेष जोर

सत्ता सुधार ■ उज्जैन

उज्जैन रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं जिला उज्जैन पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कानून व्यवस्था की स्थिति की वस्तुनिष्ठ समीक्षा करना, पुलिस बल की कार्यप्रणाली को परखना एवं जनता के बीच पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, प्रभावशाली और उत्तरदायी बनाना था।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा संबंधित थाना परिसरों की व्यवस्था का व्यापक अवलोकन किया गया। इसमें अपराध रजिस्टर, गिरफ्तारी व जमानत अभिलेख, मालखाना, शस्त्र अनुशासन, स्टेशन डायरी, महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली एवं लंबित मामलों की प्रगति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने थानों में उपस्थित



पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जनहित में कार्य करने, पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग को बढ़ावा देने और आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। बीट प्रणाली को मजबूत करते हुए निगरानी बदमाशों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ-सट्टा, अवैध शराब बिक्री आदि के विरुद्ध सतत अभियान चलाकर अपराधियों पर नकेल कसने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को पूर्ण संरक्षण देने हेतु पुलिस अधिकारियों को प्रेरित किया गया। इस संयुक्त निरीक्षण से संबंधित थाना प्रभारियों को उनके प्रदर्शन, कार्यशैली और संसाधन प्रबंधन के आधार पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश भी दिए।

## जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर से कांग्रेसियों ने एसपी कार्यालय घेरा



### किसी की मदद करना भी भाजपा को गवारा नहीं- मुकेश भाटी

**उज्जैन।** मुंगावली की घटना को लेकर शहर कांग्रेस ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी एसपी कार्यालय पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा।

मुकेश भाटी ने कहा कि किसी की मदद करना भी सत्तारूढ़ पार्टी को गवारा नहीं। भाजपा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ द्वेशतापूर्ण तरीके से जो कार्रवाई की गई है वो सत्ता पक्ष की बौखलाहट है। हम सभी कांग्रेसजन इसका विरोध करते हैं। जीतू पटवारी के खिलाफ की गई झूठी एफआईआर वापस नहीं ली गई तो आने वाले समय में कांग्रेस पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरेगी। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर नेता प्रति पक्ष रवि राय, अजीत सिंह ठाकुर, माया त्रिवेदी, विवेक यादव, राजेंद्र वशिष्ठ, करण कुमारिया, गब्बर कुवाल, अभीषेक शर्मा, वीरेन्द्र गोसर, सतीश मरमट, पूर्व पार्षद हिमांशु जोशी, रमेश परिहार, मुजीब सुपारी, सोनिया ठाकुर, स्वाती सिंह, प्रेमलता रामी, चैनसिंह चौधरी, देवव्रत यादव, छोटेलाल मंडलोई, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, हिमांशू शर्मा, राजेंद्र राठौर, सादिक कुरेशी, हिमांशू जोशी, लकी ठाकुर, देवेंद्र पाटनी, गजेंद्र मारोठिया सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने किया।

# मोहर्रम के जुलूस को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया भ्रमण

सत्ता सुधार ■ बड़वानी

आगामी मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बड़वानी जगदीश डावर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर ने मोहर्रम जुलूस से संबंधित किला गेट नंबर 01, इमाम बाडा, त्रिवेणी चौक, मौलाना आजाद चौक शिवाजी चौक, किला परिसर समस्त प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।



निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सेंधवा अजय वाघमारे, थाना प्रभारी सेंधवा शहर निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं बल मौजूद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बब्बर ने जुलूस मार्गों पर मौजूद संवेदनशील एवं विवादित स्थलों का गहन निरीक्षण करते हुए स्थानीय अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, सघन गश्त करने, जरूरी स्थानों पर बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा सभी आयोजकों से समन्वय बनाकर चलने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए निगरानी तेज की जाएगी और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बल की व्यवस्था भी की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए यह विश्वास दिलाया गया कि मोहर्रम का पर्व पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।

### बड़वानी पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी जगदीश डावर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बड़वानी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना सिलावद पुलिस द्वारा ऑपरेशन हवालात के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया। लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी हेमन्त पिता कालुसिंह निवासी ग्राम सालखेड़ा, थाना कुक्षी को गिरफ्तार किया। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

प्रकरण में आरोपी हेमन्त पिता कालुसिंह, न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था एवं लंबे समय से फरार चल रहा था। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बड़वानी द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। थाना सिलावद को वारंट की तामीली हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर थाना प्रभारी सिलावद उनि. वीरबहादुर सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

# कोयला फाटक चौड़ीकरण में 200 मीटर नाली निर्माण का बेस तैयार



### लोक निर्माण प्रभारी तिवारी ने ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए

सत्ता सुधार ■ उज्जैन

कोयला फाटक चौड़ीकरण का काम आगे बढ़ रहा है अब नाली निर्माण का काम शुरू हो गया 200 मीटर नाली निर्माण का बेस तैयार हो गया है। लोक निर्माण प्रभारी ने निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण प्रभारी ने बताया बैठक में सभी मुद्दों पर अफसर के साथ चर्चा की गई।

नाली निर्माण का काम शुरू हो गया है 200 मीटर बेस बनाकर तैयार है, सरिया का जाल भी बिछ गया है। संबंधित ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सामने आया कि काम कमजोर गति से हो रहा है, एक ही टीम काम कर रही है जबकि ठेकेदार को दो टीम लगाकर काम को करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के पोल आ गए हैं इन्हें जल्द ही लगवाया जाएगा। इसके अलावा जिन अफसर के काम में गति नहीं आ रही है उन्हें नोटिस देने के निर्देश दिए गए ताकि कम समय रहते पूरा किया जा सके। कोयला फाटक से कंठाल तक चौड़ीकरण का काम चल रहा है, लोग स्वयं ही अपने मकान के निर्माण को तोड़ रहे हैं। नगर निगम ने जिन मकानों पर निफ्टी के दौरान निशान लगाए थे उन अधिकांश मकान के निर्माण टूट रहे हैं।

शुभारंभ

ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है

# निःशुल्क सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ सेंधवा

सेंधवा के लाइंस विद्या निकेतन स्कूल में प्रियांश एजुकेशन कल्चर एंड सोशल सोसायटी एवं देसाई फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. अतुल पटेल, सचिव निलेश मंगल, कोषाध्यक्ष




अतुल शाह कार्यक्रम में शामिल हुए। देसाई फाउंडेशन की ओर से एरिया कोऑर्डिनेटर सुनील प्रजापति ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, जबकि प्रियांश एजुकेशन कल्चर एंड सोशल सोसायटी की ओर से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर संगीता चौहान, पल्लवी सोनोने, कृष्णा मेहता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से सेंधवा के युवा एवं महिलाएं नए कौशल सीखकर अपने जीवन में आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकेंगे।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बड़वानी ने चौकी बिजासन का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ बड़वानी

बड़वानी जिले में पदस्थ नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर द्वारा पुलिस चौकी बिजासन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौकी में रखे गए अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार आदि का बारीकी से परीक्षण किया गया एवं साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण एवं सुरक्षा उपायों को लेकर संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बब्बर द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बड़ी बिजासन मंदिर का निरीक्षण किया गया। मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश द्वार एवं गर्भगृह की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चौकी



प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विनोद मीणा एवं चौकी स्टाफ उपस्थित रहा। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले पर्व एवं विशेष अवसरों पर भीड़ को नियंत्रित करने एवं निगरानी बढ़ाने की दृष्टि से यह निरीक्षण महत्वपूर्ण रहा।

## ब्रीफ न्यूज़

### जिला दण्डाधिकारी ने 06 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मुरैना अंकित अस्थाना ने पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के प्रस्ताव पर 06 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, इन आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री अस्थाना ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5,6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है। जिन 06 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, उनमें रामपुरकलॉ निवासी 28 वर्षीय कल्ला उर्फ सतेन्द्र पुत्र अशोक श्रीवास, बाबरखेड़ा फूस का पुरा थाना सरायछोला हाल सिद्धनगर छात्रावास के पीछे वाली गली मुरैना निवासी 22 वर्षीय धारा उर्फ इन्द्रभान गुर्जर पुत्र महेन्द्र सिंह गुर्जर, गोदाम मोहल्ला थाना रामपुरकलॉ निवासी 30 वर्षीय बन्टी उर्फ गट्टा पुत्र अंगद सिंह जाटव, थाने के सामने सबलगढ़ निवासी 25 वर्षीय आकाश जादौन पुत्र अरविंद जादौन, थाना कोतवाली के अंतर्गत भरभूजा वाली गली चुंगीनाका रोड़ गोपालपुरा मुरैना निवासी 22 वर्षीय आकाश सिंह सिकरवार पुत्र पदम सिंह सिकरवार, थाना कोतवाली के अंतर्गत हनुमान गली जौरी गांव निवासी 30 वर्षीय दीपू राठौर पुत्र नरेश राठौर के नाम शामिल है। इन आदतन अपराधियों कि आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला दण्डाधिकारी ने इन आदतन अपराधियों को आदेशित किया है, कि वह जिला मुरैना एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से 01 वर्ष की अवधि के लिये बाहर चले जाये और बिना पूर्व स्वीकृति के इन जिलों की सीमा में प्रवेश न करें।

### संदीप बने व्यापार मंडल के अध्यक्ष

**मुरैना।** जौरा नगर के युवा व्यवसाय संदीप अग्रवाल को व्यापार मंडल का नवीन अध्यक्ष चुना गया है।



नगर पालिका के टाउन हॉल में नगर पालिका अध्यक्ष अखिल राजू माहेश्वरी की उपस्थिति में आयोजित व्यापार मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से युवा सक्रिय व्यापारी संदीप अग्रवाल को व्यापार मंडल का नया अध्यक्ष चुना गया है। इसी क्रम में शिवदीप शर्मा को उपाध्यक्ष, राजू बदरपुर वालों को महामंत्री एवं गिरिराज बंसल शक्कर वाले को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया है। व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनने के बाद संदीप अग्रवाल का कहना है कि मुझे जिस विश्वास और उम्मीद के साथ सभी व्यापारी भाइयों ने अध्यक्ष की जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी मेहनत और सभी व्यापारी के भाइयों की सहयोग से निभाने का प्रयास करूंगा स व्यापारियों के प्रत्येक सुख-दुख में सम्मिलित रहने की बात भी अग्रवाल ने कही पूर्व अध्यक्ष भोला जैन पंसारी ने अग्रवाल सहित समस्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए व्यापारी हित में काम करने की बात भी कही।

# भाजपा नेता की पहल पर रेलवे अधिकारियों ने कैलारस सबलगढ़ ट्रैक का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ कैलारस



भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा कैलारस सबलगढ़ में रेलवे ट्रैक निर्माण में गुणवत्ता एवं नागरिकों की जल भराव की समस्या, ट्रैक की मिट्टी धसकने, सर्विस रोड नाला निर्माण को लेकर रेल्वे के डीआरएम को शिकायत की थी, जिस पर कार्यवाही हेतु रेल्वे के डिप्टी चीफ इंजीनियर रेलवे कंस्ट्रक्शन ग्वालियर आकाश यादव, एसडीओ रेलवे अनिल शर्मा एवं निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र महाजन द्वारा नवीन स्टेशन कैलारस से जीन फील्ड सबलगढ़ तक संपूर्ण रेलवे ट्रैक का ट्रॉली में बैठकर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण उपरांत डिप्टी चीफ इंजीनियर आकाश यादव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कैलारस में 4 किलोमीटर अर्थात नवीन रेलवे स्टेशन से डूंगरपुर पंचायत होते हुए व संपूर्ण शहरी क्षेत्र होते हुए, संपूर्ण ग्राम पंचायत आंतरी क्षेत्र में कवर्ड नाला व सर्विस रोड का निर्माण होगा। इसी प्रकार सबलगढ़ में लगभग 3.30 किलोमीटर जीन फील्ड से गौड़ कॉलोनी के आगे तक भी यही निर्माण कार्य होगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है एवं वर्षा काल के उपरांत कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उपरोक्त स्वीकृति के लिए भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना, समाचार पत्र व इलेक्ट्रोनिक्स मीडिया के सहयोगी पत्रकार एवं रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# पोरसा पुलिस ने चोरी का ट्रेक्टर किया बरामद, आरोपी को किया गया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ मुरैना



गत 29 जून को फरियादी राममूर्ति पिता रामजीलाल शर्मा निवासी ग्राम धर्मगढ़, थाना पोरसा ने थाना पर उपस्थित होकर अपने लाल रंग स्वराज कंपनी के ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 06 जेडसी 5203 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में चोरी कर ले जाने संबंधी रिपोर्ट की गई, फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना पोरसा पर बीएनएस की धारा 303(2) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ से प्राप्त निर्देशों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह रवि प्रकाश भदौरिया के मागदर्शन में थाना प्रभारी पोरसा द्वारा गठित टीम के साथ घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान 02 जुलाई को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्त्ति स्वराज कंपनी का लाल रंग का एक ट्रेक्टर अटेर के रास्ते आगरा की ओर ले जाने वाला है। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा नगरा अटेर के रास्ते पर दबिश देकर आरोपी संदीप पुत्र रामप्रकाश शर्मा निवासी को घेराबंदी कर पकडकर पूछताछ की गई तो उसके द्वारा चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया ट्रेक्टर कीमती करीबन 26,00,000 रूपए जब्त कर बरामद किया गया।

# 'कॉलेज चलो अभियान' के तहत छात्राओं को मिला उच्च शिक्षा का संदेश

## शासकीय महाविद्यालय कैलारस की टीम ने कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में चलाया प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम




सत्ता सुधार ■ मुरैना

शासकीय महाविद्यालय कैलारस द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत गुरूवार को शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलारस में एक प्रेरक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें महाविद्यालयीन जीवन, पाठ्यक्रमों और कैरियर की संभावनाओं से अवगत कराना रहा।इ्र कार्यक्रम में महाविद्यालय से कॉलेज चलो अभियान के संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार लिटोरिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार उच्च शिक्षा एक सशक्त और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करती है। उन्होंने छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, छात्रवृत्ति योजनाओं और आगे के रोजगार अवसरों की विस्तार से जानकारी दी है। शासकीय महाविद्यालय कैलारस से दर्शन गिरी गोस्वामी ने बताया उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए चलाई जा रही काउंसलिंग का द्वितीय चरण संपूर्ण हो चुका है एवं तृतीय चरण 05 जुलाई, 2025 से प्रारंभ हो रहा है। शासकीय महाविद्यालय कैलारस में स्नातक पाठ्यक्रम में गणित, जीव विज्ञान एवं कंप्यूटर साइंस से बी. एस. सी. संचालित है। साथ ही शासन की समस्त योजनाएं गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण, आवास भत्ता, मेद्यावी, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रहीं हैं। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलारस की प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की दिशा तय करती है। उन्होंने छात्राओं से अपील की, कि वे इस अभियान का लाभ लें और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम में कॉलेज चलो अभियान समिति सदस्य श्रीमती रुचि गुप्ता, डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें विज्ञान, वाणिज्य और कला के क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से परिचित कराया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की ओर उन्मुख करने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांवो का किया भ्रमण

# मलेरिया डेंगू व चिकुनगुनिया की भ्रमण कर दी जानकारी

सत्ता सुधार ■ मुरैना

राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यकम के अंतर्गत कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खडियाहार के अम्बाह वार्ड नंबर 13, नूरावाद के ग्राम किशनपुर, पहाडगढ़ के ग्राम खरिका, कैलारस के ग्राम जरेना में मलेरिया, डेंगू व चिकुनगुनिया की रोकथाम एवं जन जागरूकता बैठक की। बैठक में सी.बी.एम.ओ. खडियाहार डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता, सी.बी.एम.ओ.नूरावाद डॉ. गिर्राज गुप्ता, सी.बी.एम.ओ. पहाडगढ़ डॉ. अनुभा महेश्वरी, सी.बी.एम.ओ. कैलारस डॉ. एस.आर. मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग की टीम, मेडिकल ऑफीसर, सी.एच.ओ., मलेरिया निरीक्षक, सेक्टर सुपरवाइजर, एम.पी.डब्लू.ए.एन.एम. ऑगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित ग्रामों के जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों को मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया के लक्षण एवं बचाव के बारे में समझाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खडियाहार के अम्बाह वार्ड नंबर 13 में 110 घरों का सर्वे किया गया। जिसमें 02 पॉजिटिव, 436 कन्टेनर चेक किये। जिनमें 03 पॉजिटिव निकले। नूरावाद के ग्राम किशनपुर में कुल 225 घरों का सर्वे किया गया। जिसमें से 10 घरो में लार्वा निकला एवं 538 कन्टेनर चेक किये गये, जिनमें से 15 पॉजिटिव निकले। पहाडगढ़ के ग्राम खरिका में कुल 112 घरों का सर्वे किया गया। जिसमें 05 पॉजिटिव निकले एवं 356 कन्टेनर चेक किये गये, जिनमें से 08 पॉजिटिव निकले। कैलारस के ग्राम जरेना 357 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें से 10 पॉजिटिव व कुल कंटेनर 1071 चेक किये गये। जिसमें 11 पॉजिटिव निकले। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच नजदीकी सरकारी अस्पताल में कराने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुरैना शहरी वाडों में डेंगू, चिकुनगुनिया व मलेरिया की रोकथाम हेतु लार्वा सर्वे एवं लार्वा विनष्टीकरण, बी.टी.आई 5 प्रतिशत, टेमीफोस दवा का छिड़काब कार्य, घर-घर जाकर लोगो के घरो में टंकी, कूलर, टायर, छत पर रखे मटके आदि कंटेनर, फीज के पीछे लगे टब, पंछी के पानी पीने के सकोरे आदि में लार्वा चेक किया।

# सरकारी स्कूल में सर्प निकलने बच्चों एवं शिक्षकों में फैली दहशत



**मुरैना।** जिले के जौरा थाना अंतर्गत निवास गांव में स्थित शासकीय हाई स्कूल में आए दिन सर्प के निकलने से शिक्षक एवं बच्चे भयभीत है। नवीन सत्र आरंभ हो चुका है और ऐसे में बच्चों की जान को हर समय खतरा बना रहता है। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भी लिखा गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्राचार्य बृजेश कुमार शर्मा शासकीय हाई स्कूल निमास द्वारा शिक्षा अधिकारी को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि हाई स्कूल के प्रांगण में बने कमरों में आए दिन सर्प निकल रहे हैं, जिससे शिक्षा एवं बच्चे भयभीत हैं। इसके वीडियो एवं फोटो भी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, एसडीएम कार्यालय के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी को भी डाले गए हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण विद्यालय में आने वाले बच्चों को उनके पालक भेजने में कतरा रहे हैं। प्राचार्य ने वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय में सर्प निकालने के कारण उसके संचालन में दिक्कत आ रही है और सभी लोग भयभीत हैं इसलिए इनका इंतजाम कराया जाए।

### जिले में अब तक 292.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में 01 जून से 03 जुलाई, 2025 तक 292.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 175.6 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 117.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 03 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना में 421.6 मिलीमीटर दर्ज की गई है। पोरसा में 360, सबलगढ़ में 282, जौरा में 242, कैलारस में 230 और अम्बाह तहसील में सबसे कम 221.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गुरूवार को सर्वाधिक 20 मिलीमीटर वर्षा सबलगढ़ में दर्ज की गई है, जबकि कैलारस में 12, अम्बाह-जौरा में 5 और मुरैना में 1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# श्रीराम कथा से मिलता है परम सुख: महाराज संजय कृष्ण शास्त्री

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिले के जौरा नगर में द्वितीय दिवस की कथा में महाराज संजय कृष्ण शास्त्री ने अपनी वाणी से सती चरित्र का वर्णन किया। एक बार त्रेता युग माही। शंभु गये कुम्भज रिषि पाही।। राम कथा मुनिवर्ज बखानी। सुनी महेश परम सुख मानी।। भगवान शिव माता सती के साथ अगस्त्य ऋषि के पास जाकर राम कथा सुनी एवं परम सुख का अनुभव किया, किन्तु माता सती ने कथा नहीं सुनी और जब भोले नाथ जी कथा सुनकर ऋषि को भगवान की भक्ति प्रदान करके माता सती के साथ जाने लगे, उसी समय उन्होंने आकाश मार्ग से अपने प्रभु श्री राम को सच्चिदानंद कहकर प्रणाम किया।

उस समय प्रभु श्री राम माता जानकी के विरह में व्याकुल होकर वन वन खोजते हुए पशु पक्षी हिरण भौरों कि कतारों से पूछते हुए जा रहे थे। उसी समय भगवान भोलेनाथ ने प्रभु श्रीराम को सच्चिदानंद कहकर प्रणाम किया। माता सती ने संशय किया, बोली यह ब्रह्म नहीं हो सकते, जो नारी के विरह में एक साधारण मानव की भांति व्याकुल होकर भटक रहे हैं। माता ने परिक्षा लेने लिए माता सीता का स्वरूप धारण किया तो प्रभु ने उनको पहचान लिया स प्रणाम करके कहा बोले, इस वन में अकेली केसे घूम रही हो। भोलेनाथ जी कहा है तब मैया सती का भ्रम टूट गया। जब भोले नाथ जी को पता चला तो उन्होंने माता सती का त्याग कर दिया एवं विस्तार पूर्वक कथा का वाचन किया और शिव पार्वती विवाह उत्सव सभी ने धूमधाम से मनाया।

## भ्रमण

## ग्राम मानपुर में पीएम जनमन आवास निर्माण, विद्यालय व आंगनबाड़ी का किया अवलोकन

# जनजातीय प्रकोष्ठ के रावत व राकेश सहरिया ने जिले का किया भ्रमण

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जनजातीय प्रकोष्ठ राजभवन भोपाल के बी.एस. रावत व राकेश सहरिया ने गत दिवस मुरैना जिले का भ्रमण किया। उन्होंने पीएम जनमन और धरती आबा अभियान के अंतर्गत सहरिया बसाहटों में विभागों द्वारा किए गए कार्य एवं गैप आइडेंटीफ़िकेशन की जानकारी ली।

उन्होंने ग्राम मानपुर में पीएम जनमन आवास निर्माण, विद्यालय और आंगनबाड़ी का अवलोकन किया। सहरिया जन से योजनाओं के सम्बन्ध में फीड बैक लिया। पहाड़गढ़ में शहद संग्रहण एवं प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन कर स्व-सहायता समूह की दीदियों से संवाद किया एवं सहरिया समुदाय की आजीविका में बढ़ोतरी हेतु आजीविका मिशन के कार्यों की सराहना की। ग्राम सिंगारदे में पशुपालन विभाग द्वारा प्रदत्त दुधारू पशु का अवलोकन कर हितग्राहियों से चर्चा की। तत्पश्चात ग्राम कन्हार में आदिवासी बालक आश्रम एवं नाबार्ड द्वारा प्रदाय फलदार पौधारोपण का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्री सौरभ सिंह राठौर, डीपीएम एनआरएलएम श्री दिनेश तोमर, डिप्टी डायरेक्टर वेटरिनरी ब्रज किशोर शर्मा सहित ब्लॉक व कर्मचारी उपस्थित थे।



# मध्यस्थता योजना अंतर्गत 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान

**मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा 01 जुलाई 2025 से 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता योजना अंतर्गत अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान जिला न्यायालय मुरैना, तहसील न्यायालय अम्बाह, जौरा, सबलगढ में संचालित किया जा रहा है। योजनांतर्गत पक्षकार जिनके मामले न्यायालय में लंबित है तथा जिन प्रकरणों में राजीनामा संभव है, वह पक्षकार राजीमाना के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकता है। मध्यस्थता योजना के तहत प्रकरणों के निराकरण से पक्षकारों का समय व आर्थिक हानि से बचा जा सकता है। ऐसे पक्षकार जो अपने प्रकरण को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाना चाहता है व अपने अधिवक्ता के माध्यम से अथवा सीधे न्यायालय में निवेदन कर अपने प्रकरण को मध्यस्थता हेतु मीडिएशन सेन्टर के लिए रेफर्ड करा सकते है। आमजन से अपील है कि राजीनामा योग्य प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में समाधान पर उक्त योजना का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और संबंधित तहसील विधिक सेवा समिति में सम्पर्क करें।

## ब्रीफ न्यूज

### आबकारी विभाग दमोह द्वारा की गई जप्ती की कार्यवाही



**दमोह।** अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे के निर्देशन में आबकारी वृत अ प्रभारी अनुरोध सेन के द्वारा थाना दमोह देहात अन्तर्गत दमोह-बालाकोट मार्ग पर सिद्ध बाबा पहाड़ी पास एक संदिग्ध मोटर साइकिल चालक को रोककर मोटर साइकिल पर टंगे थैले की तलाशी लेने पर उससे कुल 120 पाव देशी मसाला मिलने पर उक्त अवैध मदिरा और मदिरा परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटर साइकिल को जप्त करते हुए आरोपी मोटर साइकिल चालक के विरुद्ध विधिवत् मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)(क) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्त सामग्री मदिरा और वाहन की कीमत लगभग 62000 रुपए है। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कुलदीप कटारे, भूपति सिंह और महिला आरक्षक गीतांजलि गुप्ता शामिल रहे।

### खंडवा में बाल कल्याण समिति की बैठक आज

**खंडवा।** जिले में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 4 जुलाई को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर ऋषव गुप्ता करेंगे। बैठक में नगर निगम, जिला पंचायत, श्रम, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सामाजिक न्याय, कौशल विकास, जिला योजना और आदिवासी कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

### मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप की राशि

**खंडवा।** राज्य सरकार की मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 4 जुलाई को 75त्र या उससे अधिक अंक लाने वाले हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों को ?25,000 की राशि ऑनलाइन दी जाएगी। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यक्रम में राशि ट्रांसफर करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी पी. एस. सोलंकी ने बताया कि खंडवा जिले से 1166 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिले में कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू स्कूल (मोघट थाने के पास) में आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में खालवा तहसील में 14 मिमी, खंडवा तहसील में 4 मिली मीटर तथा पंधाना तहसील में 2 मि मि वर्षा दर्ज की गई है। जबकि हरसूद एवं पुनासा तहसील में पिछले 24 घंटे में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 3 जुलाई तक 161.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 183.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।

---

खंडेलवाल की नियुक्ति पर आतिशबाजी ढोल ढमाको के साथ मिठाई खिलाकर मनाया उत्साह से कार्यकर्ताओं ने जश्न

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की घोषणा के साथ ही पूरे जिले में खुशी की लहर

सत्ता सुधार ■ खंडवा



भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत करने वालों के बनने की घोषणा के साथ ही खंडवा जिले में कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। केवलराम पेट्रोल पंप एवं नगर निगम के समीप कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि भाजपा संगठन के चुनाव पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली से किए जाते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नए दावेदार के रूप में पूर्व सांसद बैतूल के विधायक प्रदेश के कोषाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विधिवत रूप से चुनाव प्रभारी को नामांकन के दिन मंगलवार को अपना नामांकन प्रस्तुत किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक ही श्री खंडेलवाल का नाम आने से प्रदेश पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान और चुनाव अधिकारी विवेक शेजवलकर मैं पार्टी कार्यालय में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल को को प्रमाण पत्र देकर उनके नाम की घोषणा की घोषणा की। श्री खंडेलवाल के नाम की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई जगह-जगह उत्साह मनाया गया। सुनील ने बताया कि जिला मुख्यालय खंडवा में भी भाजपा नगर के तीनों मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, रोहित मिश्रा, स्नेहा पाराशर, के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने केवल राम पेट्रोल पंप पर आतिशबाजी के साथ ढोल ढमोको पर नृत्य करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामना दी। वही युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनूप पटेल के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के समीप आतिशबाजी कर नए प्रदेश अध्यक्ष के नियुक्त होने पर खुशियां मना कर उत्साह जाहिर किया। आयोजित कार्यक्रम में हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, सुनील जैन, ममता बोरसे, परमजीत सिंग नारंग, आशीष चटकेले, गोपी शर्मा, गणेश गुरबानी, प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र बजाज, रोहित मिश्रा, स्नेहा पाराशर नानूराम मांडले भावेश बिल्लोरे, सागर आरतानी, अनिल वर्मा, मोहन गंगराड़े, गणेश गुरबाणी आशीष शर्मा, महेंद्र यादव, मंगलेश तोमर, अनूप पटेल, यशदीप चोरे सुधीर साकल्ले, सोनू इंगे, अनिल भगत, बलदेव मोर्य, दीपसिंग झाला, जीवन डिण्डोरे, रक्षा प्रजापति, सदानंद यादव, तेजेंद्र बाथम, अशोक पटेल, गब्बर वर्मा, मनोज तिवारी, विजय महाजन कपिल अग्रवाल, राजा शर्मा, धीरज शर्मा, शिवा मेहता, विंटी राजपाल, शिवा मेहता विशाल छाबड़ा सहीत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# आदिवासियों की जमीन पर दूसरे किसान करा रहे पंजीयन

## अब तक करीब 2.50 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में मूंग खरीदी हेतु पंजीयन का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक करीब 40 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। 5 जुलाई तक पंजीयन कार्यवाही चलेगी। दो-तीन दिन का समय शेष है। समर्थन मूल्य का फायदा लेने के लिए आदिवासियों की जमीन दूसरे किसान मूंग का पंजीयन करा रहे हैं। फर्जी तरीके से खोट नामा तैयार करके ऐसा खेल किया जा रहा है। जिस खेत में मूंग की होनी नहीं हुई थी वहां भी मूंग की बोनी रिकॉर्ड में दिखाकर पंजीयन करवाया जा रहा है। मूंग पंजीयन में व्यापक पैमाने फर्जी वाड़े की खबर है। कम कीमत में मूंग खरीदकर पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ लेकर लखपति बनने के फिराक में सुनियोजित षड़यंत्र के तहत ऐसा किया जा रहा है। जांच पड़ताल होगी तो पंजीयन में चौंकाने वाला फर्जी वाडा जग जाहिर हो जायेगा ।

### जून माह में 1.50 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी -

जून माह में अकेले करीब 1.50 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी जिले के चारों मंडियों में हुई है। अकेले खिड़किया में 75 हजार क्विंटल, 40-45 टिमरनी में, 10-15 क्विंटल सिराली व अन्य मंड़ियों में मूंग की खरीदी हुई है।

### लेट लतीफी के कारण बिका मूंग

समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी में लेट लतीफी के कारण मूंग बाजार व मंडी में बिक गई, कर्ज अदा करने के लिए छोटे किसानों ने मूंग बेच दी। अब जो मूंग की खरीदी किये हैं वही किसान बनकर पंजीयन कराकर खरीदी में भाव लेकर समर्थन मूल्य का लाभ लेंगे ।



### अब तक 2.50 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी

जब से मूंग तैयार हुई तब से अप्रैल, मई, जून और जुलाई में करीब 2.50 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी हो चुकी है। अब समर्थन मूल्य पर मूंग की बिक्री कहां से होगी यह यक्ष प्रश्न बन गया है। ज्यादातर किसानों में मूंग बेच दिया है। छोटे-मोटे वह बड़े व्यापारियों ने मूंग की खरीदी कर ली है। आदिवासियों की भूमि पर मूंग का पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में शामिल होना चाहते हैं।

### सांठगांठ से हो रहा फर्जी पंजीयनः वाष्ट

राम जीवन वाष्ट का कहना है कि मूंग खरीदी का पंजीयन सांठगांठ से किया जा रहा है। जिसके कारण फर्जीवाडा उजागर नहीं हो पा रहा है। अब इसकी जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग जोर पकड़ रही है। पंजीयनकर्ता किसानों की संख्या देखकर सभी आश्चर्यचकित हैं और संख्या पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सच्चाई क्या है पता लगाकर कार्यवाही की जाये।

### पंजीयन की जांच से खुलेगी पोल -खोरे

किसान नेता रामनिवास खोरे का कहना है कि अब तक करीब 40 हजार किसानों ने पंजीयन करा रखा है। जिसकी जांच पड़ताल कर दस्तावेजों का सत्यापन मौके पर जाकर किया जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। फुटकर व्यापारी हर वर्ष ऐसा करते हैं। सांठगांठ करके फर्जी तरीके से पंजीयन की कार्यवाही में भाग ले रहे हैं। जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है।

### पंजीयन कर्ता किसानों की जांच कराई जाएं

पंजीयन कराने वाले किसानों के दस्तावेजों की जांच कराई जाये। खोटनामा में कितनी सत्यता है उसका पता लगाया जाये तो किसान की आड़ में व्यापारी मूंग खरीदी में भाग लेकर समर्थन मूल्य का लाभ लेंगे।

### मूंग खरीदी वाले व्यापारियों के स्टाक का सत्यापनः वाष्ट

किसान नेता अखिलेश वाष्ट का कहना है कि मंडियो में जिन व्यापारियों ने मूंग की खरीदी की है उनके स्टाक का सत्यापन कर देख लेना चाहिए ताकि मंडी में खरीदी गई। मूंग समर्थन मूल्य पर खरीदी में न पहुंच सके और जिन किसानों ने मंडी में मूंग बेच दी है उतना माइनस हो जाना चाहिए । इसकी जांच पड़ताल की जायेगी तो मूंग खरीदी में फर्जीवाड़ा थम जायेगा।

### खोटनामा लगाकर करा रहे पंजीयनः दुबे

टिमरनी भाजपा पार्षद सुनिल दुबे का कहना है कि ग्राम में पट्टेदार आदिवासी अपनी जमीन दबंगो को बेचकर जा चुके हैं रिकॉर्ड में जमीन पट्टेदारों के नाम है उक्त जमीन पर काबिज किसान खोटनामा लगाकर पंजीयन करा रहे हैं। ऐसा पूरे हरदा जिले में हो रहा है आदिवासी किसान पंजीयन नहीं करवा रहे हैं। इसकी जांच पड़ताल की जाए तो फर्जी तरीके से खोटनामा लगाकर मूंग खरीदी हेतु पंजीयन कराने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आ जाएगा।

### सांठगांठ से हो रहा फर्जी पंजीयनः वाष्ट

राम जीवन वाष्ट का कहना है कि मूंग खरीदी का पंजीयन सांठगांठ से किया जा रहा है। जिसके कारण फर्जीवाडा उजागर नहीं हो पा रहा है। अब इसकी जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग जोर पकड़ रही है। पंजीयनकर्ता किसानों की संख्या देखकर सभी आश्चर्यचकित हैं और संख्या पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सच्चाई क्या है पता लगाकर कार्यवाही की जाएं।

---

# प्राचीन विठ्ठल मंदिर - नाम सप्ताह उत्सव - 144 वाँ वर्ष, आज से प्रारंभ



सत्ता सुधार ■ खंडवा

घंटाघर के सभी अति प्राचीन विठ्ठल मंदिर में 1882 से प्रतिवर्ष यहाँ आषाढ़ मास में सतत सात दिवसीय श्री नाम सप्ताह उत्सव मनाया जाता आ रहा है , प्रदेश का यह पहला मंदिर है जहां नाम सप्ताह उत्सव के तहत सातो दिन 24 घण्टे 7 दिवस रात दिन भगवान के भजन होते है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पर्व के दौरान प्रतिदिन भगवान का विशेष शृंगार किया जाएगा। पारम्परिक प्राचीन उत्सव 4 जुलाई शुक्रवार से 11 जुलाई तक तिथि अनुसार मनाया जाएगा।यह अखंड पारम्परिक ÷नाम सप्ताह÷ उत्सव %143% वर्षो से बिना किसी अवरोध के शांति पूर्ण तरीके से भक्ति भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

### 4 जुलाई को प्रातः 6:30 काकड़ा आरती के साथ उत्सव का आरम्भ होगा।

6 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी मनाई जाएगी। 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा मनाई जाएगी। जिसमें परंपरानुसार श्री गुरु सच्चिदानंद महाराज की पादुका का पूजन किया जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि पर्व के समापन आखिरी दिन 11 जुलाई को शाम 5 बजे भगवान श्री पंढरीनाथ (विठ्ठल) की पालकी प्रतिवर्षानुसार शहर के कई मार्गो से निकलेगी। नाम सप्ताह उत्सव मे प्रतिदिन कई भजन मंडल जैसे - सत्य साई समिति , अथर्वशीर्ष भजन मंडल (मराठी समाज) विष्णु सहस्रनाम मंडल, विठ्ठल मंदिर महिला भजन मंडल , रामायण मंडल, हरे राम मंडल ,कसेरा समाज भजन मंडल, गुरव समाज मंडल, संत सिंगाजी भजन मंडल ,यादव समाज मंडल, पासी समाज मंडल, मराठा समाज मंडल, बालाजी भजन मंडल, दादाजी भजन मंडल,के साथ साथ कई ग्रामीण भजन मंडल एवम विभिन्न महिला मंडल कई वर्षो से उत्सव को सफल बना रहे है।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी भक्तों , पहरों (भजन मंडलियों )से निवेदन हे ,की इस वर्ष भी इस पारंपरिक नाम सप्ताह उत्सव को बड़े हर्षोल्हास के साथ पूर्ण गरिमा रखते हुए सफलतापूर्वक मनाए।

---

# शा.आदर्श महाविद्यालय मे तीन दिवसीय समारोह



**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रभारी प्राचार्य रुमाल सिह पटेल के निर्देशनमें शासकीय आदर्श महाविद्यालय में 1 जुलाई से 3 जुलाई तक दीक्षारंभ समारोह मनायागया।दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नये विद्यार्थियों को नये परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है।दीक्षारंभ समारोह के प्रथम दिवसप्राचार्य प्रभारी श्री पटेल द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा संस्था का परिचय व संस्थान का विजन बताया। डॉ. अनिता बिरला द्वारा संचालित विषयों व पाठ्यक्रमों व महाविद्यालय के स्टाफ से परिचय करवाया गया । डॉ. सोनिक बघेल के बारे में बताया गया। दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस में श्रीमती सोनाली ठाकुर द्वारा छात्रवृत्ति व कैरियर मार्गदर्शन व सुश्री भारती चंदेल द्वारा स्पोर्ट्सव महाविद्यालय में संचालित समस्त गतिविधियों की जानकारी दी गयी। तृतीय दिवस डॉ.माया रावत द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 020 की जानकारी व डॉ.गुरप्रीत कोर गांधी द्वारा विज्ञान संकाय व श्रीमती भावना यादव द्वारा वाणिज्य संकाय मे संचालित विषयों व पाठ्यक्रमों का परिचय दिया । दीक्षारंभ समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य श्री पटेल उपस्थिती में कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिरला तथा आभार डॉ. बघेल ने किया।

### लेवल काउंसलिंग के लिये 13 अगस्त तक कर सकते है पंजीयन

**हरदा।** स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में संस्था स्तर पर प्रवेश प्रारम्भ हो गए है। प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रवेश के लिये 13 अगस्त तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के बाद विद्यार्थी 13 अगस्त तक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से संस्था में सभी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सी एल सी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है। उन्होने बताया कि छात्र पहले आओ पहले पाओ के अनुसार ब्रांच चयन कर सकते है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए अलग से सीट उपलब्ध रहेगी।

# महिला सशक्त वाहिनी कक्षा की छात्राओं को मिल रहा निःशुल्क मार्गदर्शन व प्रशिक्षण

सत्ता सुधार ■ हरदा



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला सशक्त वाहिनी कक्षा में छात्राओं को निःशुल्क मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि सशक्त वाहिनी की कक्षा में जिले के विकासखंड टिमरनी, हरदा एवं खिरकिया के ग्रामों की बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। उन्होने बताया कि इन कक्षाओं में छात्राओं को लिखित परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है, जिसमें सामान्य गणित, सामान्य विज्ञान एवं सामान्य बुद्धि के प्रश्न हल कराए जा रहे हैं तथा समय-समय पर टेस्ट भी लिये जा रहे हैं। साथ ही बालिकाओं को फिजिकल क्लास में 800 मीटर दौड़, 10 फिट लंबी कूद, 15 फिट गोला फेंक सहित अन्य गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है।

---

## आतिशबाजी

अतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

# खंडेलवाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मनाया जश्न

सत्ता सुधार ■ दमोह



भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के संगठन पर्व में प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला भाजपा कार्यालय में गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाई देते हुए जश्न मनाया। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व का समापन आज प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के हो गया। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर बहुत बहुत बधाई। जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचन पर हम सभी कार्यकर्ताओं ने अतिशबाजी कर और गाजे बाजे के साथ मिठाई बांटकर खुशी मनाई। जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने कहा कि संगठन पर्व हम सभी के लिए किसी त्यौहार जैसा है इसलिए आज की खुशी हम सभी त्यौहार जैसे मना रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है और उसी के अंतर्गत बूथ से लेकर मंडल, जिला के निर्वाचन पश्चात् आज प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएँ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री संजय यादव, वर्षा रैकवार, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष सादिक रिजवी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, बृजेश सिंह, देवेंद्र सिंह, संतोष रोहित, मनीष सोनी, बृजेन्द्र अहिरवार, अमर सिंह राजपूत, जुगल अग्रवाल, अरूण सोनी, महेंद्र अहिरवार, देवल कोरी, आशीष राय, रीतेश सोनी, सतीश जैन, श्याम विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, महेंद्र राठौर, अखिलेश घोषी, सृजन असाटी, राजुल चौरहा, अखिलेश चौबे, मुकेश खरे, नर्मदा पटेल, आलोक चौबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जय शिक्षा प्रभारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा



**हरदा।** जय शिक्षा प्रभारी रोहित कुमरे द्वारा ग्राम पंचायत कचनार अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया । श्री कुमरे ने बताया कि इस दौरान बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई कराने कि आवश्यकता महसूस की जा रही है। बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से विकास कराने की आवश्यकता है। बच्चों को गर्म खाना, कुपोषित बच्चों को अतिरिक्त आहार देने की आवश्यकता है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाएं जैसे टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक उपचार होते रहना चाहिए। गंभीर बीमार महिलाएं, बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र भेजने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। वहीं आशा कार्यकर्ता और सहायिका को साफ सफाई करते हुए बच्चों का अच्छे से देखभाल करने की बात पर विशेष जोर दिया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### कन्यादान राशि ना आने पर पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आज होगा आंदोलन

**बीना/सागर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 403 लड़कियों की शादी हुई थी। दो माह बीत जाने के बाद भी इनके खाते में राशि नहीं आई है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शादी करने वाली महिला हितग्राही को 49 हजार रुपए की राशि मिलती है। यह राशि सीधे वधु के खाते में ट्रांसफर की जाती है, लेकिन अब इनके खाते में राशि नहीं आई है। इसके विरोध में पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक राशि नहीं मिली है। इसके चलते वह हितग्राहियों के साथ गांधी तिराहे पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे।

### खाद्य मंत्री ने रावतपुरा सरकार से लिया आशीर्वाद, सुख समृद्धि की कामना की



**सागर।** श्री रावतपुरा सरकार आश्रम वेदांती परिसर में सात दिवसीय श्री सदुरु प्राकट्य महोत्सव में शामिल होकर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने संत श्री रावतपुरा सरकार से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि संतों के चरण जहां पढ़ते हैं वहां सुख समृद्धि का वास होता है हमारा यह सौभाग्य है कि श्री रावतपुरा सरकार जी की हमारे सागर और बुंदेलखंड पर विशेष कृपा है।

### डॉक्टर्स डे पर डा. पं रामबाबू तिवारी एवं डाक्टर अमितेष तिवारी को किया सम्मानित

**बीना/सागर।** डॉक्टर्स डे पर जिझौतिया ब्राह्मण समाज के सभी लोगों ने डॉ. पं रामबाबू तिवारी के क्लीनिक पर पहुंचकर श्रीफल और शाल और पुष्प माला से उनको सम्मानित किया।पं. हरदयाल गोस्वामी ने कहा कि डॉक्टर आर बी तिवारी निरंतर मानव सेवा में लगे हुए हैं।पंडित दिनेश पाठक ने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप माना गया है। सुधीर रिछारिया ने कहा कि डॉ पं रामबाबू तिवारी ने जिझौतिया ब्राह्मण संघ का जब से अध्यक्ष पद संभाला है। वह निरंतर समाज की और जनता की निस्वार्थ सेवा निरंतर कर रहे हैं। राजीव रिछारिया ने कहा कि डॉक्टर साहब गरीबों के मसीहा है,और निरंतर गरीबों का इलाज मुफ्त में करते आ रहे है।पंडित रमाकांत बिलगैया ने बताया कि डॉक्टर आरबी तिवारी जी जवाहर वार्ड के लोग जो अति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं उनकी निरंतर निशुल्क हमेशा इलाज मुफ्त में करते हैं।डॉक्टर डे पर पंडित देव बबेले पं देवकीनंदन रिछारिया, संजय तिवारी, बंटी चौबे, और बृजेंद्र दुबे शिवेंद्र मिश्रा ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मकरोनिया में मुख्य सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा मवेशियों की धर पकड़ हुई शुरू

## पहले दिन पकड़े गए करीब एक दर्जन मवेशी,अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**सत्ता सुधार ■ सागर**

शहर की मुख्य सड़कों को आवारा मवेशियों से मुक्त करने के उद्देश्य से और लोगों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए सागर कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर आवारा मवेशियों की धर पकड़ जारी है,इसी क्रम में मकरोनिया नगर पालिका द्वारा बुधवार को उपनगर की मुख्य सड़कों पर विचरण करते एक दर्जन से अधिक आवारा मवेशियों को काऊ कैचर टीम ने रेस्क्यू किया,और उन्हें वाहन में भरकर गौशाला और अन्यत्र स्थान पर छोड़ दिया गया,मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन शर्मा ने बताया की मकरोनिया क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की वजह से लगातार भीड़भाड़ देखी जाती है ऐसे में यह आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण कर आमजन को नुकसान पहुंचाने सहित यातायात व्यवस्था को भी बिगाड़ते नजर आते हैं,इन्हीं सब समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर इन आवारा मबेशियों की धर पकड़ शुरू की गई है,और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा,इसके अलावा उपनगर की मुख्य सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को भी सख्ती से हटाया जा रहा है,आमजन से ओर व्यापारियों से अपील की जा रही है मुख्य सड़कों पर फैले अतिक्रमण को खुद ही हटाले अन्यथा नपा प्रशासन हटा देगा,और कार्यवाही के दौरान होने बाली छती के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# भाजपा की नाकामियों को उजागर करना क्या गुनाह हैः-प्रभु सिंह ठाकुर



**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

पिछड़ा वर्ग के पीड़ित युवक की आवाज उठाने के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध भाजपा सरकार द्वारा मुंगावली थाने में झूठी एफआईआर दर्ज करने के विरोध में न्याय सत्याग्रह के रूप में 8 जुलाई को अशोकनगर में दोपहर 12 बजे बीना सहित मध्य प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तारी देंगे, यह बात सागर सह प्रभारी मनोज कपूर ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बीना में आयोजित बैठक के दौरान कही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अशोकनगर पहुंचने की अपील की।इस दौरान पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रजातांत्रिक तरीके से भाजपा की नाकामियों को उजागर करना क्या गुनाह है, यदि दर्ज मामला वापस नहीं लिया गया जेल भरने से नहीं चूकेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहां की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर इस तरह से एफआईआर दर्ज करना लोकतंत्र को समाप्त करना है सबको अपने तरीके से बात रखने का प्रजातंत्र में अधिकार होता है किंतु जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी कुचक्र चल रही है वह प्रजातंत्र के लिए खतरा है।शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है किंतु जिस तरह से भाजपा विपक्ष लोगों पर अलोकतांत्रिक तरीके से झूठी मुकदमे दर्ज कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरा है।इस मौके पर विशेष रूप से पी पी नायक शालू बिलगैया,अशोक परिहार, प्रमोद राय, ओमप्रकाश पासु के अलावा युवक कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिला कांग्रेस सहित अनेक कांग्रेस से उपस्थित थे।

# शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

## विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का उच्च शिक्षा में स्वागत है



**सत्ता सुधार ■ सागर**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के तृतीय दिवस को नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत रोली-टीका लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का उच्च शिक्षा में स्वागत है। आप सभी महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्ययन-अध्यापन कर अपने सपनों को साकार करें साथ ही समय-समय पर आपको विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। डॉ. जी.आर. चौहान ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों से परिचय कराया। महाविद्यालय के ऑनलाईन प्रवेश प्रभारी डॉ. अभिषेक गोयल ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न शैक्षणेत्तर गतिविधियों जिनमें एनसीसी, एनएसएस एवं खेल-कूद आदि से अवगत कराया। डॉ. आशीष जैन ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, रोजगारोन्मुखी एईडीपी के माध्यम से संचालित बी.एस-सी. हेल्थकेयर मैनेजमेंट एवं बी.कॉम. इन रिटेल ऑपरेशन की जानकारी के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज मिश्रा एवं आभार डॉ. रिजवान खान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. संतोष मिश्रा, डॉ. कलम सिंह डुडवे, डॉ. ओमना सेनानी, भगवत सिंह पटेल, शिवलाल अरिहवार, डॉ. महेन्द्र चौरसिया, डॉ. शिवेन्द्र पाठक, डॉ. अनामिका पाठक, डॉ. मनीषा पाण्डे, डॉ. राजेन्द्र कुमार नागेश, राजेश गिरवाल, श्रीमती ज्योति तिवारी, विनोद सोनी, प्रेमनारायण साहू, श्रीमती वंदना साहू, श्रीमती अर्चना खैरवार, काशीराम गौड़, मुबीन खान, रश्मि उपाध्याय, गगन खत्री, पंकज प्रजापति,अबरार खान, विनोद ताम्रकार, प्रेमशंकर साहू, नीतेश, प्रेमशंकर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जैन मिलन मकरोनिया ने चिकित्सा चिकित्सा दिवस के अवसर पर चिकित्सकों का सम्मान किया



**सत्ता सुधार ■ सागर**

जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा चिकित्सा दिवस के अवसर पर चिकित्सों का सम्मान विशिष्ट अतिथि अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। चिकित्सों का सम्मान अतिवीर महेश जैन राष्ट्रीय संयोजक वीर गुलझारी लाल जैन राष्ट्रीय संयोजक वीर सुरेश जैन अध्यक्ष वीर अजित जैन बैक कार्यकारी अध्यक्ष वीर संजय जैन शक्कर क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर प्रदीप जैन गुन्नौर क्षेत्रीय संयोजक वीर मनीष जैन विद्यार्थी उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी वीर वीरेंद्र प्रधान मार्गदर्शक वीर संतोष जैन बैंक एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। वीर रविंद्र जैन मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर कुल 37 चिकित्सों का सम्मान स्मृति चिन्ह मेडल एवं सम्मान पट्टीका से तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर महेंद्र समैया डॉक्टर हीरालाल जैन डॉक्टर नीरज जैन डॉक्टर दीपिका जैन डॉक्टर स्मिता जैन डॉक्टर दीपराज जैन डॉक्टर एके जैन डॉक्टर संजय जैन डॉक्टर पवन जैन डॉक्टर डालचंद जादौन डॉक्टर स्वप्निल जैन डॉक्टर अखिलेश जैन डॉक्टर महेश जैन डॉक्टर श्रेणिक जैन डॉक्टर जिनेश जैन डॉ सौरभ भारिल्ल का सम्मान किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से वीर राजेश प्राचार्य वीर पीसी जैन वीर हेमचंद जैन वीरेंद्र निशिकांत सिंघई वीर संतोष जैन गढ़ाकोटा वीर विनोद जैन एल आई सी संतोष जैन बैंक मृगेंद्र जैन प्रसून वीर वीरेंद्र प्रधान वीर अरविंद जैन एम आर राष्ट्रीय क्षेत्रीय एवं शाखा पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी को वत्सल भोज कराया गया एवं आभार प्रदर्शन रविंद्र जैन मंत्री द्वारा किया गया।

# कलेक्टर के निर्देशों का हो रहा है अनुपालन

## क्षतिग्रस्त, जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई जारी, जर्जर क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना दे जिलेवासी



**सत्ता सुधार ■ सागर**

कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जिले में कोई भी भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इस हेतु तत्काल कार्रवाई करें और जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में जिले के अनेक विकासखंडों में कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद मालथौन, देवरी, जनपद पंचायत बंडा में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों को गिराने की कार्यवाही की गई।

कार्रवाई की गई।

उन्होंने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई मकान जर्जर और क्षतिग्रस्त है तो इसकी सूचना संबंधित राजस्व अधिकारी नगर पालिका नगर परिषद नगर निगम एसडीम को तत्काल दें जिससे कि उसे भवन को घराने की कार्रवाई की जा सके और सभी को सुरक्षित रखा जा सके उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा।


# प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण को बचाओ के बारे में लोगों को बताया



**सागर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन आदेशानुसार नगर पालिका परिषद मकरोनिया एवं संस्था द्वारा नगर के में रहवासियों को कार्यशाला के माध्यम से समझाया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग ना करे पॉलिथीन की जगह पर कपड़े से बने थैले या कागज से बने थैले का उपयोग करे। अगर हम सब मिलकर प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग करना बंद कर दें तो हमारा शहर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त हो जाएगा जिससे हमारा शहर साफ और स्वच्छ बना रहे एवं पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा। प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण को बचाओ के बारे में लोगों को बताया गया।

**जर्जर भवन** बच्चे हो या गांव देहात के लोग या फिर जानवर उन भवनों में खड़े भी होते हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है

# रुसला एवं पीपर खेड़ी शाला में पढ़ने वाले बच्चों का जीवन खतरे में शासन ध्यान दे



**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

जहां जर्जर भवनों को गिरने के आदेश कलेक्टर दे रहे हैं लगभग बीना में 12 स्कूल भवन ऐसे हैं जो पूर्णता जर्जर हो चुके हैं जिनको गिरने की नितांत आवश्यकता है क्योंकि बच्चे हो या गांव देहात के लोग या फिर जानवर उन भवनों में खड़े भी होते हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा कई शिक्षा के केंद्र ऐसे हैं जिनकी छते, सीलिंग, पूर्णतः खराब हो चुकी है ऐसे में शिक्षक विचारे करें तो क्या करें। एक और शिक्षा देना भी आवश्यक है तो दूसरी ओर छत टपकने का अंदेशा भी है कहीं ऐसा ना हो कि कोई हादसा हो जाए ऐसा ही एक उदाहरण बीना से 6 किलोमीटर दूर रुसल्ला ग्राम की स्कूल पूर्णता जर्जर हो चुकी है जहां पर सावधान स्कूल जर्जर स्थिति में है बच्चों को बैठने के लिए मना किया गया किंतु स्कूल लगाना भी आवश्यक है ऐसे में बच्चों को जर्जर स्कूल भवन में पढ़ाया जा रहा है। प्रशासन की नजर में होने के बावजूद भी वहां पर स्कूल लग रही है।

इसी तरह बीना से मात्र 5 किलोमीटर दूरी पर पीपर खेड़ी ग्राम है जहां की प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला भवन की छत से लगातार पानी टपकता रहता है ऐसी स्थिति में किसे दोष दें प्रशासन में बैठे बी आर सी या फिर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को जिनको लगातार अवगत कराने के पश्चात भी स्कूल की मरम्मत नहीं की गई माध्यमिक शाला में लगभग छे कमरे हैं प्रत्येक कमरे से बारिश आने पर पानी टपकता रहता है कई की छत की सीलिंग इतनी जर्जर है कि वह कभी भी गिर सकती है ऐसी स्थिति में क्या प्रशासन इस और ध्यान देगा या फिर टीचरों द्वारा लगाए गए आवेदन फाइलों में दबकर रह जाएंगे।जहां लगातार अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ऐसे जर्जर भवनों का निरीक्षण करेंगे और शासन प्रशासन को वह अवगत करा कर उनकी मरम्मत करने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।विशेष रूप से बी आर सी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बी ए सी,सी ए सी, एवं इंजीनियर ऑफिस से बाहर निकाल कर स्कूलों का निरीक्षण कर शासन को अवगत कारण ताकि भविष्य में कोई घटना दुर्घटना ना हो।

# संत बनने के लिए कपड़े बदलने की आवश्यकता नहीं कलेजा बदलना होगाः साध्वी सविता देवी जी



**बीना/सागर।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा 4 जुलाई से 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर संपन्न होगी यह कथा प्रभु श्रीमद् धाम कॉलेज तिराहा सिटी पावर हाउस के पास वीर सावरकर वार्ड में आयोजित होगी कथा आयोजन से पूर्व साध्वी मां सविता देवी के द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। उन्होंने बताया हमारा जीवन हमारी मृत्यु कैसी होनी चाहिए यह भागवत कथा हमें संदेश देती है हमारी मृत्यु कब हो जाए यह पता नहीं जिस तरह से अजगर के मुंह में एक पशु बैठा रहता है जब मुंह बंद होता है तो वह समाप्त हो जाता इसी तरह हमारा जीवन है कब समाप्त हो जाएगा यह हमें पता नहीं हमारी मृत्यु मंगलमय हो यह हमें भागवत कथा के माध्यम से ही ज्ञात होता है सनातन धर्म का जो नियम है उसका पालन करना चाहिए हम हिंदू कहलवाना चाहते हैं किंतु उसका पालन करना जरूरी है आज हम संत कहलाना चाहते हैं किंतु उसे परंपरा पर हम नहीं चलते यह गलत है हमें अपने अंदर सुधार करना होगा जब हम सुधरेंगे तब हम जमाना सुधार सकते हैं, संत बनने के लिए कपड़े बदलने की आवश्यकता नहीं बस केवल कलेजा बदलने की आवश्यकता है। मुख्य यजमान नटवर शास्त्री ने बीना नगर के सभी धार्मिक बंधुओ से विनती कर अपील की है कि आप सभी भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## ब्रीफ न्यूज़

### भारतीय टीम को आक्रामक गेंदबाजी करनी होगी : पनेसर

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने कहा है भारतीय टीम अगर दूसरे टेस्ट के साथ ही सीरीज भी जीतना चाहती है तो उसे अपनी रणनीति पर ध्यान देना होगा। इसके लिए उसके गेंदबाजों को आक्रामक रुख अपनाते हुए नई गेंद से विकेट लेने होंगे। पनेसर ने कहा कि मेजबान टीम पहले 10 ओवर में बहुत धीरे-धीरे खेलती है क्योंकि गेंद स्विंग करती है। वहीं जब गेंद में तेजी नहीं रहती तो वह तेजी से रन बनाती है। इसलिए वे जो कर रहे हैं वह यह है कि वे ज़्यादा सूझबूझ से आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को भी आक्रामक रवैया अपनाते हुए विकेट लेने चाहिये। उन्हें यही करना है और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि वे हमेशा पीछे रह जाएंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तरह नई गेंद से विकेट लेने की जरूरत है। उन्हें यहां भी यही करना होगा। टेस्ट मैच जीतने का तरीका यह है कि भारत को नई गेंद से विकेट लेने चाहिए।

### शुभमन लगातार दो टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे कप्तान बने

**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी शतक लगाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। शुभमन ने कठिन हालातों में कप्तान के तौर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पहली पारी में ये शतक लगाया जिससे भारतीय टीम संभल गयी। ये कप्तान के तौर पर यह उनका दूसरा और कुल मिलाकर सातवां टेस्ट शतक रहा। पहले टेस्ट में भी उन्होंने शतक लगाया था। शुभमन ने इसके साथ ही एक से अधिक रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। शुभमन अब इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले कप्तान बन गये हैं। वहीं इससे पहले केवल विजय हजारे औरर अजहरुद्दीन के नाम ही कप्तान के तौर पर लगातार दो मैचों में शतक हैं। इस प्रकार वह लगातार दो शतक लगाने वाले तीसरे टेस्ट कप्तान बने हैं।

### कुत्ते के काटने से कबड्डी खिलाड़ी की मौत

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से एक दुखद खबर आई है। यहां कुत्ते के काटने से एक कबड्डी खिलाड़ी बृजेश की मौत हो गयी है। इस खिलाड़ी ने हाल ही में एक कुत्ते को बचाया था। उसी दौरान उसे कुत्ते ने उंगली में काट लिया था जिसपर इस खिलाड़ी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे में रेबीज वायरस से इसकी मौत हो गयी है। इस खिलाड़ी ने एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाई थी और यही गलती उसकी मौत का कारण बनी। इसका एक वीडियो भी वीडियो अब सोशल मीडिया पर आया है। बृजेश राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता थे और प्रो कबड्डी लीग में भाग लेने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच मार्च में फराना गांव में एक कुत्ते का पिल्ला नाली में गिर गया था जिसे बचाने के दौरान ही उन्हें उसने काट लिया था जिसपर बृजेश ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद बृजेश का दायां हाथ सुन होने लगा और इसके बाद पूरा शरीर भी सुन पड़ गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए पर कोई लाभ नहीं हुआ।



सेंट लुइस में कॉनकेप गोल्ड कप फुटबॉल में अमेरिकी मिडफील्डर डिगो लूना गोल दागते हुए।

## शुभमन और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक से भारतीय टीम बड़े स्कोर की ओर

**एजेंसी ■ बर्मिंघम**

कप्तान शुभमन गिल के शतक से भारतीय टीम ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन पहली पारी में 5 विकेट पर 310 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने के समय शुभमन 114 जबकि रविंद्र जडेजा में 41 रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत 25 रन ही बना पाये जबकि युवा ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी भी एक रन पर ही आउट हो गये। ही रन बना सके, अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। अब देखना है कि बचे हए बल्लेबाज उसे 500 रनों तक पहुंचा पायेंगे या नहीं। ऋषभ बशीर जबकि रेड्डी क्रिस वोक्स का शिकार बने। वहीं युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 13 रनों से अपना शतक पूरा नहीं कर पाये। यशस्वी ने 87 रन बनाए। भारतीय पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पारी की शुरुआत करते हुए केएल राहुल 2 रन ही बना पाये। वहीं आठ साल बाद वापसी कर रहे करूण नायर भी 31 रन ही बना पाये। करुण ने अच्छी शुरुआत की पर वह लंबी पारी नहीं खेल पाये।



भारतीय टीम ने इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शामिल नहीं किया। इसके अलावा बल्लेबाज वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी को अवसर दिया। बुमराह की जगह पर तेज गेंदबाज आकाश दीप को शामिल किया गया।

# वैभव की बल्लेबाजी से भारतीय अंडर-19 टीम ने तीसरा मैच जीता

### इंग्लैंड अंडर-19 को चार विकेट से हराया

**एजेंसी ■ लंदन**



14 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी की सहायता से भारतीय अंडर-19 टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भी इंग्लैंड अंडर 19 टीम को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से वैभव ने सबसे अधिक 86 रन बनाये। इस जीत के साथ ही भारतीय जूनियर टीम को 5 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-1 की बढ़त मिल गयी है। भारतीय टीम ने पहला एकदिवसीय 6 विकेट से जीता था जबकि दूसरे एकदिवसीय में इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। वहीं अब भारतीय टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीतकर एक बार फिर सीरीज में बढ़त बनायी है। वहीं बारिश से प्रभावित इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने कप्तान थॉमस रेउ के 76 और बेन डॉकविंस के 62 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 268 रन बनाए। भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। इस मैच में इंग्लैंड ने जीत के लिए भारतीय टीम को 269 रनों की चुनौती दी थी। जिसे भारतीय टीम ने 34.3 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर 274 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 38 रन बनाये। कुंडू के 12 रन बनाकर आउट होने के बाद भी वैभव तेजी से खेलते रहे और विहान मल्होत्रा के साथ उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 73 रन बनाये। विहान 46 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वैभव ने 277.42 के स्ट्राइक रेट से 86 रन बनाए।

इसके अलावा कौशिक चौहान ने नाबाद 43 रन जबकि आरएस अंबरीश ने भी नाबाद 31 रन बनाए। मेजबान इंग्लैंड की ओर से एलेक्स वेड ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 268 रन बनाए. कप्तान थॉमस रेउ ने सबसे ज्यादा 44 गेंदों पर 76 रन बनाए वहीं ओपनर बेन डॉकविंस ने 61 गेंदों पर 62 रन बनाए.

### शुभमन में दिखी विराट की झलक

**बर्मिंघम।** भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी कप्तानी संभालने के बाद एकदम से बदली नजर आ रही है। जिस प्रकार उन्होंने अब तक दोनो ही मैचों में शतक लगाये हैं उससे सभी हैरान हैं। एजबेस्टन टेस्ट में शतक पूरा करने के बाद शुभमन ने जिस अंदाज में जश्न मनाया उससे उनमें विराट कोहली की झलक दिखी। उन्होंने हेलमेट हवा में उठाया, भीड़ की ओर झुककर अभिवादन किया, बल्ले को चूमा और जोरदार गर्जना की। कुछ लोगों को इससे देखकर विराट की भी याद आ गई। विराट ने इसी मैदान पर कप्तान के तौर पर साल 2018 के दौरे में शानदार शतक लगाया था। उसके बाद विराट ने जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। वैसा ही कुछ शुभमन ने भी किया। शुभमन की सफलता भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। शुभमन ने नंबर-4 पर आकर उस समय पारी को संभाला, जब भारत ने शुरुआत में ही विकेट खो दिये थे और टीम दबाव में थी। वह अब उन बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं।

## द्रविड़ और सहवाग का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये यशस्वी



**एजेंसी ■ बर्मिंघम**

यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ यहां दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 87 रनों प आउट हो गये। इससे वह राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के दो दशक पुराने एक रिकार्ड को नहीं तोड़ पाये। यशस्व के पास इस मैच में भारत की ओर से सबसे तेज 2000 टेस्ट रन पूरा करने का अवसर था पर वह इसमें सफल नहीं हुए। अब तक उनके नाम टेस्ट की 39 पारियों में 1990 रन हैं। वहीं अगर वह 10 रन और बना लेते तो सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन सकते थे। अभी ये उपलब्धि वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ के नाम है। इन दोनो ने ही 40 पारियों में सबसे तेजी से 2000 रन बनाये। वहीं यशस्वी इसे 39 पारियों में ही हासिल कर सकते थे।

द्रविड़ ने साल 1999 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन में और वीरेंद्र सहवाग ने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में यह रिकार्ड बनाया था। यशस्वी ने टेस्ट डेब्यू किया था और अब तक 39 पारियों में 1990 रन बनाए हैं। उनका औसत 52.86 का है.

### सबसे तेज़ 2000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज़

- ✔ राहुल द्रविड़ - 40 पारियां (न्यूज़ीलैंड, हैमिल्टन, 1999)
- ✔ वीरेंद्र सहवाग 40 पारियां (ऑस्ट्रेलिया, चेन्नई, 2001)
- ✔ विजय हज़ारे- 43 पारियां (वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन, 1953)
- ✔ गौतम गंभीर - 43 पारियां (न्यूज़ीलैंड, नेपियर, 2009)
- ✔ सुनील गावस्कर- 44 पारियां (वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन, 1976)

## युवराज और सचिन भी हुए शुभमन और यशस्वी की बल्लेबाजी से प्रभावित

**एजेंसी ■ मुम्बई**

सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंइ ने शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। शुभमन ने इंग्लैंड दौरे में लगातार दूसरा शतक लगाया है। शुभमन ने दूसरे टेस्ट में जहां नाबाद 114 रन बनाये हैं। वहीं यशस्वी ने 87 रनों की पारी खेलकर खेली। इंग्लैंड में विपरीत हालातों में इनकी बल्लेबाजी से सचिन और युवराज काफी प्रभावित हैं।

इन दोनो ने ही शुभमन गिल व यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। सचिन ने यशस्वी जायसवाल को लेकर कहा, ÷उसने पहली गेंद से ही लय हासिल कर ली। वह सकारात्मक, निडर और चतुराई से आक्रामक बल्लेबाजी करता दिखा।

वहीं शुभमन को लेकर कहा, हमेशा की तरह शांत, दबाव में शांत, डिफेंस में मजबूत और पूरी तरह से पारी पर नियंत्रण करते दिखा। दोनों ने शानदार पारी खेली।




वहीं शुभमन के गुरु रहे युवराज ने कहा , जब जिम्मेदारी आती है, तो कुछ लोग आगे बढ़ते हैं और कुछ ऊंची उड़ान भरते हैं। शुभमन टेस्ट कप्तान के रूप में लगातार शतक बनाने वाले इन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं। शांत दिमाग, बोल्ड बल्लेबाजी और उदाहरण पेश करके नेतृत्व करने की क्षमता उनमें है।÷ वहीं उनकी इस बल्लेबाजी से उन लोगों को करारा जवाब मिला है जो कप्तान बनाते समय आरोप लगाते रहे हैं कि कमजोर बल्लेबाजी के कारण शुभमन की जगह टेस्ट में पक्की नहीं है।

## अब तन्वी शर्मा की नजरें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप पर लगीं

**एजेंसी ■ चंडीगढ़**

उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा अब अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने की तैयारी करेंगी। इसके लिए वह गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। ये टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने हाल ही में हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रजत पदक जीता था। तन्वी को बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन के महिला एकल के फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। विश्व में 66वें स्थान पर कायम तन्वी इसके बाद जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने प्रदर्शन से उसने सभी को हैरान किया है। उसने इस दौरान अपने से उंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। तन्वी ने पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया है। इस दौरान उसे भारत की कुछ शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अभ्यास का अवसर मिला जिससे उसका कौशल भी बेहतर हुआ।



### तमिलनाडु प्रीमियर लीग

## अश्विन की आक्रामक बल्लेबाजी से जीती डिंडीगुल ड्रैगन्स

**एजेंसी ■ चेन्नई**

डिंडीगुल ड्रैगन्स की कप्तानी करते हुए अश्विन दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच में पारी की शुरुआत करते हुए 48 गेंदों पर ही 83 रन बना दिये।

अश्विन अपनी स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं पर यहां उन्हें 11 चौके व तीन छक्के लगाकर सभी को हैरान कर दिया। उनकी इस पारी से डिंडीगुल ड्रैगन्स ने ये मैच जीत लिया। अश्विन की पारी से एलिमिनेटर में त्रिची ग्रैंड चोलाज छह विकेट से हार गयी। अब डिंडीगुल ड्रैगन्स का मुकाबला क्वालिफायर-2 में शुक्रवार को चेपॉक सुपर गिलीज से होगा। इसमें विजेता टीम फानल में पहुंचेगी।

एलिमिनेटर मुकाबले में अश्विन ने टॉस जीतकर त्रिची ग्रैंड चोलाज को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। अश्विन ने तीन विकेट लेकर उसे करारा झटका दिया। बाद में 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अश्निन की डिंडीगुल ड्रैगन्स ने तेजी से रन बनाये। अश्विन ने शिवम सिंह के साथ पहले 5 ओवरों में ही 50 रन बना दिये। शिवम 5वें ओवर में आउट हो गए पर अश्विन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए त्रिची के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया।

सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

### गॉफ और ज्वेरेव बाहर हुए...

# जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे

**एजेंसी ■ लंदन**

सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। वहीं जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। वहीं महिला वर्ग में अमेरिकका की कोको गॉफ को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। जोकोविच पहले दौर के मैच में पेट दर्द से भी परेशान रहे। इस कारण उन्हें दो बार मेडिकल हेल्प भी लेनी पड़ी के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी। जोकोविच ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनायी।

जोकोविच ने कहा, ''मैं मैच के दौरान काफी परेशान था पर किसी प्रकार दवा लेकर खेलने में सफल रहा।'' वहीं एक अन्य मुकाबले में ज्वेरेव को आर्थर रिंडरक्नेच ने पांच सेटों तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हराया। महिला एकल की बात करें तो गॉफ पहले दौर में ही हार गयी। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। वहीं इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर में ही हार कर बाहर हो गये। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर हो गये हैं।



**भारत ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन 5 विकेट पर 270 रन बनाये: बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज 2025 के दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 267 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया की शुरुआत केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने की। 9वें ओवर में राहुल 2 रन बनाकर आउट हो गए।



सत्ता सुधार

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष शब्द मूल रूप से संविधान में नहीं था, इसे बाद में जोड़ा गया। इसलिए यह भारतीय संविधान की प्रकृति से मेल नहीं खाता और यह मुद्दा बार-बार उठाया जाता है। धर्म का मतलब है सही और गलत के बारे में सोचना और सही को अपनाना और गलत को अस्वीकार करना।



# पूर्व एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल की बेटी शिवानी की बढ़ीं मुश्किलें

## सीबीआई की छापेमारी, एनसीआर मेडिकल कॉलेज की मान्यता में फर्जीवाड़ा और घूसखोरी का आरोप

सत्ता सुधार ■ मेरठ

एनसीआर मेडिकल कॉलेज की मान्यता में फर्जीवाड़े और घूसखोरी के आरोप में सीबीआई ने डॉ. सरोजिनी अग्रवाल की बेटी डॉ. शिवानी सहित 35 लोगों पर केस दर्ज कर छापेमारी की। सीबीआई की ओर से पूर्व एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल की बेटी शिवानी अग्रवाल पर केस दर्ज होने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ेंगी। उन पर एनसीआर मेडिकल कॉलेज की मान्यता में घूसखोरी का आरोप है। शिवानी मेडिकल कॉलेज की सहायक प्रबंध निदेशक हैं। खरखौदा स्थित नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज में एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ाने के लिए मेडिकल कॉलेज की तरफ से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) में आवेदन किया गया था। यहां 150 सीटें हैं। एनएमसी टीम जांच के लिए मेडिकल कॉलेज आई थी। आरोप हैं कि 50 सीटें बढ़ाने के लिए जो दावे किए गए थे, वह यहां नहीं मिले, बल्कि अनुकूल मान्यता रिपोर्ट के लिए फर्जी



फैकल्टी की तैनाती दर्शाई गई। काल्पनिक रोगियों का फैकल्टी से इलाज दिखाया गया। फैकल्टी की उपस्थिति दिखाने के लिए बायोमेट्रिक से छेड़छाड़ की गई। मान्यता रिपोर्ट के लिए मोटी रिश्वत का ऑफर दिया गया।

पहले रिपोर्ट दर्ज की, फिर मारा छापा - सीबीआई ने 30 जून को डॉ. सरोजिनी की बेटी डॉ. शिवानी समेत 35 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसके बाद मंगलवार को लखनऊ में सीबीआई द्वारा मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दिलाने के नाम पर घूसखोरी में तीन डॉक्टरों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। 40 स्थानों पर छापा मारा, जिनमें इनमें डॉ. सरोजिनी का बेगमपुल के पास आवास और खरखौदा में उनका मेडिकल कॉलेज भी शामिल रहा। यहां नौ घंटे तक जांच की गई। इस दौरान मेडिकल कॉलेज से संबंधित पत्रावलियां कब्जे में लीं गई।

पूर्व एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल का कहना है कि एनसीआर मेडिकल कॉलेज में डेढ़ सौ सीट हैं। 50 सीटें बढ़ाने के लिए आवेदन किया था। दो दिन पहले निरीक्षण करने एनएमसी की टीम पहुंची थी। उन्होंने दावा किया कि टीम रिपोर्ट लिखकर गई कि सब मानक ठीक पाए गए हैं। डॉ. सरोजिनी ने दावा किया कि सीबीआई को भी सब कुछ आवास पर सही मिला।

# बांध हुए लबालब, नल खाली मानसून में भी टैंकरों पर टिका पुणे

शिवानी शर्मा ■ पुणे

जहां एक ओर पुणे में मानसून सक्रिय है और बांधों में भरपूर पानी जमा है, वहीं दूसरी ओर शहर के कई हिस्से अब भी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं। इससे पुणे महानगरपालिका की जल वितरण व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। दो महीने से अच्छी बारिश के बावजूद हर दिन औसतन 1300 टैंकरों से शहर और उपनगरों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। जानकारों के अनुसार, यह दर्शाता है कि जल प्रबंधन तंत्र अभी भी पूरी तरह सक्षम नहीं हो सका है।

**डैम फुल, पर टैंकर चालू :** खड़कवासला डैम समूह में वर्तमान में 15.74 टीएमसी पानी का भंडारण है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब चार गुना अधिक है। इसके बावजूद सिंहगढ़ रोड, पर्वती, येरवडा, भोसरी, बाणेर-बालेवाड़ी, और हडपसर जैसे क्षेत्रों में नागरिकों को टैंकर से पानी लेना पड़ रहा है। मनपा की बहुप्रतीक्षित 24×7 जल आपूर्ति योजना अब भी अधर में है। योजना को लेकर घोषणाएं कई बार की जा चुकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन नहीं हुआ है। यही वजह है कि शहर की जल वितरण प्रणाली मानसून में भी चरमराई हुई है।

**टैंकर माफिया सक्रिय:** स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि टैंकर माफियाओं का दबदबा बना हुआ है। टैंकर संचालक कई क्षेत्रों में मनमाने दामों पर पानी बेच रहे हैं, जिससे नागरिकों का आर्थिक बोझ बढ़ा है।

### आंकड़े चौंकाने वाले

पिछले तीन महीनों में शहर में हुए टैंकर सप्लाई की संख्या 5,761 टैंकरों तक पहुंच गई है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़मी है कि जब शहर के डैम लबालब भरे हैं, तो जल संकट का असली कारण क्या है?

**कब सुधरेगा वितरण प्रबंधन:** पानी का भंडारण तो है, लेकिन वितरण में गड़बड़ी, योजनाओं की धीमी गति और प्रशासनिक उदासीनता ने शहर को मानसून में भी जल संकट की स्थिति में डाल दिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### शांति और सद्भाव के लिए पुणे में 21 दिवसीय अतिरुद्र महायज्ञ का आयोजन

**पुणे।** विश्व में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रसार हेतु पुणे स्थित श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट और सुवर्णयुग तरुण मंडल की ओर से 21 दिवसीय अतिरुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यह यज्ञ 5 जुलाई से 25 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक मंदिर के सभा मंडप में संपन्न होगा। 65 ब्रह्मवृंदों की उपस्थिति में यह महायज्ञ संपन्न होगा, जिसकी शुरुआत शनिवार, 5 जुलाई को महासंकल्प, नंदी श्रद्ध, पुण्यवाचन, गणेश अर्चना और रुद्र होम के साथ होगी। अतिरुद्र महायज्ञ, केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का वैज्ञानिक व आध्यात्मिक स्रोत है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील रासने के अनुसार, इस यज्ञ के दौरान रुद्र होम, नवग्रह होम, गणेश यज्ञ, दुर्गा होम, महालक्ष्मी होम, विष्णु सहस्रनाम अर्चना, पार्वती स्वयंवर होम समेत कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। यज्ञ की पूर्णाहुति 25 जुलाई शुक्रवार को की जाएगी, जिसमें 33 करोड़ देवी-देवताओं की उपस्थिति की कामना के साथ वनौषधियों का होम किया जाएगा।

### अखिलेश की सुरक्षा में चूक मंच पर पहुंचा युवक

**आजमगढ़।** पूर्व सीएम अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए आजमगढ़ पहुंचे। सपा मुखिया और पूर्व सीएम अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को दोपहर में अनवरगंज पहुंचे। यहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान इंजिनियर सुनील यादव और लल्लन चौहान ने समर्थकों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सीएम की सुरक्षा में चूक हुई। एक युवक अचानक घेरे को तोड़ते हुए मंच पर पहुंच गया। पुलिस ने उसे आनन-फानन पकड़ लिया और उससे पूछताछ शुरू की।

### ट्रेन में पकड़ा गया फर्जी टीटीई

**अलीगढ़।** राजेंद्र नगर टर्मिनल स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन में संदिग्ध अवस्था में टीटीई की वर्दी में एक व्यक्ति दिखाई दिया। शक होने के बाद पूछताछ करने पर वह व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। अलीगढ़ जीआरपी ने ट्रेन में एक फर्जी टीटीई को पकड़ा है। वह टीटीई की वर्दी पहन कर यात्रियों की टिकट देखता था और उनसे वसूली करता था। फर्जी टीटीई पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि राजेंद्र नगर टर्मिनल स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन में संदिग्ध अवस्था में टीटीई की वर्दी में एक व्यक्ति दिखाई दिया।

संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया फैसला

# सख्ती : रिन्यू न कराने पर 551 वाहनों के परमिट होंगे निरस्त

## सात वाहनों का निरस्त किया जा चुका है पंजीकरण

सत्ता सुधार ■ कानपुर

परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि स्थायी स्टेज कैरिज, कानपुर नगर बस परमिट, स्कूल बसों, वैन, टेंपो और ऑटो रिक्शा के वे परमिट जिनकी वैधता पांच वर्ष से अधिक समय पूर्व समाप्त हो चुकी है और जिनका नवीनीकरण नहीं कराया गया। उन मामलों पर विचार कर परमिट निरस्तीकरण का निर्णय लिया गया है। कानपुर में पांच वर्षों में परमिट रिन्यू नहीं कराने वाले 551 वाहन स्वामियों का परमिट निरस्त किए जाएंगे। यह फैसला बुधवार को मंडलायुक्त शिविर कार्यालय में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया। इस दौरान सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने, नियमों का सख्ती से पालन कराने व लंबित परमिट प्रकरणों पर चर्चा की गई। जिन रूटों पर अभी सार्वजनिक बसें नहीं चल रही हैं। वहां बस संचालन की संभावना तलाशने और जरूरत के अनुसार प्रस्ताव तैयार करने,



सिटी बसों की संख्या बढ़ाने, 28 सीटर बसों के संचालन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जहां आवश्यकता हो, वहां अनुबंध के माध्यम से बसें चलाने की बात कही गई। प्रवर्तन की कार्रवाई तेज करने के साथ ही उसमें आधुनिक तकनीक का उपयोग करने पर जोर दिया गया। तय हुआ कि जिन वाहन चालकों के तीन या उससे अधिक बार चालान हो चुके हैं। उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में ओवरलोडिंग के कारण सात वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है। परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि स्थायी स्टेज कैरिज, कानपुर नगर बस परमिट, स्कूल बसों, वैन, टेंपो और ऑटो रिक्शा के वे परमिट जिनकी वैधता पांच वर्ष से अधिक समय पूर्व समाप्त हो चुकी है और जिनका नवीनीकरण नहीं कराया गया। उन मामलों पर विचार कर परमिट निरस्तीकरण का निर्णय लिया गया है।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

अब तक ऐसे 3,430 वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। जिन बसों का संचालन अंतर्संभागीय मार्गों पर बिना प्रति हस्ताक्षर कराए किया जा रहा था। उनके परमिट धारकों से शमन शुल्क और प्रति हस्ताक्षर शुल्क जमा कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार, उप परिवहन आयुक्त आरआर सोनी, आरटीओ प्रशासन राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरएम रोडवेज रामलवट व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 28 दिव्यांगों को परमिट देने पर होगा विचार

बैठक के दौरान पनकी स्थित भारत दिव्यांग सेवा कार्यालय के राष्ट्रीय संस्थापक व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव के 28 दिव्यांगों को कानपुर-शुक्लागंज-उन्नाव के बीच सीएनजी ऑटो-रिक्शा व टेंपो परमिट दिए जाने की मांग पर भी चर्चा की गई। तय हुआ कि इस पर विचार किया जाएगा।

पुणे मेट्रो पर सवार हुआ शहर

# जून में सफर करने वालों ने बनाया नया कीर्तिमान

सत्ता सुधार ■ पुणे

पुणे मेट्रो की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। जून महीने में मेट्रो से यात्रा करने वालों की संख्या रिकॉर्ड 52 लाख 57 हजार तक पहुंच गई, जो अब तक का सर्वाधिक मासिक यात्री आंकड़ा है। यह पहली बार है जब मेट्रो ने एक महीने में 50 लाख यात्रियों का आंकड़ा पार किया है। महामेट्रो की ओर से वनाज-रामवाडी और पिंपरी-स्वारगेट रूटों पर सेवाएं दी जा रही हैं। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 70 हजार से अधिक नागरिक मेट्रो से सफर कर रहे हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। उल्लेखनीय है कि गणेश विसर्जन के दिन मेट्रो से सफर करने वालों की संख्या 3 लाख 46 हजार के आंकड़े को पार कर गई थी। जहां एक ओर यात्रियों की संख्या बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर मेट्रो की कमाई में भी बढ़त देखी जा रही है। जून महीने में मेट्रो को ?2 करोड़ 33 लाख 50 हजार की आय हुई है। हालांकि, मई में यह आय 2 करोड़ 72 लाख और यात्रियों की संख्या 47 लाख 62 हजार थी। महामेट्रो अधिकारियों के अनुसार, आने वाले महीनों में और अधिक यात्रियों की उम्मीद है, खासकर बारिश के मौसम में जब मेट्रो सड़क यातायात का बेहतर विकल्प बनती है।

# पीएमपीएमए बस पर टूटा मौत का साया , पर बच गईं 70 जिंदगियां

**पुणे।** पिंपरी स्थित कालभोर नगर में आज सुबह एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब पुणे-मुंबई पुराने हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रही पीएमपीएमए बस पर एक विशाल पेड़ गिर पड़ा। बस में उस समय करीब 70 यात्री सवार थे, लेकिन सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। घटना सुबह लगभग 10 बजे की है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, यह पेड़ फुटपाथ के किनारे लगा हुआ था, जहां पास ही केबल डालने का कार्य चल रहा था। इस काम के चलते पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं, जिससे पेड़ संतुलन खो बैठा और तेज़ी से गुजर रही बस पर गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बस में फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पेड़ को हटाने का काम तत्काल किया गया और कुछ ही समय में यातायात व्यवस्था सामान्य हो गई। बस क्षतिग्रस्त, लेकिन यात्री सुरक्षित- हालांकि बस के ऊपरी हिस्से को नुकसान हुआ है, लेकिन यात्रियों की सतर्कता और किस्मत के चलते कोई चोटिल नहीं हुआ।

# जबरन धर्मांतरण करवाए गए 15 लोगों की हुई घर वापसी

### शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच हुई हिंदू धर्म में वापसी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

विश्व हिंदू रक्षा परिषद की मदद से शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार के साथ शुद्धिकरण का आयोजन किया गया और जबरन मुसलमान बनाए गए लोगों की घर वापसी हुई। परिषद के अध्यक्ष ने धर्मांतरण को लेकर बड़े आरोप लगाए। राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को जबरन हिंदू धर्म से इस्लाम में धर्मांतरण कराए गए 15 लोगों की घर वापसी कराई गई।

लखनऊ के गोमती नगर में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के सदस्यों द्वारा शंख ध्वनि और मंत्रोच्चारण के साथ इन 15 लोगों की विधिवत हिंदू धर्म में वापसी कराई गई। इस



मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने जानकारी दी कि बलरामपुर में गजवा-ए-हिंद का मजबूत चेहरा छांगुर पीर मोहम्मद अहमद खान और अब्दुल माबूद रजा लोगों का जबरन या जाल रचकर धर्मांतरण करवाते हैं। कुछ लड़कियां जो अपने माता पिता की इकलौती संतान हैं या कमजोर वर्ग की थीं उन्हें शिकार बनाया गया। धर्म बदलने के अलावा उनकी संपत्तियों पर भी कब्जा किया। इन लोगों को विदेशों से अच्छी खासी फंडिंग मिलती है। गोपाल राय ने इस पूरे मामले की जांच कर जाने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ समेत कई थानों में इनके ऊपर मुकदमें हैं।

# बनारस में बारिश का असर : गिल्ट बाजार चौराहे के पास धंस गई सड़क

### 12 फीट गहरा हुआ गड्ढा सीवर लीकेज की जांच शुरू

**वाराणसी।** वाराणसी में बारिश का असर सड़कों पर पड़ रहा है। शहर की अधिकांश सड़कें धंस गई हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। गिट्टियां उखड़ गई हैं। वाराणसी जिले में बारिश के बाद शहर से लेकर देहात तक की स्थिति बद से बदतर हो गई है। शहर की अधिकांश सड़कें धंस गई हैं। बृहस्पतिवार को गिल्ट बजार चौराहे के पास स्कूल के सामने बीच सड़क पर लगभग 12 फीट गहरा गड्ढा हुआ। आनन- फानन में यहां पुलिस बैरिकेड लगाया गया। सड़क के नीचे से सीवर की लाइन गई है। ऐसे में सूचना मिलने पर सीवर लीकेज की चेकिंग के लिए मौके पर लोक निर्माण विभाग और जलकल की पहुंच गई। बता दें कि पिछले तीन दिनों तक हुई बारिश के बाद शहर की अधिकांश सड़कें धंस गई। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए। गिट्टियां उखड़ गई। जहां सड़कों पर दो से तीन इंच के गड्ढे थे, अब उनकी गहराई 12 इंच हो गई है। इनका असर शहर की यातायात पर भी पड़ रहा है। आकाशवाणी से महमूरगंज मार्ग के दोनों तरफ की स्थिति खराब है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक् साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं सिद्धेश्वर नगर आईटीआई कॉलेज के पास झांसी से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. यूपीएचआईएन/2007/22048 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट ।शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।